आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 139, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा 14

रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम 13

सुनक हटे, कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन में शुक्रवार 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 650 में से 412 सीटें मिली हैं। किंग चार्ल्स तृतीय ने बकिंघम पैलेस में बैठक के दौरान स्टार्मर को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसी के साथ स्टार्मर आधिकारिक तौर पर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 वर्ष के इंतजार के बाद वापस सत्ता में आई है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। इस बीच लेबर पार्टी नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीर स्टार्मर को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि कीर स्टार्मर को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास, समृद्धि को बढ़ावा देने, भारत-यूके व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने करे सकारात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

ब्रांड को वैश्विक स्तर पर लाने के हों प्रयास: मुख्यमंत्री

- अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर सीएम ने की हाउस ऑफ हिमालयाज की विधिवत लांचिंग
- राज्य के सभी जिलों में बनेंगे रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के अम्ब्रेला ब्रांड "हाउस ऑफ़ हिमालयाज़" एवं अमेजन इंडिया के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में करार किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने अमेजन इंडिया के ई-मार्केटिंग पोर्टल पर "हाउस ऑफ़ हिमालयाज़" की विधिवत लांचिंग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्रांड को लांच करने का उद्देश्य प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है।

बाद में मुख्यमंत्री धामी ने ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा में अधिकारियों को उत्तराखंड के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' को वैश्विक स्तर पर ले जाने की योजना को सितंबर तक पूर्ण रूप से धरातल पर लाया जाए। उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। हवालबाग और कोटद्वार में बनाए गए रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर की तरह ही राज्य के सभी जनपदों में जल्द ही रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर सेंटर बनाए जाएं। युवाओं और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़ी 15 महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित किया जाए, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपदवार रैंकिंग की व्यवस्था भी की जाए। अमृत सरोवरों के निर्माण और मेंटेनेंस पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। 'मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना' के तहत गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए।

बैठक में बताया गया कि लखपति दीदी योजना के तहत राज्य में अभी तक 93 हजार महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। 2026 तक 2.50 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत राज्य में 66,596 आवास बनाए गए हैं। एनआरएलएम के तहत राज्य में 66,459 समूहों का गठन किया गया है। जिसमें 5.06 लाख परिवारों को लाभ मिल रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, राधिका झा, अपर सचिव सविन बंसल, मनुज गोयल, कर्मेन्द्र सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

देहरादून में ग्राम्य विकास विभाग की मीटिंग लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

बाबा भोले लापता, आश्रमों पर छापा

हाथरस हादसा | मैनपुरी स्थित आश्रम में घुसी पुलिस, नोएडा में कार्रवाई की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : हाथरस हादसे में प्रवचनकर्ता बाबा भोले फिलहाल लापता हैं। पुलिस उनके अलग-अलग आश्रमों का पता लगाकर छापेमारी कर रही है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने मैनपुरी स्थित आश्रम में छापा मारा। कहा जा रहा है कि पुलिस यहां से दो वाहन भी उठा कर ले गई है। इसी तरह नोएडा स्थित एक आश्रम का भी पता चला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आश्रम अवैध है, ऐसी स्थिति में आश्रम पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

मैनपुरी स्थित आश्रम पर रात 12 से एक बजे के बीच छापा मारा गया था। इस दौरान पुलिस आश्रम के अंदर एक घंटे तक मौजूद रही। पुलिस के बाहर आने के दौरान देखा गया कि आश्रम के अंदर खड़े दो अतिरिक्त वाहन लेकर जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने हल्ला उड़ाया कि पुलिस बाबा को गिरफ्तार करके ले जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है। बाबा साकार विश्वहरि के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इन गाड़ियों में कौन था इसका पता नहीं चल सका है। उधर, गौतमबुद्धनगर में नोएडा के सेक्टर 87 में वर्ष 2021 में निर्मित आश्रम पर कार्रवाई की तैयारी की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम में शनिवार और रविवार को कीर्तन होता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आश्रम बनने के बाद बाबा यहां सिर्फ एक बार आए हैं।

पीड़ितों से मिले राहुल, कहा-प्रशासन से चूक हुई

हाथरस। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना किसी देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया। हाथरस में शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद गांधी ने कहा कि यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है। गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से चूक हुई है। पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी। हाथरस से पहले गांधी ने अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे।

अलवर में साम्राज्य का पता चला :

भोले बाबा का साम्राज्य उप्र. ही नहीं बल्कि राजस्थान में भी पाया गया है। अलवर जिले में एक आश्रम में बाबा 2020 और 2021 में रुके थे। इस आश्रम में तमाम सुख सुविधाएं मौजूद बताई जा रही हैं। यहां के एक सेवादार ने बताया कि बाबा ने पूरे एक वर्ष तक यहां प्रवचन दिया था। आसपास के लोग उनके चरणों की धूल लेने आते थे। इसी आश्रम में बाबा की पत्नी (मैया जी) का भी कमरा बताया जा रहा है। डेढ़ बीघे में फैले इस आश्रम की भी पुलिस जांच करेगी।

मुख्य सचिव व डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिलकर की ब्रीफिंग

- जांच रिपोर्ट में हादसे के मूल कारण और लापरवाही का जिक्र

लखनऊ। हाथरस दुर्घटना पर एसआईटी ने अपनी जांच लगभग तैयार कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में डीएम-एसपी समेत फिलहाल 100 से अधिक के लोगों के बयान दर्ज है। रिपोर्ट अभी शासन तक नहीं पहुंची है, हालांकि मुख्यमंत्री को इस संबध में मुख्य सचिव व डीजीपी ने ब्रीफिंग की है। शासन ने मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया। हादसे के बाद बुधवार सुबह तक राहत व बचाव कार्य और फिर दोपहर में मुख्यमंत्री घटनास्थल का दौरा रहने के चलते एसआईटी की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद जांच तेज हो गई। सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन-किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। और भी लोगों से पूछताछ पुलिस लाइन में हो रही है। गुरुवार रात तक करीब 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके थे। अब शासन स्तर से स्पष्ट होगा कि पूरे कांड में कौन-कौन दोषी है और किसने लापरवाही बरती है।

भीड़ पर जबरदस्ती पड़ी भारी

सूत्रों के मुताबिक, जांच में डीएम-एसएसपी सहित लगभग सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिस और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी आदि शामिल हैं। रिपोर्ट में भगदड़ का मूल कारण, लापरवाही और अनदेखियों का भी जिक्र है। कार्यक्रम स्थल पर जमीन के दलदली होने व सेवादारों की भूमिका को लेकर जिक्र किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोई एग्जिट गेट नहीं बनाया गया था। बाबा के करीब जाने के लिए लोग धक्का-मुक्की करने लगे थे। इन लोगों को सेवादारों ने डंडा दिखाकर रोकना चाहा। इस बड़े कारण से भगदड़ होने की बात कही जा रही है।

नीट-यूजी रद करना जनहित के प्रतिकूल

- एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है। उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।

एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और सामूहिक कदाचार का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है। एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को नीट-यूजी आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

11 अगस्त को दो पालियों में होगी नीट-पीजी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुनः निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।

एक नजर

अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार : लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है और अगले महीने की शुरुआत में गिर सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। प्रसाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में 4 राज्यों में ईडी का छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में छापे मारे हैं। ईडी ने कहा कि 3 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 लाख रुपये, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। ईडी, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक

आबकारी घोटाला

केजरीवाल की बेल याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत (बेल) याचिका पर सीबीआई से शुक्रवार को जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी और उनकी हिरासत अवैध है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रमुख के भागने का खतरा नहीं है।

अमृतपाल व अब्दुल रशीद ने ली सांसद पद की शपथ

नई दिल्ली। पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। रशीद आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। सिंह (31) और रशीद (56) ने जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था।

राज्य में पीएम-श्री योजना के तहत 84 स्कूल चयनित

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से स्कूलों के विकास को 61.19 करोड़ मंजूर

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री) के तहत राज्य में 84 विद्यालयों का चयन किया जा चुका है। इससे पूर्व पहले चरण में 141 विद्यालयों का चयन हो गया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने इन विद्यालयों में ढांचागत विकास एवं नवाचारी गतिविधियों के लिए 61.19 करोड़ की मंजूरी प्रदान की है।

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड ने पीएम-श्री योजना के अंतर्गत द्वितीय चरण में प्रदेश के 84 विद्यालयों का चयन कर उनके ढांचागत विकास एवं नवाचारी गतिविधियों के लिये 61.19 करोड़ की धनराशि को मंजूरी दे दी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत बच्चों को स्कूल से जोड़ने व उन्हें स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत पीएम-श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में आईसीटी एवं डिजिटल सुविधा, डिजिटल टीवी, डिजिटल बोर्ड, ऑडियो-विजुअल सिस्टम, बैण्ड सेट, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बारिश व भूस्खलन से कुमाऊं में दर्जनों सड़कें अवरुद्ध

- टनकपुर-तवाघाट हाईवे शुक्रवार को घंटो बाधित रहा, मंडल के छह जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते कुमाऊं भर में दर्जनों सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। मलबा आ जाने से टनकपुर-तवाघाट हाईवे घंटों बाधित रहा। जिससे सैकड़ों वाहन हाईवे पर फंसे रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक कुमाऊं में रेड अलर्ट घोषित है और भारी बारिश का अनुमान है।

बारिश और भूस्खलन से पहाड़ में यातायात बाधित हो रहा है। नैनीताल जिले में छोटी-बड़ी करीब दर्जन भर सड़कें भूस्खलन की वजह से बंद हो गई। अल्मोड़ा जिले में आठ सड़कें बाधित हुई थी। बाद में चार सड़कों को खुलवा दिया गया। पिथौरागढ़ जिले में स्वांला के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आ जाने से टनकपुर-तवाघाट हाईवे बाधित हो गया। इसके चलते तीन सौ से अधिक यात्री जाम में फंस गए। दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर टनकपुर के ककराली गेट पर चंपावत की तरफ जाने वाले वाहनों को रोक दिया। टनकपुर एसडीएम आकाश जोशी के नेतृत्व में प्रशासन की तरफ से हाईवे पर फंसे यात्रियों को खाने के पैकेट, पानी की बोतल समेत अन्य जरूरी सामान दिया गया। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को भी मंडल के सभी जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

बिहार में पुल ढहने के मामले में 14 अभियंता निलंबित

- 17 दिन में 10 पुलों के ढहने के मामले में सरकार की कार्रवाई

पटना, एजेंसी

बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। लगातार पुल ढहने की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। राजद के तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसे थे। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर राज्य के सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए हैं।

महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को विधेयक

मुंबई। परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार को रोकना है। इस विधेयक में अपराधियों को पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। विधानसभा में मंत्री शंभुराज देसाई ने महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक के तहत, प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य होंगे।

सरोगेसी से मां बनीं महिलाओं को भी मातृत्व अवकाश का हक

उड़ीसा हाईकोर्ट ने किराए पर कोख लेकर मां बनी महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी व्यवस्था

भुवनेश्वर, एजेंसी

- तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का कोर्ट ने दिया निर्देश

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने हाल में व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। याचिकाकर्ता ने 2020 में यह याचिका दायर की थी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। इसलिए उन्होंने सरकार के विरूद्ध उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, उसी तरह एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी उसकी (बच्चे की) देखभाल के लिए 180 दिन की छुट्टी मिलती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि लेकिन किराए की कोख के माध्यम से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यदि सरकार गोद लेकर मां बनने वाली महिला को मातृत्व अवकाश दे सकती है तो उस माता को मातृत्व अवकाश से वंचित करना सर्वथा अनपयुक्त होगा जिसे किराए की कोख देने वाली महिला के गर्भ में संतान पाने को इच्छुक दंपति के अंडाणु या शुक्राणु से तैयार भ्रूण के अधिरोपण के बाद इस प्रक्रिया से बच्चा मिला हो।

उच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सभी नई माताओं के प्रति समान बर्ताव एवं सहायता सुनिश्चित करने के लिए उन (महिला) कर्मियों को भी मातृत्व अवकाश दिया जाए, भले ही वह किसी भी तरह मां क्यों न बनी हों।

उच्च न्यायालय ने कहा कि इन माताओं को मातृत्व अवकाश देने से यह सुनिश्चित होता है कि उनके पास अपने बच्चे के लिए स्थिर एवं प्यार भरा माहौल तैयार करने के लिए जरूरी वक्त होता है तथा जच्चा एवं बच्चा के कल्याण को बढ़ावा मिलता है। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को इस आदेश की सूचना मिलने के तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश प्रदान करने का निर्देश दिया।

एक नजर

फड़ व्यवसाइयों ने रजत जयंती समारोह मनाया

नैनीताल : खोखा फड़ व्यवसाई कल्याण समिति के शुक्रवार 25 वर्ष पूरे होने पर फड़ व्यवसाइयों ने समिति का रजत जयंती समारोह मनाया। इस दौरान सभी फड़ व्यवसाइयों ने समिति के अध्यक्ष दीवान सिंह के कार्यों की सराहना की। दीवान सिंह ज़िन्दाबाद के नारे भी लगाए। समिति के अध्यक्ष ने इन 25 वर्षों में कई मुकदमे झेले और वह कई बार जेल भी गए। अन्त में समिति के अध्यक्ष ने समारोह का समापन किया। इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष विजय कुमार, कोषाध्यक्ष बालम सिंह, सचिव केशीराम, उपसचिव खुशाल सिंह नेगी, जसप्रीत कौर, सचिन सोनकर, हीरा वल्लभ शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण जारी

भीमताल : भीमताल में असामाजिक तत्वों की ओर से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है, जहां लोग सरकारी भूमि पर भवन आवास आदि बनाते हैं वहीं कई लोगों ने अब ऐसी भूमि पर अपने होटल रिसॉर्ट आदि की पार्किंग बना डाली है। ऐसा ही एक मामला खुटानी के समीप दो होटलों में देखने को मिल रहा है। इन होटल स्वामियों के द्वारा ना केवल अपने होटल व रिसॉर्ट आदि की पार्किंग बनाई हुई है बल्कि बकायदा उसमें टाइल्स आदि भी लगा दिए हैं। भीमताल वासियों का कहना है कि एक ओर गरीब व्यक्ति अपने लिए एक टिन शेड भी बनाता है तो तमाम विभागों के नोटिस उस तक तत्काल पहुंच जाते हैं वहीं दूसरी तरफ रसूकदार लोग जो खुले आम अवैध निर्माण कर रहे हैं उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं कई लोगों ने इस बार अवैध निर्माण को नगर निकाय का मुद्दा होने की बात भी कही है। वहीं इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो कोई भी कुछ कहने को तैयार नहीं दिखा।

शराब पीकर कार चलाने पर गिरफ्तार, वाहन सीज

भीमताल : भीमताल पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने और कार को लहराने पर एक कार चालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जगदीप सिंह नेगी और पुलिस टीम ने कार चालक को चेकिंग के दौरान पकड़ा। चालक के शराब के नशे में पाए जाने पर चालक विरेन्द्र सिंह पुत्र सोबन सिंह निवासी गांव हाट बसुरीशेरा बगवालीपोखर थाना द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा का मेडिकल कराकर वाहन को एमवी एक्ट की धारोओं में सीज किया।

स्कूलों को एसओपी बनाने के निर्देश दिए

हल्द्वानी : मानसून में आपदा की दृष्टि से स्कूलों में संवेदनशीलता बनी रहती है। इसे देखते हुए प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों की संवेदनशीलता के अनुसार एसओपी बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नहीं बैठाने और उस परिसर में बच्चों की आवाजाही बंद करने को कहा है। जीर्ण-शीर्ण विद्यालयों की मरम्मत या पुनर्निर्माण व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्यालय को उपलब्ध कराने, स्कूलों के आसपास संवेदनशील पेड़, पुराने बिजली के खंभे, झूलते हुए तार हों तो इसे तत्काल हटाने, स्कूलों के आसपास नदी-नाले होने पर बच्चों को इन जगहों पर जाने से प्रतिबंधित करने और अभिभावकों से संपर्क कर आवाजाही के लिए रास्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पीएम पोषण योजना में खाद्यान्न, फल और सब्जियों की गुणवत्ता चेक करने, साफ पानी की व्यवस्था करने, डेंगू-मलेरिया आदि बीमारियों से बचने के लिए साफ-सफाई रखने सहित अन्य जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

एचआईवी की बात छिपाकर शादी की, पत्नी भी पॉजिटिव

महिला को शादी के बाद पता चला, विरोध पर करने लगे प्रताड़ित

संवाददाता, हल्द्वानी

मुकदमा दर्ज

- घर पर कराया प्रसव, बीमारी से महिला के बेटे की मौत हो चुकी
- जबरन गर्भपात करवाकर मारपीट करने का आरोप

अमृत विचार : बनभूलपुरा क्षेत्र में रहने वाली महिला को शादी के बाद पता चला कि शादी के समय उसका पति एचआईवी पॉजिटिव था। जिस वजह से महिला भी एचआईवी पॉजिटिव हो गई। महिला ने जब इसको लेकर विरोध जताया तो ससुराल वालों ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यहां तक की महिला के एक बच्चे का गर्भपात भी ससुराल वालों ने करवा दिया।

बनभूलपुरा क्षेत्र की एक महिला का विवाह 10 जून 2020 को उसी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ हुआ। शादी के बाद 31 जुलाई 2021 को उसने एक बेटे को जन्म दिया। महिला का आरोप है कि उसके ससुराल वालों ने कहने के बाद भी प्रसव के लिए उसे अस्पताल में भर्ती नहीं कराया और घर में ही प्रसव कराया। जिस वजह से उसके बच्चे को संक्रमण हो गया और तीन माह बाद उसके बेटे की मौत हो गई।

इसके बाद महिला का स्वास्थ्य भी खराब रहने लगा। उसने अस्पताल मे जांच कराई तो पता चला कि वह एचआईवी पॉजिटिव है। जब उसने अपने पति से पूछा तो मालूम हुआ कि वह शादी के समय से ही एचआईवी पॉजिटिव है और यह बात छुपाकर शादी की गई है। मामला खुलने पर उसके ससुराल वालों ने उस पर दबाव बनाने के लिए दहेज मांगना शुरू कर दिया और पांच लाख रुपये नगद ओर एक गाड़ी की मांग करने लगे। साल 2022 में महिला फिर से गर्भवती हुई तो उसकी ननद ने उसे बुखार की दवा बताकर गर्भपात करने वाली दवा खिला दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया।

बताया कि तीन जुलाई 2024 को उसने घर के नीचे बंद पड़ी दुकान में से फ्रिज निकालने की बात कही। इस पर उसके जेठ, सास व ननद और उसके पति ने उससे मारपीट की और अधमरा कर दिया। इसी बीच घर के सामने से जा रहे उसके भाई ने देखकर पीड़िता की मां को सूचना दी। देर रात डायल 112 पहुंची और पीड़िता को अस्पताल भिजवाया गया। बनभूलपुरा पुलिस ने बताया कि बीएनएस और दहेज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

खुद को बताया सिद्धू मूसावाला का हत्यारा और मांगी रंगदारी

हल्द्वानी, अमृत विचार: एक ज्वेलर्स के पास व्हाट्सऐप पर रंगदारी मांगने का संदेश आया। रंगदारी मांगने वाले ने खुद को सिद्धू मूसावाला का हत्यारा बताया। रंगदारी न देने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पटेल चौक में सुरेश संस ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। इसके मालिक डहरिया निवासी अंकुर अग्रवाल हैं। बीती तीन जुलाई को उनके व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से संदेश आया। संदेश भेजने वाले ने लिखा कि उसने सिद्धू मूसावाला की हत्या की है। उसने अपना नाम अकिंत सरसा बताया और ज्वेलर्स से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर उसने व्यापारी को जान से मारने की धमकी तक दी। सर्राफा कारोबारी को यकीन दिलाने के लिए उसने दुकान का पता और उसका मोबाइल नंबर भी बताया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

आफत

- नदी और नालों के किनारे बसे लोगों की जान सांसत में है
- चुकुम गांव में पहले से की ग्रामीणों के लिए राशन की व्यवस्था

संवाददाता, रामनगर

भीमताल क्षेत्र के कालागर में सड़क पर गिरा मलबा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : लगातार तीन दिन से हो रही बारिश की वजह से नगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सारे दिन बाजार की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। बेशक बारिश की वजह से हल्द्वानी क्षेत्र के अलावा कई जगह भारी नुकसान की खबरे हैं, मगर रामनगर में अभी गनीमत है।

नदी नालों में भी कम पानी रहने से कोई नुकसान की खबर तो नहीं है मगर नदी व नालों के किनारे बसे लोगों की जान सांसत में रहती है। अगर पहाड़ों में तेज बारिश हुई तो कोसी नदी, सावलदे, ढेला नदियों के अलावा पनोद और धनगढ़ी नाले भारी तबाही मचा सकते हैं। खासकर चुकुम गांव के लोग इस समय ज्यादा भयभीत है क्योंकि हर साल तबाही लेकर आते हैं। हालांकि प्रशासन ने चुकुम गांव में पहले से ही ग्रामीणों के लिए राशन की व्यवस्था की हुई है।

साथ ही उनको अलर्ट भी किया गया है। उधर तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि सभी स्थानों पर स्थिति नियंत्रण में है। कहीं से भी कोई नुकसान की खबर नहीं है। सभी बाढ़ चौकियों को निर्देशित किया गया है कि पल पल की सूचना बनाए गए कंट्रोल रूम को बराबर दी जाए ताकि समय रहते प्रभावितों को राहत पहुंचाई जा सके।

निर्माणाधीन सड़क में भूस्खलन से आबादी को खतरा

भीमताल : विकासखंड ओखलकांडा की ग्राम सभा कालागर में निर्माणाधीन सड़क में भूस्खलन होने से कई मकानों को खतरा उत्पन्न हो गया है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना ऐरी ने अवगत कराया कि सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। पहाड़ी होने से पहाड़ी का एक बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे आ गया जिससे कुछ घरों को खतरा उत्पन्न हो गया है। वहीं बताया कि आबादी के साथ-साथ कृषि खेतों को भी खतरा है।

अराजक तत्वों ने तोड़ी सोलर पैनल की लाइटें

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे सुनियाकोट गांव में कुछ दिन पहले लगाई गई सोलर पैनल लाइटों को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर डाला। गांव के रास्ते पर लगाई गई लाइटों को नुकसान किए जाने से स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है। पंचायत प्रतिनिधियों ने मामले में कार्रवाई भर जोर दिया है।

हाइवे से सटे ताड़ीखेत ब्लॉक के सुनियाकोट गांव में अराजक तत्वों का बोलबाला बढ़ गया है। लोगों की सुविधा के लिए ब्लॉक मुख्यालय से मिली सोलर पैनल लाइटों को तीन सप्ताह पूर्व गांव के रास्ते पर स्थापित किया गया। लाइटों के लगने से गांव के बाशिंदों को रात के वक्त आवाजाही में काफी राहत मिली। लाइटें लगने से जंगली जानवरों का डर भी समाप्त है गया। पूर्व ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह परिहार के अनुसार सोलर पैनल में लगी बैटरी व लाइट को अराजक तत्वों ने पूर्णतः क्षतिग्रस्त कर डाला है। पूर्व प्रधान ने अराजक तत्वों के बुलंद होते हौसले पर चिंता जताई। ग्राम प्रधान नीमा देवी, पूर्व प्रधान शांति देवी, नारायण सिंह, देव सिंह, पान सिंह, खड़क सिंह, बचे सिंह, हीरा सिंह आदि ने घटना का खुलासा किए जाने तथा अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

315.75 लाख से निर्मित भवन पहली बारिश में लीक होने लगा

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : ग्रामीण निर्माण विभाग की ओर से नव निर्मित विकासखंड भीमताल कार्यालय का भवन पहली बरसात ही नहीं झेल पाया। बारिश में नये भवन में कई स्थानों से पानी रिस रहा है, जिससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों में रोष है। जनप्रतिनिधियों ने भवन निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। बता दें कि इस भवन के निर्माण 315.75 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई। ब्लाक प्रमुख ने पानी के रिसाव के साथ साथ भवन में अन्य कमियों के होने का भी आरोप लगाया है। बताया कि इन कमियों को ठीक करने के लिए बार-बार विभाग को मौखिक एवं लिखित रूप से सूचित किया गया लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस भवन का निर्माण ग्रामीण निर्माण विभाग के द्वारा किया गया है। ब्लॉक प्रमुख भीमताल डा. हरीश सिंह बिष्ट ने ग्रामीण निर्माण विभाग के ऊपर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

बारिश में छत से होता पानी का रिसाव।

आगामी 20 जुलाई को क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक होनी है जिसमें जिले के तमाम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। ऐसे में विभाग द्वारा कार्यों को सुधारा नहीं किया गया तो बैठक स्थगित की पूर्ण जिम्मेदारी विभाग की रहेगी। - **डा. हरीश बिष्ट**, ब्लाक प्रमुख, भीमताल

अल्मोड़ा जनपद के मोहान और मरचूला के बीच भखराकोट स्थित नाले में रपटे से नीचे उतरी कार को निकालते लोग। इस बीच नाले के रौद्र रूप से दोनों ओर यातायात कुछ देर के लिए ठप हो गया। यह तस्वीर सल्ट महादेव से लौट रहे शिक्षक सन्तोष तिवारी की ओर से सुधि पाठकों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

शॉर्ट टर्म टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम से दिया सी-टेट पास करने का मंत्र

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : हरमन माइनर डिग्री कॉलेज शिक्षण संस्थान ने शुक्रवार को शॉर्ट टर्म टीचर्स ट्रेनिंग प्रोगाम का आयोजन किया। इस मौके पर बताया गया कि सी-टेट की परीक्षा को ध्यान में रखकर प्रत्येक वर्ष 10 दिवसीय प्रोग्राम कराया जाता है। परीक्षा का आयोजन वर्ष में दो बार होता है इसलिए संस्थान की ओर से भी इसका आयोजन वर्ष में दो सत्रों में किया जाता है।

प्रथम सत्र का आयोजन जून के अंतिम सप्ताह से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक 10 दिनों तक चलता है जबकि द्वितीय सत्र दिसम्बर के अंतिम सप्ताह से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक 10 दिनों तक चलता है। यह कार्यक्रम सी-टेट परीक्षा की तैयारी के लिए मुख्य परीक्षा के एक माह पूर्व आयोजित किया जाता है, जिसमें संस्थान के विषय विशेषज्ञ अपने-अपने विषय से सम्बन्धित जानकारी देते हैं। कक्षाएं ऑनलाइन गूगल मीट पर आयोजित की जाती हैं, जिसका सीधा प्रसारण यू-ट्यूब, इन्स्टाग्राम, फेसबुक पर उपलब्ध होता है। शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन हरमन माइनर शिक्षण संस्थान की प्राचार्य डॉ मुक्ता एवं प्राध्यापकों द्वारा कराया गया, जिसमें आयोजनकर्ता के रूप में डॉ मंजू नेगी, नितिन भगवाल, राहुल कुमार सहित संस्थान के सभी प्राध्यापकों की भागीदारी रही।

हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल लोग।

लैपर्ड कैट के बच्चे बने आकर्षण का केंद्र

नैनीताल : नैनीताल की ठंडी सड़क पाषाण देवी मंदिर के समीप लैपर्ड कैट के खेलते बच्चे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। लोगों की ओर से बनाई गई वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं।

बता दें कि नैनीताल की ठंडी सड़क में बीते तीन दिनों से तीन लेपर्ड के बच्चे खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। बच्चों को खेलता देख कई लोगों ने वीडियो भी बनाई हैं, जो खूब वायरल भी हो रही हैं। लैपर्ड के बच्चे वहां मौजूद गुफा में रह रहे हैं। क्षेत्र में मौजूद लैपर्ड कैट के बच्चे लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर क्षेत्र का निरीक्षण किया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि ठंडी सड़क क्षेत्र जंगल से जुड़ा हुआ क्षेत्र है। यहां लैपर्ड कैट के बच्चे दिखना आम बात है।

बीएसएनएल का टावर बन गया है सफेद हाथी

संवाददाता, रामनगर

परेशानी

- दो महीनों से टावर ठप होने से उपभोक्ताओं में रोष
- अफसरों पर झूठे आश्वासन देकर मामला लटकाने का आरोप

अमृत विचार : रामनगर में डिग्री कॉलेज के समीप लगा टावर सफेद हाथी साबित हो रहा है। पिछले दो महीनों से टावर ठप होने बीएसएनल के उपभोक्ताओं में रोष है।

स्थानीय निवासी मानवेंद्र सिंह कालाकोटी ने बताया कि दो महीने से टावर ठप पड़ा है जिससे भरतपुरी, पम्पापुरी, दुर्गापुरी, लखनपुर, टेड़ा रोड आदि आबादी के सैकड़ों लोगों के मोबाइल टावर पूरी तरह से खिलौना बनकर रहकर रह गए हैं मगर विभागीय अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है। विभागीय अधिकारी आजकल कहकर मामले को लटका रहे हैं। मानवेन्द्र कहते कि टावर ठीक न होने से कई उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल के सिम भी बदल दिए हैं। यही हाल रहा तो लोग बीएसएनल के सिम ही बदल देंगे जिससे विभाग को भारी नुकसान होगा। उन्होंने दूर संचार विभाग से टावर ठीक कराने की मांग की है। बताया गया कि डिग्री कालेज के पास लगे टावर से कुछ उपकरण चोरी चले गए है। मगर अभी तक विभाग ने नए उपकरण नहीं मंगाए जाने से लोगों में रोष हैं। उन्होंने कहा कि यदि टावर ठीक नहीं कराया गया तो स्थानीय नागरिकों को धरना प्रदर्शन करने को विवश होना पड़ेगा।

नियुक्त किए गए अभियोजन अधिकारी

नैनीताल : जिला न्यायालयों में सरकार का पक्ष रखने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश भर के जिला न्यायालयों के साथ-साथ नैनीताल जिला न्यायालय में अभियोजन अधिकारी नियुक्त किए हैं। अभियोजन निदेशालय ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर हीरा सिंह को संयुक्त निदेशक विधि, सुशील कुमार शर्मा को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, नवीन जोशी को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता, श्रद्धा रावत, दीपा रानी, सुनीता भट्ट को अभियोजन अधिकारी नियुक्त किया है। अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि शासन से जारी आदेश के तहत सभी अभियोजन अधिकारी भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, पोक्सो, एनडीपीएस, एससी एसटी मामलों पर सरकार का पक्ष न्यायालय में रखेंगे।

वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाने पर 12 लोगों का चालान किया

नैनीताल : नैनीताल में प्रेशर हॉर्न व रेट्रो साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाया है। दो दिनों में ही 12 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने निर्देश पर पुलिस ने रेट्रो साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न से लोगों को परेशान करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चला दिया है। तल्लीताल क्षेत्र में एसओ रमेश बोरा के नेतृत्व में पुलिस सड़क में रेट्रो साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के साथ दौड़ रहे वाहनों को रोक कार्रवाई अमल में ला रही है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि बीते दो दिनों में तल्लीताल पुलिस ने भवाली रोड व हल्द्वानी रोड में 12 प्रेसर हॉर्न वाले दो पहिंया व चार पहिंया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया कि अभी रेट्रो साइलेंसर वाले वाहन नहीं पकड़े गए हैं। बताया कि अभियान जारी है।

तैयारी सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं मेले की विशेष पहचान, नगर पालिका विभिन्न दलों से कर रही संपर्क

हरेला मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य बनाने के प्रयास

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : भीमताल में प्रत्येक वर्ष 16 जुलाई से आयोजित होने वाले हरेला मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम मेले को विशेष पहचान दिलाते हैं।

इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जहां स्थानीय विद्यालयों के बच्चों की ओर से प्रतिभाग किया जाता है तो वहीं दूर दराज के सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति देते हैं। लोक गायक लोगों का मनोरंजन करते हैं। विशेष आकर्षण लोक परिधान में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम रहते हैं।

इस बार भी नगर पालिका के द्वारा इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और भव्य बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका के द्वारा विभिन्न दलों से संपर्क किया जा रहा है तो वहीं कार्यक्रमों को और विशेष आकर्षित बनाने के लिए सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। विभिन्न सुविधाओं को जुटाने के लिए निविदा आदि भी हो रही है।

मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संख्या बढ़े इसके प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम बढ़ने से लोगों को अधिक मनोरंजन करने को मिलेगा। -**पूरन जोशी बालाजी**, स्थानीय कलाकार

मंच में साउंड व्यवस्था उन्नत प्रकार का और बैठने की उचित व्यवस्था होने से मेले को भव्यता मिलेगी। साथ ही मेले को राज्य मेले का दर्जा मिलने पर कई अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। -**प्रेम सिंह कुल्याल**, स्थानीय कलाकार

मेले में अधिक से अधिक ग्रामीण आएं इसके लिए परिवहन की व्यवस्था हो। राज्य मेला होने से कई विभागों का दायित्व भी स्वयं मेले के आयोजन के लिए बढ़ जाएगा। -**राधा कुल्याल**, ग्राम प्रधान, जंगलियागांव

हरेला मेला भीमताल विधान सभा क्षेत्र की शान है। स्थानीय लोगों को भी विशेष सहयोग देना चाहिए। साफ सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देना होगा। -**विपिन चंद्रा**, स्थानीय कारोबारी

हरेला मेला क्षेत्र की पहचान है। इसमें दूर-दूर से लोग सम्मिलित होते हैं। यह और भव्य बनेगा तो क्षेत्र का विकास होगा। सुविधाएं जुटेंगी। सभी को इसके लिए प्रयास करने चाहिए। -**धीरज तिवारी**, स्थानीय कारोबारी

नगर पालिका मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए विभिन्न विभागों से संपर्क कर रही है। साथ ही साथ विभिन्न कालाकारों और दलों के संपर्क में है। -**उदयवीर सिंह**, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, भीमताल

नियमों के उल्लंघन पर रामगढ़ पुलिस सख्त

गरमपानी : पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ पर अंकुश लगाने को पुलिस अलर्ट मोड पर है।

रामगढ़ चौकी पुलिस की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर ताबड़तोड़ चालान किए। पुलिस के एकाएक चले अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पहाड़ की सड़कों पर यातायात नियमों के उल्लंघन से दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ते ही जा रही हैं। यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों की जिंदगी खतरे में डालने वालों के खिलाफ रामगढ़ पुलिस की टीम ने विशेष चैकिंग अभियान चलाया। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार की अगुवाई में एकाएक चले अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस टीम ने ओवरलोड, बगैर कागजात, प्रेशर हार्न, नो पार्किंग, दोषपूर्ण नंबर प्लेट, बगैर सीट बेल्ट, तेज रफ्तार वाहन दौड़ा रहे 19 छोटे बड़े वाहनों के चालकों के चालान कर 8500 रुपये जुर्माना वसूला।

सांड के हमले में घायल हुए वृद्ध के इलाज में लापरवाही

संवाददाता, गरमपानी

आरोप

- सीएचसी में प्राथमिक उपचार के दौरान नहीं दी गई सही जानकारी
- महज पैर फेक्चर होने का हवाला दे कर दिया रेफर, हालत नाजुक

अमृत विचार : आवारा सांड के हमले में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की हालत घटना के दूसरे दिन भी नाजुक बनी हुई है। बुजुर्ग के स्वजनों ने सीएचसी गरमपानी में बुजुर्ग के साथ की गई लापरवाही पर गहरी नाराजगी जताई है। आरोप लगाया की बुजुर्ग का पैर फ्रैक्चर होने का हवाला दे चिकित्सकों ने रेफर कर दिया जबकि बुजुर्ग को आंतरिक चोट भी पहुंची थी। एसटीएच हल्द्वानी में दो यूनिट रक्त भी चढ़ाना पड़ा। क्षेत्र के व्यापारियों ने भी मामले में गहरी नाराजगी जताई है।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर गरमपानी क्षेत्र में बीते बुधवार को आवारा सांड ने स्थानीय राजेंद्र तिवारी पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी गरमपानी पहुंचाया गया जहां से उन्हें हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। स्वजनों के अनुसार चिकित्सालय में मौजूद चिकित्सक ने महज पैर फैक्चर होने का हवाला दिया पर हल्द्वानी एसटीएच पहुंचने में बुजुर्ग की हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया तो पैर फ्रैक्चर होने के साथ ही बुजुर्ग के अंडकोष में भी चोट पहुंचने की पुष्टि हुई। अत्यधिक रक्त बह जाने से बुजुर्ग को दो यूनिट रक्त भी चढ़ाया गया। मनीष ने आरोप लगाया की महज रेफर सेंटर में तब्दील हो चुके सीएचसी गरमपानी में अब प्राथमिक उपचार में भी लापरवाही बरती जा रही है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. योगेश कुमार के अनुसार जब बुजुर्ग को अस्पताल लाया गया तब रक्त नहीं बह रहा था।

आज का मौसम

आसमान में हल्की धूप के साथ बारिश होगी

अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
27.0⁰	24.0⁰

सूर्योदय 05.18 | सूर्यास्त 07.15

एक नजर

आज साढ़े तीन घंटे बंद रहेगा नैनीताल हाईवे

हल्द्वानी : सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि शनिवार को सुबह 9:30 बजे से 1 बजे काठगोदाम स्थित नारीमन चौक पर खतरनाक एवं जानलेवा पेड़ों का कटान किया जाएगा। बाकी पेड़ों की लॉपिंग की जाएगी इस वजह से नैनीताल हाईवे पर यातायात बाधित रहेगा। इसके अलावा इस अवधि में बिजली आपूर्ति भी ठप रहेगी। उन्होंने कहा कि इस अवधि में हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र की ओर आने-जाने वाले सभी वाहन गौलापार बाईपास हल्द्वानी-बनभूलपुरा मार्ग से जाएंगे।

कालाढूंगी क्षेत्र में नाले उफनाए, ग्रामीणों में भय

कालाढूंगी : लगातार बारिश से जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली, वहीं उफनाते नालों से ग्रामीण भयभीत हैं। कोटाबाग के गुरुणी नाले, बैलपड़ाव में करकट नाला, कालाढूंगी में मेथीसाह व चकलुवा में निहाल नाले के उफान पर आने से ग्रामीण भयभीत हैं। बीते तीन दिनों से पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश से आजकल नदी-नाले उफान पर हैं। एसडीएम रेखा कोहली ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर कहा किसी भी तरह की आपदा पर तहसील प्रशासन को सूचना दे सकते हैं।

नैनीताल जिले में आज भी बंद रहेंगे स्कूल

हल्द्वानी : भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर जिले में शनिवार को भी 12वीं तक के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे। इस तरह स्कूल अब सोमवार को खुलेंगे। पिछले चार दिनों से बारिश के कारण स्कूलों में अवकाश हो रहा है। हालांकि बुधवार को बच्चों को स्कूल बुलाया गया था लेकिन भारी बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी ने 9 बजे बाद स्कूलों में छुट्टी करने का आदेश जारी कर दिया था। इस दौरान भारी बारिश के कारण बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा था। प्रेमपुर लोशज्ञानी के उच्चतर माध्यमिक स्कूल परिसर में पानी घुसने के कारण पीछे की दीवार तोड़कर बच्चों को रेस्क्यू करना पड़ा था। अब फिर एक बार डीएम वंदना ने रेड अलर्ट को देखते हुए शनिवार को भी स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। साथ ही कल रविवार होने से स्कूल बंद रहेंगे। इस तरह अब सोमवार को स्कूल खुलेंगे।

9 जुलाई तक खुल सकेगा हरीशताल मार्ग

हल्द्वानी : नैनीताल जिले में बारिश और भूस्खलन की वजह से चार मार्ग अभी तक बंद हैं। गुरुवार को 10 मार्गों को खोला भी गया है। हरीशताल मार्ग को खुलने में अभी समय लग सकता है। हरीशताल मोटर मार्ग पहली बारिश में तीन जुलाई को ही बंद हो गया था। इस मार्ग को खोलने के लिए जेसीबी लगा दी गई है लेकिन मलबा बार-बार आने से मार्ग पर आवाजाही बंद की गई है। यह मार्ग पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनाया गया था। मार्ग पर कलमठ नहीं होने की वजह से बारिश में मार्ग जर्जर होता जा रहा है। प्रशासन के अनुसार मार्ग को नौ जुलाई को खोल दिया जाएगा। इसके अलावा बागनी मोटर मार्ग, फतेहपुर से बेल मार्ग और मल्यूटी मोटर मार्ग बंद चल रहे हैं।

गौला पुल की नींव हुई कमजोर, नदी उफनाने से बढ़ा खतरा

लापरवाही: मानसून से पहले हो जाना था पुल के क्षतिग्रस्त हो चुके पिलरों को मजबूत करने के काम, अप्रैल में मानक पूरे न होने पर निरस्त हो गया था टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

24 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है पुल की मरम्मत कार्य पर। बीते वर्ष भी गौला के उफान पर आने से पुल का एक हिस्सा हो गया था क्षतिग्रस्त

09 है पुल में कुल पिलरों की संख्या, अधिकांश पिलर जड़ के हिस्से में हो चुके हैं क्षतिग्रस्त, इसके बावजूद पुल के ऊपर धड़ल्ले से जारी है वाहनों का आवागमन



गौला पुल के नीचे नींव इस तरह जर्जर हो चुके हैं पुल के पिलर। ● अमृत विचार

अमृत विचार: इंदिरानगर बाईपास पर बने गौला पुल की नींव कमजोर हो गई है। ऐसे में मानसूनी बारिश में गौला नदी के उफान पर आने से इस महत्वपूर्ण पुल को खतरा बढ़ गया है। हालत यह है कि गौला नदी के तीव्र वेग और पुल के आसपास अवैज्ञानिक तरीके से हो रहे रेता खनन के कारण पुल का मुख्य आधार अर्थात इसके सभी 9 पिलर पिछले कुछ सालों में कमजोर हो चुके हैं। इसकी नींव तथा पिलरों को मजबूत करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने अप्रैल में टेंडर कराए थे, लेकिन इन्हें निरस्त करना पड़ा। मानसून से पहले काम को पूरा किया जाना था लेकिन काम शुरू होना तो दूर अभी फिर से टेंडर की प्रक्रिया ही चल रही है।

अक्तूबर 2022 की भारी बारिश में गौला पुल को काफी नुकसान पहुंचा था। पुल की एप्रोच सड़क नदी में बह गई थी। साथ ही पिलरों की नींव भी कमजोर हो गई थी। इसको देखते हुए पुल पर कुछ समय के लिए आवागमन बंद करवा दिया गया था बाद में एनएचएआई ने एप्रोच सड़क को ठीक कर दिया लेकिन उस समय पुल की सुरक्षा पर सवाल उठे थे। इसे देखते हुए एनएचएआई ने आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों से जांच करवाई।

आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों ने पुल के आसपास खनन न करने का सुझाव दिया था और कहा कि पुल की नींव को मजबूत करने के लिए ढांचा बनाना होगा और रिवर ट्रेजिंग का भी काम करना होगा। जिसमें 24 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान था। एनएचएआई ने इस साल मानसून से पहले यह काम पूरा करने के लिए अप्रैल में टेंडर आमंत्रित किए लेकिन टेंडर के लिए केवल दो ही कंपनियां पहुंची। 30 अप्रैल को टेंडर खोले गए और जांच की गई तो पता चला कि दोनों ही कपंनी मानकों को पूरा नहीं करती हैं। इस वजह से टेंडर निरस्त कर दिए गए।

बाद में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया की वजह से टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। इस बीच मानसून शुरू हो गया और गौला नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है। एनएचएआई ने एक बार फिर से टेंडर आमंत्रित किए हैं। इस बार भी दो कंपनियों ने टेंडर डाले हैं, फिलहाल उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। उसके बाद ही टेंडर दिया जाएगा। तब तक के लिए लोगों को बारिश के दिनों में अपनी जान जोखिम में डालकर ही गौला पुल से आवागमन करना होगा। गौला में पानी का उफान लगातार बढ़ रहा है और पहाड़ों से आने के कारण नदी में पानी की तीव्रता भी काफी अधिक होने से पुल को लगातार खतरा बना हुआ है।

एक बार टूटने के बाद दोबारा बनाया गया है पुल

हल्द्वानी : गौला नदी पर बने इस पुल का पहले बार निर्माण उत्तर प्रदेश निर्माण निगम ने किया था। साल 2008 की बारिश में यह पुल टूट गया था। बाद में कंस्ट्रक्शन कंपनी वुडहिल इंफ्रास्टकचर लिमिटेड ने इसे बनाया। तीन चरण में कुल 19.77 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। पुल की कुल लंबाई 364.76 फीट है। लेकिन 13 अब फिर से पुल की सुरक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

> अप्रैल में मानक नहीं पूरा करने की वजह से गौलापुल की सुरक्षा के लिए आमंत्रित किए गए टेंडर निरस्त किए थे। अब फिर से दो कंपनियों ने टेंडर किए हैं जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है।-**विकास मित्तल,** परियोजना निदेशक, एनएचएआई, रुद्रपुर

गौलापार के साथ ही सितारगंज-खटीमा को जोड़ता है यह पुल

हल्द्वानी : गौला नदी पर बना यह पुल बेहद महत्वपूर्ण है। इस पुल से रोजाना सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ऐसे में इस पुल के बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। यह पुल गौलापार के तमाम गावों के साथ ही हल्द्वानी से चोरगलिया, सितारगंज, खटीमा, टनकपुर क्षेत्रों को जाने वाले प्रमुख मार्ग से जोड़ता है।

टूटी नहर के 40 मीटर हिस्से में बिछाया जाएगा ह्यूम पाइप

संवाददाता, हल्द्वानी

मरम्मत

- तिकोनिया वर्कशाप लाइन की सड़क नहर की दीवार टूटने से कई फीट गड्ढे में समा गई थी

अमृत विचार: तिकोनिया स्थित वर्कशाप लाइन की सड़क बीते दिनों नहर की दीवार टूटने से कई फीट गहरे गड्ढे में समा गई थी। जिसके बाद तिकोनिया से वर्कशाप लाइन की ओर जाने वाला मार्ग बाधित है। सिंचाई विभाग की ओर से क्षतिग्रस्त नहर को ठीक करने कार्य चल रहा है।

सिंचाई विभाग के ईई बीसी नैनवाल ने बताया कि तिकोनिया स्थित पानी के चैंबर के लिए पूर्व में जल संस्थान द्वारा खोदा गया था। बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते पानी के चैंबर से पानी लीक कर नहर की सुरक्षा दीवार तक पहुंच गया इससे 40 मीटर की दूरी तक नहर को नुकसान पहुंचा है। 40 मीटर क्षतिग्रस्त हुई नहर को 8 फीट ह्यूम पाइप से कवर किया जाएगा इसके लिए अभी सड़क की खुदाई का कार्य किया जा रहा है। खुदाई का काम पूरा होने के बाद 40 मीटर तक ह्यूम पाइप बिछाया जाएगा, जो पूरी तरह से स्थायी होगा और पानी इन्ही पाइपों से होकर गुजरेगा। इस कार्य को पूरा होने में 1 सप्ताह तक का समय और लगेगा। कार्य पूरा होने के लोनिवि की ओर से सड़क निर्माण का काम शुरू किया जाएगा।

सांसद भट्ट ने आपदाग्रस्त इलाकों का किया निरीक्षण, बचाव एवं राहत के दिए निर्देश

हल्द्वानी, अमृत विचार : सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार को आपदाग्रस्त इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सांसद भट्ट सबसे पहले तिकोनिया चौराहे पहुंचे, यहां भारी बारिश से सड़क धंस गई थी। सिंचाई एवं लोनिवि को ह्यूम पाइप डाल मजबूत भरान कर सड़क निर्माण के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन के पास भी धंसी सड़क की तत्काल मरम्मत करने को कहा। फिर वह प्रेमपुर लोशज्ञानी में रकसिया नाले के पानी से हो रही तबाही का जायजा लिया। नाले ने भूकटाव किया है जिससे काश्तकार परेशान हैं वहीं घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान नष्ट हो रहा है। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने बताया कि पानी को जंगल में छोड़ने के लिए टनल बनाई जा रही है। इस पर सांसद ने जनता को परेशानी नहीं हो इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम को लाइनअप रहने के निर्देश दिए। इसके अलावा रकसिया नाले में पानी बाहव के लिए सफाई के लिए नियमित रूप से जेसीबी लगाने को कहा। इस दौरान प्रदीप बिष्ट, चंदन बिष्ट, गजराज बिष्ट, रेनू अधिकारी, प्रकाश हरबोला आदि मौजूद रहे।

बारिश में राजभवन मार्ग पर गिरा पेड़, बिजली आपूर्ति ठप

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मानसून की शुरुआती बारिश ने रौंद्र रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार को दिन भर हुई तेज बारिश से जहां नालों के जरिए सड़कों पर पानी बहने लगा वहीं प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं भी बढ़ने लगी हैं। वहीं दोपहर बाद राजभवन मार्ग पर सेंट मेरी स्कूल के समीप एक विशालकाय पेड़ सड़क पर गिर गया, जिसकी चपेट में बिजली के चार खंबे भी आ गए, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर यातायात सुचारु कराया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर काफी देर तक यातायात बाधित रहा।

मूसलाधार बारिश के दौरान राजभवन रोड में गिरा विशाल पेड़।

प्रभावित परिवारों को बांटे सहायता राशि के चेक

खड्डी मोहल्ला क्षेत्र के पीड़ित परिवारों को चेक प्रदान करते राजस्व कर्मी।

लालकुआं : दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के बाद नगर का खड्डी मोहल्ला जलमग्न हो गया। इस दौरान 104 परिवार घरों में पानी भरने से प्रभावित हो गए। सभी को शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से धनराशि के चेक प्रदान किए गए। बारिश के दौरान पानी भरने से घरों में रखा राशन एवं अन्य सामान भीग कर नष्ट हो गया था। जिला प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग से उक्त घरों का सर्वे कराया गया, जिसके बाद उप राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव ने सभी परिवारों को ढाई हजार रुपये के हिसाब से अहेतुक राशि वितरित की।

मूसलाधार बारिश से शहर के कई इलाके जलमग्न

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: यहां मूसलाधार बारिश का क्रम जारी है। गुरुवार को बारिश थमने के बाद शुक्रवार को दिनभर बारिश से बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

शुक्रवार देर रात से शुरू बारिश का दौर पूरे दिन चलता रहा। सुबह के समय बहुत तेज बारिश हो रही थी। दोपहर के समय बारिश हल्की हुई लेकिन रुकी नहीं। शाम तक बारिश का क्रम चलता रहा। बारिश से शहर में कई जगह जलभराव हो गया। दमुवाढूंगा में कमेटिया बरसाती नाला फिर से उफान पर आ गया और बिठौरिया में जलभराव हो गया। यही हाल रकसिया नाले की वजह से हिम्मतपुर बैजनाथ में हुआ। यहां भी नाले से आया पानी और मलबा लोगों के घरों और खेतों में घुस गया। हल्द्वानी शुक्रवार की शाम तक 71 मिमी बारिश हो चुकी थी। इधर बारिश से बाजार में चहल-पहल कम रही। व्यापारी भी मायूस रहे। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि शनिवार को नैनीताल जिले में भारी बारिश हो सकती है। रविवार को भी हल्की बारिश होने का अनुमान है। शहर में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दमुवाढूंगा में रकसिया नाले में आया पानी। लोगों ने इस तरह पार किया नाला। ● अमृत विचार

रकसिया नाले में गिरे तीन स्कूटी सवार

हल्द्वानी, अमृत विचार : दमुवाढूंगा के रकसिया नाले में तीन लोग वाहन समेत गिर गए। नाले में बहाव आने के बाद भी ये लोग स्कूटी से नाला पार करने की कोशिश कर रहे थे। दमुवाढूंगा में शिव मंदिर के सामने सुबह करीब सात बजे एक महिला स्कूटी से नाले को पार करने की कोशिश कर रही थी। उसी दौरान नाले में बहाव बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला ने स्कूटी में ब्रेक मारा जिससे वह स्कूटी समेत नाले में गिर गई। गनीमत रही कि महिला स्कूटी छोड़कर नाले से बाहर आ गई। बाद में लोगों ने स्कूटी को भी बाहर निकाला। पूर्वाह्न में एक स्कूटी पर सवार दो पुरुष नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे। उस समय नाले में बहाव भी ज्यादा था। नाले के बहाव की वजह से वाहन समेत दोनों नाले में गिर गए। यह देख लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। बहुत की मुश्किल से उन लोगों को बाहर निकाला गया। दोनों को चोटें भी आईं।

जुलाई में मानसून की शानदार शुरुआत

हल्द्वानी : पांच दिन देरी से पहुंचे मानसून ने जुलाई में पूरे कुमाऊं मंडल को तरबदर कर दिया है। मंडल के सभी जिलों में जुलाई माह में सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। नैनीताल जिले में 42%, अल्मोड़ा जिले में 110%, बागेश्वर जिले में 430%, चंपावत जिले में तीन, पिथौरागढ़ में 52 और यूएसनगर जिले में 173 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुमान जताया है कि इस बार मानसून की सामान्य से अधिक बारिश होगी।

काठगोदाम कलसिया नाला पार करता कार सवार। ● अमृत विचार

सड़कों पर बहता रहा बारिश का पानी, कई जगह घरों में भी घुसा

हल्द्वानी, अमृत विचार : बारिश से नैनीताल, कालाढूंगी आदि की सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे राहगीरों व दोपहिया सवारों को आवागमन में दिक्कत हुई। उधर गौजाजाली उत्तर में शनि बाजार स्थित नाले के ऊपर बने नगर निगम के कूड़ा घर की वजह से शुक्रवार को भी गणपति विहार, चौधरी कॉलोनी में पानी घुस गया। वनभूलपुरा वार्ड 21 में लाइन नंबर 6 में स्थित नाला ओवर फ्लो होने से पानी व कचरा सड़कों में आ गया, जिससे क्षेत्र में बदबू फैल गई व लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतें हुईं। साथ ही, लाइन नंबर 8 में बिलाली मस्जिद के पास नाली का गंदा पानी सड़क पर आ गया। गांधीनगर वार्ड 27 में रफीक बैंड पर स्थित नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। यहां नाले के ऊपर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है, जिससे नाले की ठीक से सफाई नहीं हो पाती है। नगर निगम के सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने बताया कि जगदंबा नगर आदि से नालियों के ओवर फ्लो होने की शिकायतें मिली थीं। इसके अलावा, क्रियाशाला के पास पुलिया धंस गई है।

पीड़ादायक जिस झुग्गी में रहता था वह बारिश में ढह गई, मां और बहनें रोटी के लिए मजदूरी करने गईं

बिना छत के चटाई ओढ़ मासूम ने बारिश में काटा दिन

संवाददाता, हल्द्वानी

दमुवाढूंगा में भारी बारिश से टूटी झोपड़ी और आशियाना टूटने के बाद एक दुकान के बाहर बारिश से बचने की कोशिश करता मासूम।

अमृत विचार: हल्द्वानी के दमुवाढूंगा में एक झुग्गी बारिश में ढह गई। जिस वजह से झुग्गी में रहने वाली महिला अपने बच्चों के साथ बाहर रहने को मजबूर हो गई। परिवार में करीब सात साल का एक लड़का भी है। दिन के समय जब मां और बहनें काम के लिए बाहर चली गईं तो नंगे बदन वह चटाई के सहारे बारिश से बचने के लिए एक दुकान के छज्जे के सहारे बाहर बैठा रहा। वह बारिश के तेज झोंकों में भीगता रहा।

दमुवाढूंगा में एक मजदूर परिवार झुग्गी बनाकर रहता है। रोज पेट भरने के लिए इन्हें रोज काम तलाशना पड़ता है। जिस काम नहीं मिला उस दिन घर में चूल्हा भी नहीं जलता। परिवार में मां और उसकी दो बेटियां और एक सात साल का बेटा है। वह जिस झुग्गी में रह रहे थे वह झुग्गी बारिश में ढह गई। झुग्गी में मौजूद सामान भी दब गया। अब परिवार खुली छत के नीचे आ गया।

शुक्रवार को बारिश के बीच मां अपनी दोनों बेटियों के साथ काम की तलाश में निकल गईं। वह अपने सात साल के कलेजे के टुकड़े को नंगे बदन एक चटाई के सहारे छोड़ गईं। वह मासूम खुद को बचाने के लिए उस चटाई के सहारे एक दुकान के छज्जे के नीचे बैठा अपनी मां और बहनों का इंतजार करता रहा। उसके पास न तो कपड़े थे और न खाने का कोई सामान। यह प्रशासन, तंत्र और सभ्य समाज उस भीगते बचपन के आगे हारकर रह गया।

पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने की मदद

हल्द्वानी : पूर्व दर्जा मंत्री ललित जोशी ने बताया कि वह ढह गई झुग्गियों का निरीक्षण करने दमुवाढूंगा गए तो उस मासूम पर नजर पड़ी। पता करने पर सारी कहानी पता चली। जोशी ने बच्चे को कपड़े दिलवाए और चार-पांच दिन का भोजन सामग्री उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि वह शनिवार से उनकी टूटी हुई झुग्गी को निजी खर्च से बनवाएंगे।

मुखानी में अस्पताल के बाहर लोगों ने डॉक्टर को घेरकर पीटा

संवाददाता, हल्द्वानी

मामला

- पुलिस तक नहीं पहुंचा मामला मारपीट का वीडियो वायरल
- अस्पताल प्रबंधन ने किसी भी तरह की घटना से इंकार किया

अमृत विचार : मुखानी चौराहे के पास स्थित प्रतिष्ठित अस्पताल में शुक्रवार शाम एक डॉक्टर को घेरकर जमकर पीटा गया। पुलिस ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है, लेकिन मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो मुखानी चौराहे के पास स्थित एक अस्पताल का है। आधा दर्जन से अधिक लोग एक व्यक्ति को अस्पताल के अंदर से बाहर आ रहे हैं। सभी लोग हाथापाई कर रहे हैं। पिटने वाला व्यक्ति बचने की कोशिश कर रहा है लेकिन हमलावर लगातार पीट रहे हैं। अस्पताल के बाहर हुई इस घटना के वक्त उधर से गुजर रहे राहगीरों का भी मौके पर जमघट हो गया। जिस व्यक्ति को पीटा जा रहा था वह डॉक्टर बताया जा रहा है।

बताते हैं कि उक्त डॉक्टर भी पास के ही अस्पताल में कार्यरत है। शाम के समय किसी काम से वह डॉक्टर इस अस्पताल में आया था। चर्चा है कि डॉक्टर द्वारा स्टाफ से अभद्रता की गई जिससे अस्पताल में तैनात कर्मचारी भड़क गए। आक्रोशित अस्पताल स्टाफ ने डॉक्टर को पीटना शुरू कर दिया। बचते हुए डॉक्टर किसी तरह बाहर आया तो भी उन लोगों ने पीछा नहीं छोड़ा। वे लोग डॉक्टर को पीटते हुए बाहर आ गए।

अस्पताल के गेट पर घेरकर डॉक्टर को पीटा गया। बड़ी मुश्किल से डॉक्टर ने भागकर अपनी जान बचाई। अस्पताल प्रबंधन ने किसी भी तरह की घटना से इंकार किया है। वहीं घटना के संबंध में पुलिस के पास भी किसी ने शिकायत नहीं की है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि मामले में कोई शिकायत नहीं आई है, अगर तहरीर आएगी तो मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को गणित और भाषा ज्ञान में दक्ष बनाएंगे 1700 प्रशिक्षित शिक्षक

राज्य स्तर पर एससीईआरटी, जिले में डायट और ब्लॉक में प्रशिक्षित मास्टर्स देंगे ट्रेनिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : विद्यार्थियों को गणित और भाषायी ज्ञान में दक्ष बनाने के लिए निपुण भारत मिशन चलाया जा रहा है। इसके तहत 2026 तक कक्षा एक, दो और तीन के समस्त विद्यार्थियों को दक्ष बनाया जाएगा। स्कूलों में बच्चों की दक्षता के आधार पर ही उन्हें निपुण श्रेणी में शामिल किया जाएगा। शिक्षा विभाग लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रतिवर्ष प्राथमिक कक्षाओं में कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षण देता है।

इस साल यह प्रशिक्षण अगस्त-सितंबर में दिए जाने की योजना है। जिले से लगभग 1700 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण राज्य स्तर पर एससीईआरटी, जिला स्तर पर डायट और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स की ओर से दिया जाता है। निपुण मिशन की सभी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए राज्य स्तर पर स्टेट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट एसपीएमयू, जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट डीपीएमयू और ब्लॉक स्तर पर बीपीएमयू समितियों का गठन किया गया है। समितियां मिशन की गतिविधियों की समीक्षा करती हैं। समितियों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही समाज कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और एसएमसी अध्यक्ष सदस्य के रूप में नामित किए जाते हैं। मिशन के तहत सभी स्कूलों में 15 जुलाई तक नए नामांकन बढ़ाने और स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत ठहराव के लिए जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान संक्रामक रोगों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

प्रेरणा एप से दर्ज होगी बच्चों और एमडीएम की उपस्थिति

प्रेरणा एप के माध्यम से स्कूलों में बच्चों की दैनिक उपस्थिति और मध्याह्न भोजन (एमडीएम) खाने वाले बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से स्कूलों को टैबलेट दे दिए गए हैं और उन्हें उपस्थिति ऐप के माध्यम से ही करने के निर्देश दिए गए हैं।

चार स्तरों के आधार पर बनेंगे निपुण

निपुण भारत मिशन के तहत चार स्तरों के आधार पर स्कूलों को निपुण बनाया जाएगा। इसमें बालवाटिका में बच्चा अक्षरों और संबंधित ध्वनियों को पहचानना, कम से कम 2 से 3 अक्षरों वाले सरल शब्दों को पढ़ना, 10 तक के अंकों को पहचानना व पढ़ना, संख्याओं, वस्तुओं, आकृतियों और घटनाओं को एक क्रम में व्यवस्थित करना। ग्रेड 1 में आयु उपयुक्त, अज्ञात पाठ में कम से कम 4-5 सरल शब्दों से युक्त छोटे वाक्य पढ़ना और 99 तक की संख्या पढ़ना व लिखना और सरल जोड़-घटाव करना। ग्रेड 2 में धारा प्रवाह और अर्थ के साथ पढ़ना, 99 से 999 तक की संख्याएं पढ़ना और लिखना तथा ग्रेड 3 में उचित गति और धारा प्रवाह में पढ़ने के साथ ही 9999 तक की संख्याएं पढ़ना-लिखना और सरल गुणन समस्याओं को हल करना शामिल है।

कॉर्बेट में डे सफारी कैंसिल होने पर नहीं मिलेगा रिफंड

रामनगर, अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में अगर डे सफारी पर आ रहे हैं तो यह भी जान लें कि सफारी कैंसिल होने पर नहीं होगा आपका रिफंड वापस। बुकिंग करते हुए कार्बेट की विभागीय वेबसाइट पर यह जानकारी भी साझा की गई है।

बता दें कि विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क का सबसे चर्चित जोन ढिकाला पर्यटन जोन 15 जून व बिजरानी जोन 30 जून को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है, उसके साथ ही 15 जून से नाइट स्टे भी कॉर्बेट पार्क में पर्यटकों की सुरक्षा के चलते मानसून सीजन को देखते हुए बंद कर दिया जाता है, जो हर वर्ष अक्टूबर में पुनः सुचारु किया जाता है। बस पर्यटकों के लिए वर्तमान में कॉर्बेट का ढेला, झिरना व गर्जिया पर्यटन जोन में पर्यटक डे सफारी के तौर पर खुला है। अत्यधिक वर्षा होने पर पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से इन जोनों को कभी बंद किया जा सकता है। ऐसे में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंत नायक ने बताया कि अभी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में एडवांस बुकिंग कैंसिल होने पर रिफंड का कोई भी प्रावधान नहीं है।

उदासीनता से भटक गई है जल जीवन योजना

गौतम भट्ट, हल्दूचौड़

नहीं मिला पानी

सालभर पहले खोदी गईं सड़कें भी वर्षाकाल में जानलेवा बनी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना में शामिल हर घर नल में जल योजना लगता है यहां अपने मिशन से भटक गई है। जी हां ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने को लेकर शुरू की गई जल जीवन मिशन योजना यहां लोगों के लिए सिर दर्द बन चुकी है।

योजना को मूर्त रूप देने के नाम पर सालभर से भी ज्यादा समय हुए क्षतिग्रस्त की गईं सड़कें वर्षाकाल में ग्रामीणों के लिए जानलेवा बनी हुई हैं। तमाम शिकायतों के बावजूद भी कोई सुधलेवा नहीं है। योजना को धरातल पर उतारने को लेकर साल भर पूर्व सड़कें तो खोद दी गई किंतु ग्रामीणों के नलों के हलक अभी सूखे ही हैं और पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें जानलेवा बन गई हैं। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना होने के बावजूद जल जीवन मिशन योजना लोगों के लिए सिर दर्द बनी हुई है। सड़कों की दुर्दशा गंभीर पेयजल संकट समेत गांव की तमाम अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर समाजसेवी सेवानिवृत प्रधानाचार्य गोविंद बल्लभ भट्ट ने जहां महकमे के जिम्मेदार अधिकारियों पर प्रधानमंत्री की इस महती योजना पर पलीता लगाने का आरोप लगाया है वहीं उन्होंने स्थानीय विधायक पर भी जनसमस्याओं के प्रति उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस जारी विज्ञप्ति में हवाला दिया है उनके द्वार उक्त तमाम जनसमस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक डॉ मोहन सिंह बिष्ट को ज्ञापन देने के साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों को पत्राचार किया जा चुका है। बावजूद समस्याएं जस की तस हैं। उनका कहना है कि योजना के लिए बेतरतीब तरीके से खोदी गई सड़के वर्तमान में हो रही मूसलाधार बरसात के चलते जानलेवा साबित हो रही हैं। हल्दूचौड़ रेलवे क्रासिंग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ को जाने वाली सड़क बेरीपड़ाव तक के हालत बहुत बदतर हैं। यहां उपचार को आने वाले मरीजों को रोज जान जोखिम में डालकर अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है।

BABA NEEM KARORI MAHARAJ
बी. एन. के. फिजियोथैरेपी एण्ड रिहैब्लिटेशन सेंटर

डॉ. पल्लवी जोशी
BPT, MPT (Neuro), DIDN, DCT
Fellowship in Chiropractor & Osteopathy
पूर्व चिकित्सक
श्री राममूर्ति मेडिकल कॉलेज बरेली,
एस.आर.एम.एस. स्टेप टू लाइफ लखनऊ
वी. श्री. कॉलेज मेडिसिटी हॉस्पिटल रुद्रपुर
उत्तराखण्ड की पहली मशीन
High Energy Inductive Therapy
3 TESLA MAGNETIC THERAPY

पेशाब करने में होने वाली परेशानी
पेशाब खुद हो जाना या पेशाब होने का अनुभव न होना प्रोस्टेट का दर्द व अन्य यूरीन सम्बन्धित समस्याएं

पैरालाइसिस या लकवा
तंत्रिका तंत्र का पुनर्जन्म लकवाग्रस्त शरीर जैसे हाथ-पैर का लकवा होना और नसों को ठीक करना, जैसे कमर या हाथ की नस, सियाटिका
हाथों एवं घुटनों का गठिया वात (अर्थराईटिस)
हड्डियों एवं जोड़ों एवं मांस पेशियों को मजबूत करना एवं कैल्शियम अवशोषण में वृद्धि करना, हड्डी के जोड़ों में इन्फ्लेमेशन को खत्म करना जोड़ों एवं गठिया वात का इलाज, फ्रैक्चर हीलिंग
सियाटिका, कमर दर्द, नस का दर्द, कूल्हे के पीछे होने वाला दर्द
उठने-बैठने में होने वाला कमर में दर्द, पैरों में झनझनाहट, कूल्हे की हड्डी सड़ना (ANW), लम्बे समय से बना हुआ कमर में दर्द
Thirty minutes on the "emField Pro" is equivalent to doing over 10,000 Kegels!
मरीज के ठहरने की सुविधा
अन्य सुविधाएं
• रोबोटिक न्यूरो स्पाइन रिहैब • सीपी एण्ड ऑटिज्म रिहैब • कायरोप्रैक्टिक थैरेपी • सांकेतिक थैरेपी • क्लास 4 लेजर थैरेपी • मैट्रिक्स थैरेपी • इलैक्ट्रो कार्डियोग्रेशन थैरेपी • ट्राइ निडलिंग • कपिंग थैरेपी (आईस, फायर, हीजामा) • कायनेजियो टेपिंग • आई.एस.टोपम • रोबोटिक हार्नेस सिस्टम • ११ एक्टिविटी वर्क स्टेशन
समस्याएं :
• पैरालाइसिस • चेहरे का लकवा • कमर में दर्द • स्लिप डिस्क • शरीर में घाव, बैड सोर • सर दर्द, माईग्रेन • जोड़ों का दर्द (गठिया) • कोहनी में दर्द • कंधों का जाम या दर्द • गर्दन में दर्द/जकड़न/चक्कर आना • साइटिका (कमर से पंजे तक दर्द) • घुटनों का दर्द (ऑर्थराइटिस) • बच्चों के विकास में देरी (जन्मजात बीमारी) • फ्रैक्चर एवं सर्जरी के बाद जकड़न • मांसपेशियों में खिंचाव • एड़ी में दर्द • हाथ-पैरों में कंपन व सुन्नपन • डिलीवरी के बाद महिलाओं को होने वाली समस्याएं (मांसपेशियों का ढीला होना, आदि)
FREE OPD
नियर टिक्कू मॉर्डन स्कूल
यूनियन बैंक के पीछे, ठंडी सड़क, हल्द्वानी
Mob. 7042450105
9458703187, 8755546873

हाइवे की बुनियाद दरकने से संकट बढ़ा

गरमपानी, अमृत विचार : कुमाऊं की लाइफ लाइन यानि अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर भोर्या बैंड़ क्षेत्र में हाइवे की बुनियाद दरकने से संकट बढ़ गया है। वर्षों पुरानी दीवार के धीरे धीरे धराशाई होने से आवाजाही ठप होने का अंदेशा है। पहले ही भोर्या बैंड़ क्षेत्र में भूस्खलन से हाइवे के ध्वस्त होने से वन वे आवाजाही संचालित है।

हाइवे के अस्तित्व पर लगातार संकट बढ़ता ही जा रहा है। चार वर्ष पूर्व आपदा से हाइवे को काफिर नुकसान पहुंच चुका है। तमाम स्थानों पर भूस्खलन से हाइवे के ध्वस्त होने से एनएच विभाग ने हाइवे से सटी पहाड़ी काट वन वे आवाजाही की व्यवस्था बनाई है। अतिसंवेदनशील भोर्या बैंड क्षेत्र में जहां पहाड़ी से लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

रूस और यूक्रेन युद्ध पर लिखा उपन्यास भेंट किया

संवाददाता, भवाली

अमृत विचार : रूस-यूक्रेन युद्ध पर 'लहू बोते मानव' उपन्यास प्रकाशित किया गया है। लेखक डॉ. मयंक तोमर ने रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभावों से प्रेरित होकर उपन्यास लिखा है। उपन्यास युद्ध के परिणामस्वरूप जनता के जीवन और भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों को जीवंत करता है।

'लहू बोते मानव' उपन्यास में उद्देश्य विहीनता, रिक्तता और युद्ध से उपजी अनिश्चितता के विषय में विचार किया गया है। उन्होंने खास बातचीत कर कहा कि उपन्यास में समाधान के रूप में शांति और मानवीय प्रेम की महत्वपूर्णता को उजागर किया गया है। लेखक ने समय के साथ बदलाव के लिए एक मार्गदर्शक किताब प्रस्तुत की है जो सामाजिक और मानवीय मुद्दों पर गहरा प्रभाव डालेगी। बताया कि ब्लू रोज पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित यह उपन्यास उनकी वेबसाइट सहित अमेजन एवं फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। डॉ. तोमर ने भारत गणराज्य में यूक्रेन के दूतावास में यूक्रेनी राजदूत डॉ. ओलेक्सेंडर पोलिशचुक से मुलाकात की।

यूक्रेन के राजदूत को उपन्यास की प्रति देते डा. मयंक तोमर।

पेड़ों की लॉपिंग से 8 घंटे गुल रही बिजली

हल्द्वानी, अमृत विचार : विद्युत वितरण खंड ग्रामीण की ओर से उपखंड टीपी नगर के अंतर्गत वृक्षों की कटाई-छटाई कार्य के चलते शुक्रवार को बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते फुटकुआं और फूलचौड़ इलाके में 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

पेड़ों की कटाई-छटाई के चलते सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली विभाग की ओर से शटडाउन लिया गया। बिजली प्रभावित इलाकों में शामिल गन्ना सेंटर, बेलबाबा, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, धनपुरी, संगम विहार और पंचायत घर समेत आदि फिटरों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इधर विद्युत वितरण खंड ग्रामीण के अधिशासी अभियंता डीडी पांगती ने बताया कि पेड़ों की लॉपिंग के चलते बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही।

मुख्यमंत्री से मिले विधायक क्षेत्र की समस्याएं साझा कीं

रामनगर में चल रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराया

मुख्यमंत्री के नेतृत्व को मजबूती प्रदान करने वाला बताया

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : देहरादून स्थित सचिवालय में शुक्रवार को विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने भाजपा नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को उनके नेतृत्व में सफलतापूर्वक तीन साल पूर्ण करने पर बधाई दी। साथ ही रामनगर में चल रहे विकास कार्यों और विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बिष्ट ने कहा कि रामनगर में कई विकास कार्य तो पूर्ण हो चुके हैं कुछ पर काम जारी है। श्री बिष्ट ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी मुख्यमंत्री के रूप में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार मजबूती से काम कर प्रदेश में अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूर्ण करेगी। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह खाती, अरुण कुमार मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री धामी को बधाई देते विधायक दीवान सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

मोटे अनाज को उगाएं मिल रहा है अच्छा दाम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कृषि विभाग किसानों को मोटा अनाज उगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मोटा अनाज में पानी व समय कम लगता है और सरकार की ओर से इनके अच्छे दाम भी दिए जा रहे हैं।

जिले की 45 प्रतिशत खेती असिंचित है, जो कि वर्षा जल पर निर्भर है। ऐसे में, कृषि विभाग लोगों को असिंचित क्षेत्र में मडुवा, झिंगुरा, रामदाना आदि मोटे अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। बेतालघाट, ओखलकांडा, धारी, भीमताल व कोटाबाग का पर्वतीय क्षेत्र में अधिकांश किसान पानी के लिए बारिश पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में, किसानों को मोटा अनाज उगाने से लाभ होगा। मोटा अनाज उगाने में सिंचाई की जरूरत कम पड़ती है। साथ ही, इनके उत्पादन में समय कम लगता है। विभाग के अनुसार, मडुवे आदि की फसल तीन माह में तैयार हो जाती है।

पिछले साल से सरकार ने मडुवे का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भी बढ़ा दिया है। वर्तमान में मडुवे की एमएसपी 38.76 रुपये है, जिसके बढ़ने की उम्मीद है। राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बीते दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात कर झिंगुरा आदि का भी समर्थन मूल्य तय करने का अनुरोध किया है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव ने कहा कि असिंचित क्षेत्र में मोटा अनाज बोने से मेहनत कम लगेगी व किसानों की आय बढ़ेगी। इधर, बाजार में भी मोटे अनाज की मांग बढ़ी है।

वन्य जीव संरक्षण के लिए स्निफर डॉग के साथ किया फ्लैग मार्च

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक के निर्देशन में वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के मकसद से कालागढ़ से संयुक्त फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया।

फ्लैग मार्च का प्रारम्भ कालागढ़ रेंज से किया गया, जिसके अन्तर्गत कार्बेट टाइगर रिजर्व की दक्षिणी सीमा की सघन गश्त की गयी एवं दक्षिणी सीमा पर अवस्थित विविध ग्रामों मालौनी, कल्लूवाला, धारा, बहेड़ी, पतरामपुर, झुल्लू खत्ता में जनसम्पर्क अभियानों का आयोजन कर ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया।

ग्रामीणों को मानव-वन्यजीव संघर्ष इत्यादि विषयों पर जानकारी प्रदान दी गयी तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण में सहभागिता के लिए अपील की गयी।

साथ ही क्षेत्र के अन्तर्गत विविध संवेदनशील स्थानों की श्वान दल की सहायता से चेकिंग की गयी। फ्लैग मार्च का समापन ढेला रेंज में किया गया। फ्लैग मार्च में आकाश गंगवार प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी, डॉ. शालिनी जोशी उप-प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़, नन्दकिशोर रुवाली वन-क्षेत्राधिकारी झिरना रेंज, खुशबू उपाध्याय वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ टाइगर रिजर्व व अन्य 40 वन कर्मी शामिल रहे।

स्निफर डॉग से गुजर खत्तों की जांच करते वन कर्मी। ● अमृत विचार

महापंचायत में रामनगर के कई संगठन भी जाएंगे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : रुद्रपुर में होने वाली महापंचायत में रामनगर के विभिन्न संगठन के लोग भी शामिल होंगे। यह जानकारी उपपा नेता प्रभात ध्यानी ने दी। उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर के सिडकुल क्षेत्र में मिल मालिक पुलिस प्रशासन के गठजोड़ से कार्यरत श्रमिकों के शोषण, दमन, श्रमिक नेताओं पर लगाए गए फर्जी मुकदमे एवं गुंडा एक्ट के विरोध में श्रमिक संयुक्त मोर्चा ऊधम सिंह नगर की ओर से 7 जुलाई को गांधी मैदान रुद्रपुर में आयोजित महापंचायत में रामनगर के विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। समाजवादी लोकमंच के पैंठपड़ाव स्थित कार्यालय में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान संयुक्त संघर्ष समिति रामनगर के संयोजक ललित उप्रेती, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी आदि लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

छात्रवृत्ति को नहीं कर पा रहे आवेदन, बारिश बनी मुसीबत

संवाददाता, हल्द्वानी

दिक्कत

अभिभावकों व शिक्षकों ने की आवेदन जमा करने की तिथि आगे बढ़ाने की मांग

इस बार 70 फीसदी अंक की बाध्यता खत्म, सभी विद्यार्थी दे सकेंगे छात्रवृति परीक्षा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के मिलने वाली छात्रवृत्ति के लिए चयन परीक्षा इसी माह होनी है। इन दिनों स्कूलों में परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र जमा किये जा रहे हैं। 12 जुलाई से पहले सभी को आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी है लेकिन बारिश के कारण स्कूलों में लगातार अवकाश होने से विद्यार्थी आवेदन पत्र अपने स्कूलों में जमा नहीं कर पा रहे हैं।

आवेदन पत्र में बच्चों के आधार कार्ड व फोटो लगनी है और अभिभावकों के हस्ताक्षर होने के साथ ही अन्य प्रक्रियाएं पूरी करनी हैं जिससे प्रत्येक आवेदन प्रक्रिया को पूरा करने में समय लग रहा है। इधर, अभिभावकों और शिक्षकों की ओर से भी आवेदन जमा करने की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की जा रही है जिससे सभी बच्चे आसानी से आवेदन कर सकें। पूर्व में चयन परीक्षा में केवल 70 प्रतिशत से अधिक अंक वाले विद्यार्थियों को ही आवेदन का मौका मिलता था लेकिन अब सभी विद्यार्थी छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए परीक्षा में भाग ले सकते हैं। छात्रवृत्ति का लाभ छठवीं कक्षा से इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों को मिलता है। प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा ने बताया कि विभाग के उच्च अधिकारियों से आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाने की अपील की गई है। प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत छठवीं कक्षा के विद्यार्थी को 600 रुपये मिलते हैं। कक्षा सात में 700 रुपये, कक्षा 8 में 800 रुपये, कक्षा 9 में 900 रुपये और कक्षा 11 और 12 में 1200 रुपये मिलते हैं।

हल्दूचौड़ में गोशाला निर्माण का कार्य जल्द हो जाएगा पूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम की गंगापुर कबड़वाल, हल्दूचौड़ में गोशाला लगभग बनकर तैयार हो गई है, जहां करीब 2000 निराश्रित पशुओं को रखा जाएगा। पहले चरण में 350 पशुओं को यहां शिफ्ट कर दिया गया है। इस गोशाला के निर्माण से सड़कों पर आवारा घूम रहे जानवरों से लोगों को निजात मिलेगी।

नगर निगम की ओर से हल्दूचौड़ के गंगापुर कबड़वाल में करीब 68 एकड़ में स्थाई गोशाला का निर्माण किया जा रहा है। गोशाला में 2000 से ज्यादा पशुओं को रखने की व्यवस्था की जा रही है। पहले चरण में 350 पशुओं को गोशाला में शिफ्ट कर दिया गया है, जिनके लिए खाने-पीने, लाइट आदि की व्यवस्था की गई है। नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि गोशाला में पशुओं को रखने के लिए शेड्स, पानी पीने के लिए नांद, ट्यूबवेल टैंक, चारा व भूसा रखने की व्यवस्था की गई है। साथ ही, उनके उपचार आदि के लिए दवाखाने आदि की व्यवस्था की गई है। यह गोशाला कुमाऊं की सबसे बड़ी सरकारी गोशाला होगी। यहां नर व मादा पशुओं को अलग अलग रखा जाएगा। गोशाला की दीवारों को आकर्षक बनाने के लिए गोवंश से जुड़ी चित्रकारी भी की जा रही है।

शहर व इसके आसपास के क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं का आतंक रहता है।

एक नजर

दो पालियों में 277 छात्रों ने दी इग्नू की परीक्षा

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को इग्नू की परीक्षा दो पालियों में हुई। सुबह 10 से अपराह्न 1 बजे तक की पहली पाली में कुल 27 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी जबकि शाम को दूसरी पाली में अपराह्न 2 से शाम 5 बजे तक 188 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। शुक्रवार को हुई परीक्षा में 22 विभिन्न विषयों में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। आज (शनिवार) भी एमबीपीजी में इग्नू की परीक्षा होगी जिसमें छात्र-छात्राएं 16 विभिन्न विषयों की परीक्षा में बैठेंगे। 15 जुलाई को इग्नू की अंतिम परीक्षा होगी।

मनोविज्ञान विभाग के पीजी डिप्लोमा में प्रवेश शुरू

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग स्किल्स में एक वर्षीय रेगुलर पाठ्यक्रम में इन दिनों प्रवेश चल रहे हैं। इसमें बीए मनोविज्ञान, एमए मनोविज्ञान, बीएड, एमएसडब्ल्यू से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल से पंजीकरण कर सकते हैं।

बाघ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से पहुंची काठगोदाम

हल्द्वानी : हावड़ा से काठगोदाम के बीच नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। आम तौर पर ट्रेन सुबह 9:15 बजे काठगोदाम पहुंचती है। हावड़ा से देरी से चलने के कारण ट्रेन सुबह करीब 10:53 बजे अपने निर्धारित स्टेशन पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को काठगोदाम से अपने समय पर रवाना किया है।

8-9 जुलाई को स्थानांतरण के लिए होगी काउंसलिंग

हल्द्वानी : प्रारंभिक शिक्षा संवर्ग में शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए 8 और 9 जुलाई को काउंसलिंग होगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक ने समस्त उप शिक्षा अधिकारियों को इन तिथियों को सुबह 10:30 बजे मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रमाणित रिक्ति के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

वन विभाग ने पौधरोपण कर मनाया वन महोत्सव

हल्द्वानी : वन महोत्सव के तहत किशनपुर रेंज वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को गोविंदनगर, पड़ागांव, बैकुण्ठपुर, देवनगर शक्ति फार्म नंबर 6 समेत आसपास के गांवों में फलदार व छायाकार पौधे रोपे। किशनपुर रेंजर घनानंद चनियाल ने ग्रामीणों को वनों का महत्व बताया। नीम, बेल, आंवला, कटलह, नीबू, आम आदि पौधे रोपे। इस मौके पर मनीषा महलदार, ब्रिंची बाइन, रविंद्र सिंह, डिप्टी रेंजर खीम सिंह अधिकारी, नवीन सिंह मेहरा रहे।

भीगते ट्रांसफार्मर और जर्जर पोल बने हैं बड़ा खतरा

मानसून का मौसम शुरू हो गया है ऐसे में बिजली विभाग की ओर से मानसून से पहले मेंटेनेंस कार्य पूरा कराया गया था। लेकिन अभी भी शहर के अधिकांश जगहों पर ट्रांसफार्मर खुले में रखे नजर आ रहे हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में यह ट्रांसफार्मर, जर्जर पोल व झूलते तार किसी दुर्घटना का सबब बन सकते हैं। शुक्रवार को अमृत विचार की टीम शहर के अलग-अलग इलाकों में में पड़ताल की तो खुले में ट्रांसफार्मर, जर्जर बिजली के पोल व झूलते बिजली के तार नजर आए। इससे बिजली विभाग की ओर से पूर्व में कराए गए मेंटेनेंस कार्यों की पोल खुल गई। शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली सप्लाई के उपकरण हादसों को न्यौता देते नजर आ रहे हैं।

दृश्य 1

रामपुर रोड स्थित बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी है। आसपास से गुजरने वाले लोगों के लिए यह खतरा बना हुआ है। यह ट्रांसफार्मर बारिश के दिनों में किसी भी अनहोनी को दावत देते नजर आ रहा है।

दृश्य 3

टीपीनगर से गुजर रही बिजली की हाइटेंशन लाइन में जंगली बेल उग आई है, जबकि कुछ ही दूरी पर बिजली विभाग का कार्यालय है। इसके बाद भी विभाग की नजर नहीं पड़ रही है। पूर्व में यहां कई बार आवारा पशुओं की करंट की चपेट में आने से मौत हो चुकी है।

दृश्य 2

यूओयू रोड पर स्थित मेन बिजली के पोल को सपोर्ट करने वाला पोल जंग से पूरी तरह से गल कर एक ओर झुक गया है। समय रहते पोल को नहीं बदला गया तो भी कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

दृश्य 4

रामपुर रोड स्थित बिजली का बॉक्स खुला होने के चलते तार बिल्कुल बाहर निकल आए हुए है। बारिश के मौसम में सड़क के किनारे आस-पास से निकलने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।



बोले अधिकारी

मौजूदा समय में जिन स्थानों पर बिजली के उपकरण खुले में रखे हुए हैं तथा पोल जर्जर हो चुके हैं, उन्हें चिह्नित कर सुधारीकरण किया जाएगा। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीओ को प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया जाएगा।
-प्रदीप बिष्ट, ईई

दृश्य 5

शहर के केमू स्टेशन स्थित प्राचीन देवी मंदिर के सामने चबूतरा पर खुले में रखा ट्रांसफार्मर किसी खतरे से कम नहीं है। यहां भीड़-भाड़ रहती है। खुले में रखा ट्रांसफार्मर व तारों का जाल लोगों के लिए खतरा बना हुआ है।

गोट वैली योजना में 112 लोगों को मिलेगा लाभ

हल्द्वानी, अमृत विचार: राज्य सरकारी की गोट वैली से लोगों को रोजगार मिल रहा है। इस बार 112 लोगों को योजना का लाभ मिलेगा, जिसके लिए चयन प्रक्रिया जारी है।

पिछले साल से शुरू हुई गोट वैली योजना के लिए जिले के बेतालघाट ब्लॉक को चुना गया था। योजना के तहत लाभार्थियों को 15 बकरी व एक बकरा दिया जाता है, जिसमें से 5 बकरियां राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) की ओर से लोन पर उपलब्ध कराया जाता है, जबकि 10 बकरी व एक बकरा राज्य सरकार व जिला योजना के तहत निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। पिछली बार 100 लोगों ने योजना का लाभ लिया था, जबकि इस बार 112 लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

योजना का लाभ लेने के लिए बकरी बाड़े के लिए पर्याप्त जगह होनी चाहिए। योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। पिछली बार 49 महिला लाभार्थी थीं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि योजना के लिए लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया चल रही है। पिछली बार जिन लोगों का चयन किया था, वह वर्तमान में अच्छा रोजगार कर रहे हैं। जिस तरह बाजार में बकरी के दूध की मांग बढ़ रही है, उसे देखते हुए पशुपालन विभाग को राज्य में गोट वैली से अच्छे दुग्ध उत्पादन की उम्मीद है, जिसके तहत कुमाऊं मंडल के सभी जिलों में इस योजना को शुरू किया गया है।

बिंदुखत्ता राजस्व गांव के लिए सांसद से मिले वन अधिकार समिति के लोग

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : वनाधिकार समिति बिंदुखत्ता के पदाधिकारियों ने सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट से भेंटकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के साथ ही बिंदुखत्ता को राजस्व गांव बनाने की दिशा में कार्रवाई करने की मांग की है।

वनाधिकार समिति बिन्दुखत्ता के पदाधिकारियों ने सांसद से भेंट कर विभिन्न मांगों को लेकर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिन्दुखत्ता का उच्चीकरण व बिन्दुखत्ता के मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण सहित 6 सूत्रीय मांगें शामिल हैं। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि बिंदुखत्ता राजस्व गांव की पत्रावली जिलाधिकारी द्वारा शासन को प्रेषित की गई है जिसमें अब शासन द्वारा निर्णय लिया जाना है। जिस पर क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने बिंदुखत्तावासियों को हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए शासन स्तर पर भी राजस्व गांव मामले की पैरवी करने का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। ज्ञापन देने वालों में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ गोस्वामी, सचिव भवन भट्ट, संरक्षक बसंत पांडे, भूतपूर्व सैनिक संगठन के कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, भाजपा नेता कुंदन चुफाल, जैव विविधता के अध्यक्ष उमेश भट्ट, कैप्टन रंजीत गड़िया, देवेंद्र सिंह बिष्ट, एडवोकेट बलवंत सिंह बिष्ट व गणेश काण्डपाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपते वन अधिकार समिति के पदाधिकारी व अन्य।

लंबित वाद स्थगित रखने की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दमुवाढूंगावासियों ने मंडलायुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंपकर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के लंबित वादों को भू स्वामित्व का निर्धारण होने तक स्थगित करने की मांग की है।

शुक्रवार को दमुवाढूंगा के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधि मंडल मिनी स्टेडियम रोड स्थित मंडलायुक्त कैंप कार्यालय पहुंचा। यहां उन्होंने मंडलायुक्त रावत को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में आवासीय कॉलोनियां विकसित हो चुकी हैं। 643 एकड़ क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क की सुविधा है। यह क्षेत्र वन भूमि में आता है लेकिन तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2015 में 646.8 एकड़ में 31.36 एकड़ को छोड़कर शेष को आरक्षित वन से अलग किया था जो तीन वार्ड भी बनाए थे। हालांकि अभी तक क्षेत्रवासियों को भूमि का स्वामित्व नहीं मिल सका है।

इस बीच जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के जेई गृह निर्माण वगैरह में दंडात्मक प्रक्रिया अपना रहे हैं। कई मामलों में ध्वस्तीकरण के आदेश पारित कर दिए गए हैं इसको लेकर जनता में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भूस्वामित्व का मामला शासन में लंबित है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जब तक शासन में भूस्वामित्व का मुद्दा लंबित हैं तब तक प्राधिकरण के लंबित वादों को स्थगित करने का आदेश करें। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व प्रधान महेश जोशी, निवर्तमान पार्षद देवीदयाल उपाध्याय, विद्या देवी, हृदयेश कुमार आदि शामिल थे।

महिला को रजिस्ट्री को लेकर आश्वासन पत्र सौंपते मंडलायुक्त दीपक रावत।

मंडलायुक्त ने दिए शीघ्र रजिस्ट्री कराने के आदेश

हल्द्वानी : मंडलायुक्त दीपक रावत ने पर्वतीय महिला से जमीनी धोखाधड़ी के आठ वर्ष पुराने विवाद का निस्तारण किया। उन्होंने लैंड डेवलपर्स को जमीन की रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए हैं। अल्मोड़ा निवासी पार्वती भंडारी पत्नी रमेश चंद्र भंडारी ने मंडलायुक्त रावत को बताया कि वर्ष 2016 में कुशाग्र हैबिटेट डेवलपर्स प्राल. से जसपुर से एक हजार वर्ग फीट का प्लॉट 5 लाख रुपये में खरीदा था लेकिन डेवलपर्स ने जमीन की रजिस्ट्री नहीं की है। पिछले आठ वर्षों से रजिस्ट्री के लिए बार-बार टरका रहे हैं। इस पर मंडलायुक्त ने बिल्डर्स एवं राजस्व अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने डेवलपर्स को प्लॉट की रजिस्ट्री करने के निर्देश दिए। इस पर डेवलपर्स ने 8 जुलाई को भूमि की रजिस्ट्री करने का लिखित आश्वासन दिया।

हत्यारे की फांसी की सजा पर निर्णय रखा सुरक्षित

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाइकोर्ट ने देहरादून के एक ही परिवार के पांच सदस्यों के हत्याकांड के अभियुक्त को फांसी की सजा दिए जाने को लेकर सभी पक्षों को सुना और निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

मामले के अनुसार 23 अक्टूबर 2014 को हरमीत सिंह निवासी आदर्श नगर ने पिता जय सिंह, सौतेली मां कुलवंत कौर, गर्भवती बहन हरजीत कौर, तीन साल की भांजी सहित बहन के गर्भस्थ शिशु निर्मम ढंग चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। पुलिस जांच में सामने आया था कि हरमीत के पिता ने दो शादियां की थी। उसको शक था कि पिता सारी संपत्ति सौतेली बहन के नाम पर कर देंगे। उसकी सौतेली बहन एक हप्ता पूर्व प्रसव के लिए मायके आई हुई थी। उसकी सालगिरह 25 अक्टूबर को थी जिसकी वजह से वह अपने गर्भस्थ शिशु का प्रसव भी 25 अक्टूबर को ही कराना चाहती थी। हरमीत ने दीपावली की रात को सौतेली बहन समेत घर पर पांच लोगों की निर्मम हत्या कर दी। इस केस का मुख्य गवाह पांच वर्षीय कमलजीत बच गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम ने फांसी की सजा की पुष्टि करने हेतु उच्च न्यायलय में रिफरेंस भेजा था।

राजपुरा व ब्लॉक का नलकूप खराब

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजपुरा पुलिस चौकी और ब्लाक स्थित नलकूप की मोटर खराब होने से 15 हजार आबादी के सामने पेयजल का संकट छाया है। बीते दिनों ही इन नलकूपों की मोटर की मरम्मत कराई गई थी लेकिन फिर मोटर खराब होने से लोगों के सामने पानी संकट गहरा गया है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक नलकूप की मोटर मरम्मत होने के बाद कुछ ही दिन में खराब हो जा रही है। इससे मरम्मत की गुणवक्ता पर भी सवाल उठता है। इधर जलसंस्थान के ईई नीरज तिवारी ने बताया कि नलकूप की मोटर को निकालने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

सिल्ट आने से पेयजल आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बीती देर रात हुई बारिश से गौला बैराज का जलस्तर 8254 क्यूसेक तक पहुंच गया। गौला नदी में बारिश से पहाड़ों से आने वाला मलबा और गाद के चलते गौला नदी का पानी फिल्टर प्लांटों को नहीं मिल पाया जिसके चलते शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित रही।

शुक्रवार को शीतलाहाट एवं शीशमहल फिल्टर प्लांटों से सुबह के वक्त पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई इसके चलते करीब 40 हजार की आबादी के सामने पेयजल की दिक्कत गहरा गई। शीतलाहाट फिल्टर प्लांट से जुड़े इलाकों में शामिल रानीबाग, चांदमारी, नरीमन चौराहा, काठगोदाम, नई बस्ती, कॉल टैक्स समेत अन्य इलाकों के घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित रही जबकि शीशमहल फिल्टर प्लांट से जुड़े इलाकों में शामिल इंदिरानगर, नैनीताल रोड, राजपुरा, लालाडांठ, कुसुमखेड़ा, कठघरिया, दमुवाढूंगा और अंतिम छोर के इलाकों तक पानी नहीं पहुंच पाया है। इधर जलसंस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि फिल्टर प्लांटों से पानी की पंपिंग नहीं हो पाई है, जिसके चलते पेयजल आपूर्ति बाधित रही। विभाग की ओर से पानी संकट वाले इलाकों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति नियमित कराई जा रही है।



शीशमहल फिल्टर प्लांट का दृश्य। ● अमृत विचार

सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक नगर निगम काशीपुर क्लब हाउस में गुरुवार को की गई, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश पदाधिकारियों व जिला अध्यक्षों को दायित्व सौंपा गया। साथ ही, महीने में दो बार ऑनलाइन बैठक करने का प्रस्ताव पास किया गया। संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सभी सदस्यों को प्रतिमाह 500 रुपये जमा करने को कहा गया।

संघ के अध्यक्ष व महासचिव ने पूर्व मांग पत्र पर शासन से हुए समझौते के क्रम में कहा कि शीघ्र शासन में फिर वार्ता की जाएगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि संघ की मांगों को पूरा नही किया जाता तो फिर से आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राहत मसीह, महासचिव राजपाल पंवार, दिनेश कटियार, अमरदीप चौधरी, जितेंद्र देवांतक, कल्लू चरन, लक्ष्मण चौहान, मुकेश राजौरिया, अशौक चौधरी, दीपक, संजीव, नितिन चरन, सुरेश सौदा, विनोद, रंजीत चरन, मनोहर, राजीव, कैलाश, महेश वरदान, हर्ष रत्नाकर व हिमांशु गौरव, अशोक, सुल्तानपुर पट्टी आदि रहे।

तैयारी भाजपा ने मतदाता अभिनंदन यात्रा को लेकर बनाई रणनीति, नैनीताल लोस की 14 विस सीटों पर निकाली जाएगी यात्रा

सर्वाधिक मत वाले 10 बूथों के अध्यक्ष होंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भाजपा ने नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट पर 8 से 17 जुलाई तक प्रस्तावित मतदाता अभिनंदन यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक की। यात्रा को सफल बनाने के लिए रूपरेखा बनाई गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

शुक्रवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार प्रदेश की पांचों संसदीय सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। इसी को लेकर नैनीताल संसदीय की 14 विस सीटों पर मतदाता अभिनंदन यात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक विस सीट पर कार्यक्रम होगा, इसमें दो हजार कार्यकर्ता एवं मतदाता की संख्या सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता अभिनंदन यात्रा में सभी बूथ जीतने वाले शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक विस सीट पर ऐसे सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले 10 बूथों की सूची बनाई जाए।

यात्रा संयोजक प्रदीप बिष्ट ने कहा कि 8 जुलाई को कालाढूंगी एवं सितारगंज, 9 को खटीमा एवं लालकुआं, 10 नैनीताल एवं हल्द्वानी, 12 को नानकमत्ता, 13 को गदरपुर एवं बाजपुर, 14 को काशीपुर एवं जसपुर, 16 को भीमताल, 17 को रुद्रपुर एवं किच्छा में मतदाता अभिनंदन यात्रा होगी। इसमें स्थानीय मतदाता एवं प्रदेश व जिला स्तरीय पदाधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सभी मतदाताओं व निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान सम्मान करने की बारी है, जिन्होंने भरोसा भाजपा पर जताया है। इस दौरान जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, ऊधम सिंह नगर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा व कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत एवं विकास भगत, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल आदि रहे।

कुमाऊं संभाग कार्यालय में बैठक में मौजूद भाजपा सांसद व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

डेंगू, मलेरिया मरीजों के लिए अलग वार्ड बनाएं

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: मानसून की बारिश के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू, मलेरिया रोकथाम के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में नगर निगम सभागार में शुक्रवार को बैठक की गई, जिसमें अस्पतालों को डेंगू व मलेरिया के लिए अलग वार्ड तैयार करने, ब्लड बैंकों को रक्त की उपलब्धता की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि बैठक में डेंगू से बचाव के लिए रणनीति तैयार की गई है। जिसमें निजी अस्पतालों से भी डेंगू व मलेरिया के लिए अलग वार्ड बनाने और ब्लैड बैंकों से पर्याप्त रक्त की व्यवस्था करने को कहा गया है। साथ ही, शीघ्र डेंगू जांच आदि की कीमत भी निर्धारित की जाएगी। जिलेभर में 20 स्वयंसेवक घर-घर जाकर लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कहा कि डेंगू की शिकायत होने पर लोगों को तत्काल डॉक्टर से चेकअप करवाना चाहिए। बैठक में सीएमओ नैनीताल डॉ. श्वेता भंडारी व कई निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

परिचालक के परिजनों को दी सहायता राशि

हल्द्वानी: सड़क दुर्घटना में मारे गए हल्द्वानी डिपो के परिचालक मनीष मिश्रा के परिजनों को 1.84 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक दिया गया। यह राशि रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से जुटाई गई है। रोडवेज कर्मचारियों ने धनराशि का चेक मृतक मनीष के घर पर जाकर सौंपा। बता दें कि पिछले माह दिल्ली जा रही रोडवेज बस बिलासपुर चीनी मिल के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें परिचालक मनीष की मौत हो गई थी। मनीष की कुछ माह पहले ही नौकरी लगी थी। इधर हल्द्वानी डिपो एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि मनीष के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया चल रही है।

एक नजर

यूएसनगर में आज भी स्कूल रहेंगे बंद

रुद्रपुर : जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मौसम विभाग के जारी पूर्वानुमान के अनुसार जनपद में 5 से 9 जुलाई तक कहीं-कहीं भारी से भारी वर्षा (रेड एलर्ट) की संभावना को देखते हुए स्कूलों में अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार को जनपद के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों) में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया गया है।

पंतनगर किसान मेला 4 से 7 अक्टूबर तक होगा

पंतनगर : किसान मेला सलाहकार समिति की बैठक कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 116वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन विश्वविद्यालय प्रांगण में 4 से 7 अक्टूबर 2024 के मध्य होगा। इस किसान मेले की थीम 'खाद्य सुरक्षा एवं पहाड़ों में टिकाऊ खेती की सम्भावनाएं' होगी।

मंडी गेस्ट हाउस में बाढ़ समेत अन्य सुरक्षा कार्यों को लेकर की अधिकारियों के साथ बैठक, ढेला नदी को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश

आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष ने की मानसून सीजन की तैयारियों की समीक्षा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रोहेला शुक्रवार को काशीपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मानसून सीजन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक की। बैठक में आपदा प्रबंधन को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से विकास कार्यों की जरूरत वाले स्थानों पर तत्काल कार्य पूरा करने को कहा है। साथ ही उन्होंने आपदा को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रुहेला मंडी गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने आपदा से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि मानसून सत्र से पहले और मानसून सत्र के बाद जो भी समस्याएं आ रही हैं। समस्याओं को तत्काल निस्तारण किया जाए। विगत वर्ष बारिश के चलते काशीपुर के ढेला नदी के इर्द-गिर्द बने आठ मकान ध्वस्त हो गए थे, जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मानसून से कोई जनहानि न हो और न पशु हानि हो। इसको लेकर अधिकारी अभी से सतर्क हो जाएं। उन्होंने कहा कि आपदा से निपटने के लिए पूर्ण तैयारी की जा चुकी है और आपदा को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्य समय से पूर्ण करें। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह, नगर आयुक्त विवेक राय, तहसीलदार पंकज चंदोला, जल निगम के अधिशासी अभियंता शिवम द्विवेदी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अरुण कुमार सहित भाजपा नेता दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह चंडोक, उषा चौधरी, गिरीश चन्द तिवारी, रवि पाल, रजत सिद्धू आदि मौजूद रहे।

गदरपुर में 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के मुख्यालय के कैंप परिसर में सिकयारा टनल संग्रहालय को देखते रोहेला।

गदरपुर में 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के मुख्यालय में की समीक्षा

गदरपुर : उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष ने 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के मुख्यालय में अधिकारियों के साथ मानसून काल एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आपदा के दौरान 15वीं वाहिनी के जवानों द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रहेला 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के मुख्यालय पहुंचे। जहां कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रुहेला ने जिला स्तरीय अधिकारियों और वाहिनी के कमांडेंट सुदेश कुमार दराल के साथ मानसून काल की तैयारियों पर चर्चा की। इस दौरान कमांडेंट सुदेश कुमार दराल ने उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला को पिथौरागढ़ उत्तरकाशी चमोली में आरसीसी भूमि आवंटन करवाने एवं वाहिनी के मुख्यालय परिसर में विद्युत समस्या के संदर्भ में अवगत कराया। इस दौरान विनय रहेला ने अधिकारियों से मुख्यालय परिसर में विद्युत समस्या के शीघ्र निदान के आदेश दिए। समीक्षा के बाद विनय रोहेला वाहिनी कैंपस में सिकयारा टनल संग्रहालय को देखा। इस मौके पर तहसीलदार लीना चंद्रा, कमांडेंट सुदेश कुमार दराल, शैलेश कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, भूपेंद्र कोटनाला आदि मौजूद थे।

आरओबी पर हाइट बैरियर को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

काशीपुर : मंडी गेस्ट हाउस पहुंचे आपदा प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहेला को व्यापारियों ने हाइट बैरियर को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि 7 वर्षों से अधिक समय में आरओबी बनकर तैयार हुआ है, जिस पर भारी वाहनों का आवागमन न होने देने के लिए बैरियर लगाने की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है, इसके चलते भारी वाहनों का आवागमन सर्विस रोड पर होगा। व्यापारियों ने कहा कि उनका व्यापार तो पहले से ही चौपट है और बैरियर लगने से और भी चौपट हो जाएगा। ज्ञापन में व्यापारियों ने भारी वाहनों को नगर में प्रवेश न करने देने की मांग की है।

खाद्य आपूर्ति गोदाम में उपायुक्त ने मारा छापा

सस्ता गल्ला दुकानों को नहीं भेजा गया राशन, स्टॉक की जांच कर वितरण करने का दिया आदेश

गोदाम में खाद्यान्न का निरीक्षण करते उपायुक्त खाद्य एवं नवनियुक्त डीएसओ विपिन कुमार। ● अमृत विचार

जांच

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: खाद्य उपायुक्त व जिला पूर्ति अधिकारी ने खाद एवं नागरिक आपूर्ति के गोदाम का निरीक्षण किया और खाद्य स्टॉक की जांच की। इस दौरान गोदाम में राशन भरा मिला। इसका वितरण सस्ता गल्ला दुकानों पर नहीं किया गया। इस पर उपायुक्त ने अधीनस्थों को फटकार लगाते हुए शीघ्र ही खाद्यान्न का वितरण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शुक्रवार को उपायुक्त खाद्य एवं नवनियुक्त डीएसओ विपिन कुमार सुबह 11 बजे अचानक काशीपुर हाईवे स्थित खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के गोदाम पहुंचे। जहां उन्होंने चावल, गेहूं और बाजरा की गुणवत्ता को परखा व स्टॉक रजिस्टर की जांच की। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि गोदाम में 3200 क्विंटल गेहूं, 2400 क्विंटल चावल और 1365 क्विंटल बाजारा और पोषित आहार रखा हुआ था, लेकिन उसका वितरण सरकारी सस्ता गल्ला की दुकानों पर नहीं किया गया।

इस पर उन्होंने नाराजगी जतायी और खाद्य विभाग के वरिष्ठ विपणन अधिकारी हेमंत जोशी तत्काल सस्ता गल्ला दुकानों में राशन पहुंचाने का आदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुकानों पर समय पर राशन मुहैया नहीं करना लापरवाही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

... क्या इस बार माफिया पर की जाएगी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: रुद्रपुर सर्किल में राशन वितरण धांधली को लेकर जहां तीन दुकानों पर मुकदमा पंजीकृत होने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। वहीं उपायुक्त व जिला पूर्ति अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करते हुए राशन वितरण घोटाले के माफिया पर शिकंजा कसने की बात कही। उन्होंने कहा कि गरीबों का निवाला छीनने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे में सवाल उठता है कि वर्षों से राशन घोटाला कर रहे माफिया पर कार्रवाई होगी।

अप्रैल में मिल रही शिकायतों के आधार पर जब पूर्ति निरीक्षक ने सस्ता गल्ला दुकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें पाया कि गल्ला विक्रेता दुकानों में निर्धारित अधिभार का राशन नहीं था। कार्ड धारकों को कई दिनों का राशन वितरण नहीं किया गया और राशन का रखरखाव दूसरे स्थान पर पाया गया। इसके आधार पर विभाग ने एक रिपोर्ट बनाकर पांच सस्ता गल्ला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जिस पर डीएम के आदेश पर पांच दुकानों को अटैच किया था। वहीं तीन दुकानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

इसी दौरान चार जुलाई को वर्तमान डीएसओ श्याम लाल आर्य का तबादला हो गया और उनके स्थान पर डीएसओ एवं उपायुक्त विपिन कुमार ने कार्यभार संभालते हुए सबसे पहले राशन माफिया पर शिकंजा कसने की बात कही। उन्होंने कहा कि वितरण में धांधली करना अपराध है। ऐसे में सरकारी योजना प्रभावित होती है और राशन माफिया गरीबों के राशन को बेचकर मोटा मुनाफा कमाते हैं। उन्होंने कहा कि वह माफिया के घोटाले का पर्दाफाश करेंगे।

मॉल में दुकानों पर कब्जा नहीं देने पर भड़के व्यापारी

संवाददाता, रुद्रपुर

आक्रोश

- मार्केटिंग हेड का घेराव कर काटा हंगामा
- व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अमृत विचार: शहर के बड़े शॉपिंग मॉल में खरीदी गई दो दुकानों पर कब्जा नहीं देने पर भड़के व्यापारियों ने जमकर हंगामा काटा और मार्केटिंग हेड का घेराव किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि व्यापारी को दुकान पर कब्जा नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा और कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित कई व्यापारी सुपरटेक के शॉपिंग मॉल स्थित कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मार्केटिंग हेड सुशील कुमार का घेराव कर हंगामा काटा। उनका कहना था कि रुद्रपुर के एक व्यापारी ने वर्ष 2007 में दो दुकानों को खरीदा था और 17 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। उस वक्त मॉल प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि 2014 में निर्माण के बाद कब्जा दिया जाएगा, लेकिन 2014 के बाद जब देखा तो गलत निर्माण के कारण दुकानों का साइज छोटा हो गया। इसके बाद प्रबंधन कभी फ्लैट तो कभी दूसरी दुकान का प्रलोभन देकर टालता रहा। मामले को दस साल बीत जाने के बाद भी कोई कब्जा नहीं दिया। व्यापारियों से हुई प्रबंधन की वार्ता के बाद आश्वासन दिया कि 15 दिन के अंदर दुकानों की रजिस्ट्री कर दी जाएगी। जिसके बाद व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ। व्यापारियों ने आगाह किया कि यदि दुकान पर कब्जा नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद चावला, राजेश चावला, राजेश धीक, संजू बेदी, ओमप्रकाश सलूजा, राजीव छाबड़ा, मनीष साहनी जितेंद्र गांधी, राजवीर सिंह हर्ष दीप सिंह, संजीव अरोरा व गौरव ग्रोवर, हरसिमरन सिंह, अरुण सिंह जगरूप सिंह समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

उप जिला चिकित्सालय परिसर में जलभराव

बाजपुर : बारिश से उपजिला चिकित्सालय परिसर में जलभराव हो गया है। इसकी वजह से चिकित्सकों के साथ ही आमजन को परेशानी हो रही है। पर्वतीय क्षेत्र के साथ ही तराई भावर में हुई बारिश से नदी-नालों का जल स्तर एक बार फिर से बढ़ गया है। गुरुवार की रात व शुक्रवार की सुबह जमकर मेघा बरसे। इससे उपजिला चिकित्सालय, मोहल्ला बांकेनगर, राजीवनगर, इंदिरा कॉलोनी, एनएनटोपा, चकरपुर, सुभाषनगर, धनसारा, गुमसानी आदि में जलभराव हो गया है। इन जगहों पर जलभराव की वजह से लोग काफी परेशान हैं तथा लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैंने अपने पुत्र शुभम् कुमार को उसके अमर्यादित कृत्यों के चलते अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा पुत्र अपने अच्छे व बुरे किए का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा तथा मेरे परिवार के सदस्यों का उसके अच्छे व बुरे किए से कोई वास्ता सारोकार नहीं होगा। - **भगवान दास पुत्र केशों राम, वार्ड नंबर 9/11 पशु चिकित्सालय गदरपुर, जिला-उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)**

15 तक करें लिगेसी वेस्ट निस्तारित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने ट्रंचिंग ग्राउंड से लिगेसी वेस्ट एवं निस्तारण की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारिश को देखते हुए 15 जुलाई तक डंपिंग साइट लिगेसी वेस्ट को निस्तारित कर साफ करने के निर्देश दिए। साथ ही लिगेसी वेस्ट निस्तारण की नियमित फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करने को कहा। ताकि डंपिंग साइट के लिगेसी वेस्ट निस्तारण के वास्तविक स्थिति का आकलन हो सके।

शुक्रवार की सायं ट्रंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कूड़ा निस्तारण के लिए सभी कार्य वैज्ञानिक तरीके से करने और एनजीटी के मानकों के अनुसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राउंड में अवशेष एकत्रित लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त आरडीएफ के निस्तारण करने व अनुबंधित फर्म को 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से ट्रंचिंग ग्राउंड से आरडीएफ को हटाते हुए जीपीएस ट्रैकिंग के साथ निस्तारण की रिपोर्ट नगर निगम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उपनगर आयुक्त शिप्रा जोशी और अनुबंधित फर्म के मैनेजर उपस्थित रहे।

ट्रंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

पात्रों को कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दें

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में स्वनिधि से समृद्धि योजना के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने जिला अनुश्रवण समिति की बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने योजना के पात्रों को आठ कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के तहत पटरी वह रेहड़ी वेंडर को राज्य सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण देकर वित्तीय सहायता प्रदान करने साथ-साथ उनका समग्र विकास एवं आर्थिक उत्थान किया जाना है। योजना के साथ लाभार्थी व उनके परिजनों को आठ कल्याणकारी योजनाओं पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना, पीएम जन धन योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड, रजिस्ट्रेशन अंडर बीओसीडब्लू, जननी सुरक्षा योजना और पीएम मातृ वंदना योजना से भी लाभांवित किया जाए। उन्होंने कहा कि विगत दिनों वर्षा के कारण जो लोग शिविर में प्रतिभाग नहीं कर पाये थे उन्हें आगामी तिथियों में प्रतिभाग करने की जानकारी दें। प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर, नगर निकायों को निर्देश दिये कि इन सभी योजनाओं का अध्ययन कर पम्पलेट बनाकर लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा, एमएनए काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त रुद्रपुर शिप्रा जोशी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, एलडीएम एमएस जंगपांगी मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

156 निर्माण कार्यों का होगा निरीक्षण-सत्यापन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत ऊधमसिंह नगर जनपद में निर्माण इकाइयों की ओर से 30 जून तक 156 योजनाओं का निर्माण हुआ है। इसका स्थलीय निरीक्षण और निर्माण कार्यों का सत्यापन जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इसके लिए रोस्टर जारी किया है।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड पेयजल निगम की निर्माण इकाई-निर्माण शाखा रुद्रपुर की 54, निर्माण शाखा खटीमा की 41, पीआईयू अमृत काशीपुर की 26 योजनाओं और जल संस्थान की अनुरक्षण खंड रुद्रपुर की 16, अनुरक्षण खंड खटीमा की 11 एवं अनुरक्षण खंड रामनगर (नैनीताल) की 8 योजनाओं का विगत माह निर्माण कार्य पूरा हुआ है। उन्होंने बताया कि इन पूर्ण निर्मित कार्यों का 5 जुलाई से 12 अगस्त तक निरीक्षण और एवं सत्यापन कार्य किया जाना है। उन्होंने इस कार्य के लिए जिले में 39 अधिकारियों को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को रोस्टर के अनुसार जल जीवन मिशन योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण व निर्माण कार्यों का सत्यापन कर रिपोर्ट सात दिन के भीतर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यशाला | बागेश्वर व ऊधमसिंह नगर के 30 ग्राम विकास अधिकारी रहे मौजूद

आधुनिक जनसंचार की जानकारी दी

प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम विकास अधिकारियों को जानकारी देते डीआईओ गोविंद सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: प्रसार प्रशिक्षण केंद्र रुद्रपुर में नव चयनित ग्राम विकास अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें बागेश्वर और ऊधमसिंह नगर जनपद के करीब 30 ग्राम विकास अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान नव चयनित ग्राम विकास अधिकारियों को सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के कार्यों, विभाग की पृष्ठभूमि और आधुनिक जनसंचार के माध्यमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

शुक्रवार को केंद्र में प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान जिला सूचना अधिकारी गोविंद सिंह बिष्ट ने ग्राम विकास अधिकारियों से कहा कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग सरकार एवं जनता के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए सेतु की भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि अधिकांश योजनाओं के क्रियान्वयन में कलम का बहुत अधिक महत्व होगा, इसलिए संतुलन और सकारात्मक सोच के साथ ही अपने कार्यों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में बताई गयी व्यवहारिक बातों को प्रमुखता से आत्मसात करें।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

पंत विवि के छात्रावास से बीटेक का छात्र लापता

पंतनगर : बीती 30 जून को जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर के सिल्वर जुबली छात्रावास से बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गया। इससे विवि प्रशासन सहित परिजनों में हड़कंप मच गया है। छात्र के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने छात्र की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मस्जिद कॉलोनी पंतनगर निवासी छद्दू गिरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पौत्र शेखर गिरी पुत्र स्व. उमेश गिरी पंतनगर विवि में बीटेक मैकेनिक इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष का छात्र है। बीती 30 जून को वह हमेशा की तरह स्कूटी संख्या यूके 06/बीसी 4295 से अपने मित्र से मिलने विवि के सिल्वर जुबली छात्रावास गया था। जहां से वह अचानक गायब हो गया है और उसकी स्कूटी मस्जिद कॉलोनी में एटीएम के बाहर खड़ी मिली है। उसी दिन शाम से उसका मोबाइल भी बंद है। पहली जुलाई को उसे लखनऊ के पास मल्हौर स्टेशन पर बाघ एक्सप्रेस में देखा गया है।

छात्र शेखर गिरी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को अश्लील फोटो भेजकर किया ब्लैकमेल

बाजपुर : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने एक अनजान व्यक्ति पर उनकी एडिट की हुई अश्लील फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर पैसों की मांग करने व पैसे नहीं भेजने पर फोटो इंटरनेट पर अपलोड करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर अंजान नंबरों से फोन करके डराया-धमकाया जा रहा है। साथ ही व्हाट्सएप्प के माध्यम से उनके फोटो एडिट कर अश्लील रूप में भेजी जा रही है और पैसों की मांग की जा रही है।

अग्निकांड के पीड़ित ने लगाई मदद की गुहार

काशीपुर : आग की घटना के दो दिन बीतने के बाद भी पीड़ित ई-रिक्शा चालक की मदद को किसी ने भी हाथ नहीं बढ़ाए हैं। पीड़ित परिवार पड़ोसी के घर में शरण लिए हुए है। पीड़ित परिवार ने मदद की गुहार लगाई है। बरेली निवासी नरेश कुमार एक दशक पूर्व खड़कपुर देवीपुरा वार्ड नंबर दस में बस गए थे। दंपति मजदूरी कर अपना व परिवार का पालन पोषण कर रहा है। दो जुलाई की सुबह उनके घर में आग लग गई थी।

क्लीनिक बंद कर घर जा रहे चिकित्सक को लूटा

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: क्लीनिक बंद कर मेडिकल से दवाइयां लेकर घर लौट रहे चिकित्सक से बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने नकदी, कागजात व दवाइयों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गए। पीड़ित चिकित्सक ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बाजपुर क्षेत्र के चिकित्सक नगरपालिका के वार्ड नंबर-एक मोहल्ला मझरा-प्रभु निवासी डा.राकेश भटनागर ने पुलिस को बताया कि उनकी तहसील के सामने भटनागर क्लीनिक है। रोजाना की भांति गुरुवार की देर रात करीब 9.45 बजे अपना क्लीनिक बंद करके मुख्यमार्ग स्थित जगदीश मेडिकल से कुछ दवाइयां लेकर श्रीरामलीला ग्राउंड से होते हुए पैदल ही अपने आवास पर जा रहे थे। आरोप है कि जैसे ही वह तहसील भवन के पीछे वाली गली में पुलिस आवास के सामने पहुंचे तो पीछे से आए बाइक सवार दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने चिकित्सक के हाथ से बैग छीन लिया और जब तक वह कुछ समय पाते आरोपी बाइक को तेजी से दौड़कर भाग गए। शोर-शराबा करने के साथ ही चिकित्सक ने कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन आरोपी कुछ ही देर में ओझल हो गए। चिकित्सक के अनुसार बैग में 30 हजार रुपये की नकदी, दवाइयां, एसबीआई व काशीपुर अर्बन को-आपरेटिव बैंकों की स्थानीय शाखाओं की चेकबुकें एवं अन्य जरूरी कागजात थे।

शहर की चार कॉलोनियों को किया गया चिन्हित, कॉलोनियों पर जुर्माना लगाने की तैयारी, लिस्ट की जा रही तैयार

काशीपुर की अवैध कॉलोनियों पर की गई छापेमारी

कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर में जिला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला ने अवैध कॉलोनियों को लेकर छापेमारी की। टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर की चार कॉलोनियों को चिन्हित किया है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रोहेला ने संबंधित अधिकारियों को शहर में हो रहे अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माण को लेकर लिस्ट तैयार करने को कहा है। लिस्ट तैयार करने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

औचक निरीक्षण करते प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रोहेला व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को जिला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक रुहेला, प्राधिकरण सचिव पंकज उपाध्याय के साथ काशीपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्र में औचक निरीक्षण करते हुए अवैध रूप से निर्माण हो रही काशीपुर की चार कॉलोनियों को चिन्हित किया है। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कॉलोनियों पर जुर्माना लगाने व उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने काशीपुर में अवैध निर्माणों की सूची तैयारी करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों व अवैध निर्माण करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा।

इस दौरान कार्रवाई में इस मौके पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला, नगर आयुक्त विवेक राय आदि मौजूद रहे।

दो साल बाद पुलिस ने खोला हत्या का राज

रुपये के लेनदेन को लेकर की गई थी दिहाड़ी मजदूर जगदीश उर्फ साधु की हत्या, पॉलीग्राफ टेस्ट का लिया सहारा

खुलासा

संवाददाता, काशीपुर

27 जुलाई 2022 को ग्राम गोपीपुरा पांडे कॉलोनी निवासी जगदीश उर्फ साधु का शव स्थानीय निवासी रमेश उर्फ पप्पू के खेत की मेड़ पर बरामद हुआ था

22 मार्च 2023 को अभियोग पंजीकृत कर कुंडा थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौर को सौंपा गया था

अमृत विचार: फॉरेन्सिक विधि विज्ञान की सहायता से दिहाड़ी मजदूर की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने दो साल बाद गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने घटना के दो वर्ष बाद सफल अनावरण पर मृतक के परिजनों व स्थानीय लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की है।

शुक्रवार को थाना कुंडा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 27 जुलाई 2022 को ग्राम गोपीपुरा पांडे कॉलोनी निवासी जगदीश उर्फ साधु का शव स्थानीय निवासी रमेश उर्फ पप्पू के धान लगे खेत की मेड़ पर बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में मृतक की पत्नी दुर्गावती की तहरीर पर 22 मार्च 2023 को अभियोग पंजीकृत कर कुंडा थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौर के सुपुर्द हुई। एसएसपी ने बताया कि घटना को घटित हुए काफी समय होने के कारण थाना प्रभारी को टीम का गठन कर शीघ्र खुलासे को निर्देशित किया गया था। छानबीन में मृतक की पत्नी ने बताया कि घटना वाले दिन शाम 5 बजे रमेश उर्फ पप्पू ने उसे घर आकर बताया था कि उसके पति शराब पीकर पड़े हुए हैं तथा सिर पर चोट के निशान थे। उक्त मामले में घटना स्थल जंगल के किनारे खेत का होने तथा आसपास कोई साक्ष्य व गवाह नहीं मिलने पर फॉरेन्सिक विधि विज्ञान की सहायता लेकर संदिग्ध रमेश उर्फ पप्पू का पॉलीग्रॉफ टेस्ट भी कराया। इसमें आरोपी कई सवालों में झूठ बोलता पकड़ा गया। हालांकि अभी पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त नहीं हुई। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को सवालो के घेरे में लेकर पूछताछ की। इसमें आरोपी टूट गया और उसने साधु की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में घटना के अनावरण के दौरान एसपी सिटी अभय सिंह व सीओ अनुष्का बड़ोदा भी मौजूद रहे। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर, उपनिरीक्षक होशियार सिंह, कांस्टेबल नरेश चौहान शामिल रहे।

हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी व पुलिस टीम के साथ आरोपी।

800 रुपये की मजदूरी के लिए हुई हत्या

काशीपुर : एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे मृतक को 800 रुपये मजदूरी के देने थे। घटना के दिन दोपहर 3 बजे खेत में पानी लगाते समय साधु गाली-गलौज करते हुए अपने पैसे मांगने लगा। इसके बाद गुस्से में आकर आरोपी रमेश ने मृतक जगदीश के सिर पर फावड़े से वार कर दिया, तो वह जमीन पर गिरकर मर गया। आरोपी ने बताया कि मृतक अकसर शराब पीकर खेतों व सड़क किनारे पड़ा रहता था जिसकी सूचना उसने उसके घर आकर दी। जिससे कोई उस पर शक न कर सके। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद कर लिया है।

उत्कृष्ट विवेचना पर मेडल के लिए भेजा जाएगा नाम

काशीपुर : एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि हत्याकांड के दो साल बाद पुलिस ने बेहतर पुलिसिंग के माध्यम से साइंटिफिक तरीकों को इस्तेमाल कर इस केस का खुलासा किया है। इसमें थाना प्रभारी विक्रम राठौर व एसआई होशियार सिंह की विशेष भूमिका रही है। दोनों का नाम उत्कृष्ट विवेचना के तहत मेडल के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने खुलासे के लिए पूरी टीम को नकद 15 सौ रुपये इनाम की घोषणा भी की।

शराब के नशे में गिरकर मौत की थी आशंका

अर्शी खान, काशीपुर

- चिकित्सकीय रिपोर्ट में सिर में गहरी चोट से मौत होने पर पुलिस को हुआ हत्या का शक
- पुलिस ने दो साल बाद छानबीन शुरू कर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

अमृत विचार : 27 जुलाई 2022 को ग्राम गोपीपुरा पांडे कॉलोनी निवासी जगदीश उर्फ साधु का शव स्थानीय निवासी रमेश के उर्फ पप्पू के धान लगे खेत की मेढ़ पर पुलिस को बरामद हुआ था। मामले में प्रथम दृष्टया पुलिस ने नशे के सेवन के बाद गिरकर मौत होना कारण माना था। उधर मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी।

इस पर पुलिस ने संदेह के आधार पर रमेश उर्फ पप्पू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन घटना स्थल जंगल किनारे व खेत होने के कारण वहां कोई सीसीटीवी कैमरा पुलिस को नहीं मिला। साथ ही मौके का कोई चश्मदीद गवाह भी पुलिस को नहीं मिल पाया। घटना में छानबीन में पुलिस को मौके से कोई भी साक्ष्य आरोपी के खिलाफ प्राप्त नहीं हो पाए थे। इससे आरोपी दो साल से पुलिस से बचता चला गया। हाल में मामले की विवेचना फाइनल रिपोर्ट के लिए थाना कुंडा प्रभारी विक्रम राठौर के पास पहुंची। उसका विश्लेषण करने के बाद एसओ विक्रम राठौर ने पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक व कुछ अन्य के बयान दर्ज किये। चिकित्सक ने सिर की एक हड्डी में गहरी चोट के कारण मौत होना बताया। जबकि मृतक जहां गिरा था वहां पर मिट्टी थी। मृतक की पत्नी ने घटना की सूचना पहले आरोपी रमेश द्वारा देना बताया। कुछ लोगों ने रमेश को घटना के दिन उस स्थान की ओर से आते हुए भी देखा था। इसके बाद पुलिस को हत्या का शक गहरा गया और पुलिस ने आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट कराने का निर्णय लिया। पॉलीग्राफ टेस्ट में भी आरोपी कुछ सवालों में घिरता नजर आया। हालांकि अभी टेस्ट की रिपोर्ट पुलिस को प्राप्त नहीं हुई। पॉलीग्राफ टेस्ट के बाद विक्रम राठौर ने आरोपी को कुछ सवालों के घेरे में लिया। जिसके बाद पुलिस ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस तरह पुलिस ने दो साल पहले हुए हत्याकांड का खुलासा किया।

कंबाइन मशीन हुई दुर्घटनाग्रस्त

संवाददाता, शक्तिफार्म

अमृत विचार: तिलियापुर ग्राम सभा के पास कटना नदी में बने ऊंचे पुल के करीब टुकटुक को साइड देते समय धान काटने वाली कंबाइन मशीन सड़क से 15 फीट नीचे गिरकर पलट गई। तिलियापुर और किच्छा को जोड़ने वाले रास्ते पर कटना नदी पर पुल काफी ऊंचा बना है। बरसातों में पुल के दोनों ओर सड़क की मिट्टी कट जाने से हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के तेज पानी से पूरा रास्ता कट कर नीचे गिर जाता है। ग्रामीणों के शिकायत पर लोनिवि द्वारा सीमेंट के कट्टों में मिट्टी डालकर हर बरसात में खानापूर्ति कर दी जाती है। इस संबंध में तिलियापुर ग्राम सभा के महेंद्र पाल सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की थी, लेकिन फिर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सड़क से करीब 15 फीट नीचे गिरी धान काटने की कंबाइन मशीन। ● अमृत विचार

एक वर्ष बाद गिरफ्तार किया वांछित गौ तस्कर

काशीपुर: थाना आईटीआई पुलिस ने एक वर्ष बाद वांछित गौ तस्कर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किए गए थे।

थाना पुलिस ने 12 जुलाई 2023 को दर्ज मुकदमे में आरोपी हसन अली उर्फ हुसैनी निवासी गढ़ी का मोहल्ला फरीदनगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश लगातार फरार चल रहा था। अदालत द्वारा वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने आरोपी हसन अली को मुखबिर की सूचना पर बस स्टेशन काशीपुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने शुक्रवार को उसे अदालत के समक्ष पेश किया जा रहा है।

बालक का पता लगाने के लिए एसएसपी को घेरा

- एसएसपी से टीमें बनाने की उठाई मांग
- 2 जुलाई से लापता है 13 साल का बालक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: घर से रूठकर लापता हुए 13 वर्षीय हमजा बेग का तीसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लगा। इसको लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने आदर्श कॉलोनी के लोगों के साथ एसएसपी का घेराव किया और पुलिस टीमें बनाकर बालक की खोजबीन किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि तीन दिन बीत जाने के बाद भी बालक का कोई सुराग नहीं लगा, जबकि बालक की लोकेशन काठगोदाम देखी गई है। ऐसे में चिंता बढ़ती जा रही है।

रुद्रपुर में एसएसपी का घेराव कर ज्ञापन देते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व लोग। ● अमृत विचार

ठुकराल ने बताया कि दो जुलाई की शाम को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग नाराज होकर चला गया था। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि बालक रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से जाने वाली संपर्क क्रांति ट्रेन में बैठकर काठगोदाम उतरा है। इसकी सीसीटीवी फुटेज भी देखी गई है। उन्होंने बताया कि लापता बालक को गायब हुए तीन दिन का समय हो चुका है। बावजूद पुलिस ने महज हल्द्वानी के दो सिपाहियों को खोजबीन के लिए लगाया है। ऐसे में चिंता बढ़ती जा रही है। उन्होंने एसएसपी से पुलिस की टीमें बनाकर बालक की खोजबीन किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर असलम खान, गफ्फार बैग, बाबू खान, वाहिद अली, फारुख अली, अंकुर छाबड़ा, ललित सिंह, अरविंद, आशीष, कलीम खान, सोनू खान, शाहिब खान, नाजिम खान, जैकी रजा, वसीम खान, उस्मान खान, कादिर खान, इमरान खान मौजूद रहे।

कार से टक्कर में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: कार-बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

वसीम।

सुल्तानपुर पट्टी निवासी वसीम (18) अपने साथी इमरान व गदरपुर निवासी सुहैल के साथ बाइक से गुरुवार की देर रात करीब 9 बजे सीमावर्ती तहसील स्वार रामपुर (उप्र) स्थित हवाई अड्डा रेस्टोरेंट घूमने आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच प्रदेश की सीमा से करीब 6 किमी दूर बाजपुर-रामपुर मुख्यमार्ग पर नगर पंचायत नरपतनगर के सामने बने काफी ऊंचे स्पीड ब्रेकर पर बाइक असंतुलित होकर गिर गई, तभी स्वार की तरफ से बाजपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को बुरी तरह से रौंद दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक कार के नीचे फंस गई और वसीम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इमरान व सुहैल गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची स्वार कोतवाली की पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

स्पीड ब्रेकरों पर रोजाना हो रहे हादसे

बाजपुर : सीमावर्ती नगरपंचायत नरपतनगर दूंदावाला स्वार रामपुर उप्र क्षेत्र में बाजपुर-रामपुर एवं बाजपुर मुरादाबाद मुख्यमार्गों पर कई जगह काफी ऊंचे स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। इससे यहां आए दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन स्पीड ब्रेकरों की वजह से कई लोगों की असमय मृत्यु हो चुकी है। बावजूद इसके वहां का प्रशासन इसे बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं ले रहा है तथा पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

किच्छा : बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में एक अधेड़ का शव घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बंगाली कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय शेर सिंह मेहनत मजदूरी करता था। पुलिस के अनुसार शेर सिंह शराब का सेवन करता था। इसके चलते परिवार में अक्सर विवाद रहता था। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात्रि परिजनों ने शेर सिंह का शव दूसरी मंजिल पर बने कमरे की छत पर फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा। घटना के बाद परिजनों में कोहराम में मच गया। एसआई वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

राइस मिल में करंट से चौकीदार की मौत

किच्छा : बंद पड़ी राइस मिल में करंट लगने से संदिग्ध परिस्थितियों में चौकीदार की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बंद पड़ी राइस मिल में मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बरेली, थाना बहेड़ी निवासी 54 वर्षीय गंगाराम चौकीदारी का काम करता था। गुरुवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में उसे करंट लग गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राइस मिल में काम करने वाले अन्य मजदूरों ने काफी देर बाद घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना के बाद मृतक का भाई मान सिंह किच्छा पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई और अन्य लोगों से घटना के बारे में जानकारी हासिल की। फिलहाल पुलिस ने गंगाराम के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया।

बाबा तरसेम हत्याकांड में पेश की गई चार्जशीट

- शूटर सहित दस लोगों के हैं नाम 78 बनाए गए गवाह, 28 मार्च को हुई थी बाबा की हत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड प्रकरण में पुलिस ने न्यायालय के समक्ष चार्जशीट पेश कर दी है। इसमें पुलिस ने कई लोगों को हत्या में आरोपी बनाया है। वहीं तमाम लोगों को गवाह बनाया है।

28 मार्च की सुबह सात बजे बाइक सवार दो सिक्ख व्यक्तियों ने नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड में अमरजीत सिंह और सर्वजीत सिंह शूटर का नाम सामने आया था। उन्होंने दस लाख रुपये में हत्याकांड को अंजाम दिया। वहीं पुलिस ने फरार हुए शूटर पर एक-एक लाख का इनाम घोषित कर दिया था और नौ अप्रैल को बाबा का हत्यारा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को हरिद्वार व कुमाऊं एसटीएफ ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया, जबकि दूसरा शूटर सर्वजीत पुलिस की पकड़ से दूर है। हत्याकांड में शूटरों सहित दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह उर्फ काला, हरमिंदर उर्फ पिंदी, बलकार सिंह, परगट सिंह, जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू व सुखदेव सिंह उर्फ सोनू के साथ ही सुल्तान व सतनाम को गिरफ्तार किया था। बाबा तरसेम हत्याकांड में पुलिस की एसआईटी ने न्यायालय के समक्ष चार्जशीट पेश कर दी है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि चार्जशीट में शूटरों सहित दस आरोपियों के नाम दर्ज हैं, जबकि हत्याकांड में 78 गवाह बनाए गए हैं। इसके अलावा फरार शूटर सर्वजीत सिंह के खिलाफ 81 की कार्रवाई की जा चुकी है। जल्द ही कुर्की की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिवा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

सार संक्षेप

वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया गया

पौधरोपण करते वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म : किशनपुर रेंज की ओर से वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत रेंज परिसर, ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण किया गया। 7 जुलाई तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत रेंज परिसर में नीम, बेल, आंवला, कटहल, नींबू, बुरांश, आम आदि के पौधे लगाए गए। अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने भी गोविंद नगर, बैकुंठपुर, देवनगर, शक्तिफार्म नंबर 6 में भी पौधरोपण किया। रेंजर किशनपुर रेंज घनानंद चनियाल ने ग्रामीणों, खत्तावासियों को वनों के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर रेंजर घनानंद चनियाल, वन दरोगा नवीन सिंह मेहरा, दिनेश चंद्र बुधलाकोटी, ग्राम प्रधान मनिषा महलदार, रविंद्र सिंह, ब्रिन्ची बाईन, गोकुल सिंह नेगी, खीम सिंह अधिकारी, पूजा बोथ्याल, मितिका कृष्णाली, नगमा अंसारी, सानू रावत, सागर जिनाटा आदि मौजूद थे।

पर्यावरण प्रेमी का 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य

डॉ. आशुतोष पंत।

रुद्रपुर : पर्यावरण प्रेमी और पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी रुद्रपुर ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 20 हजार से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए वे 15 जुलाई से 30 अगस्त तक वृहद पौधरोपण अभियान चलाएंगे। इस दौरान इच्छुक लोगों को आम, अमरुद, कटहल, तेजपत्ता, नींबू, सहजन, शरीफा, अंगूर, अनार, करोंदा आदि के पौधे नि:शुल्क भेंट करेंगे। शुक्रवार को डॉ. पंत ने बताया कि जो जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी अपने क्षेत्र में इस तरह के आयोजन कराना चाहें तो वे 12 जुलाई तक उनके व्हाट्सप नंबर 9997019501 पर संदेश भेज सकते हैं। ताकि उनसे संपर्क कर निशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा सकें। सरकारी या गैर सरकारी संस्थाएं, जिनके पास जानवरों से बचाव और सिंचाई की व्यवस्था हो वह भी पौधे लगाने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया

शांतिपुरी में वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान मौजूद वनाधिकारी। ● अमृत विचार

शांतिपुरी : प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी हिमांशु बांगरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी गौला अनिल कुमार जोशी के दिशा निर्देशों एवं वन क्षेत्राधिकारी नवीन सिंह पवार के तत्वावधान में शुक्रवार को "वन महोत्सव" का आयोजन किया गया। डॉली रेंज के अंतर्गत कोटखर्रा प्रथम बीट के प्लाट नं चार में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निवासियों एवं डॉली रेंज के कर्मचारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान धौराडाम नजीमाबाद अजय साहनी, आकाश मेहता, डिप्टी रेंजर मनोज जोशी, शिव सिंह डांगी, वन आरक्षी कैलाश भाकुनी, नवल किशोर पलड़िया, कृष्ण पाल, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

मझोला लिंक मार्ग की बदहाली से ग्रामीण हलकान

खटीमा के मझोला गांव में खस्ताहाल मार्ग। ● अमृत विचार

खटीमा : विकासखंड की ग्राम सभाओं में हर घर जल मिशन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन डालने के तहत खोदी गई सड़कों से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पहली ही बरसात की यह स्थिति आने वाले दिनों में बेहद गंभीर बनने वाली है। ग्राम सभाओं में हर घर जल मिशन योजना के तहत कार्यकायी संस्थाओं द्वारा प्रत्येक ग्राम सभाओं में पाइप लाइन डालने को लेकर सीसी, डामर, खडंजा और कच्चे मार्गों की खुदाई की गई है। एक साल के बाद भी इनकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इधर बरसात शुरू होते ही ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। बारिश के चलते रास्तों पर जलभराव, कीचड़ तथा नालियों की साफ सफाई न होने से ग्रामीणों को मार्गों से निकलने पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर मझोला के जनप्रतिनिधियों ने इन सड़कों की मरम्मत की मांग उठाई है। जिसमें मदार हसन, अहमद रजा, शकील अंसारी, सोहल, निहाल अंसारी, शमशाद हुसैन, दबीर हुसैन आदि शामिल हैं।

गांधी परिवार पर अशोभनीय टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी

कोतवाली में एसएसआई को तहरीर सौंपते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रुद्रपुर : पुतला दहन के दौरान गांधी परिवार के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने सहित गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसएसआई से मुलाकात की और तहरीर देकर भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। शुक्रवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव परवेश कुरैशी, प्रदेश प्रभारी निशांत शाही और महानगर अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा सहित कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने एसएसआई दीपक कौशिक को तहरीर देते हुए बताया कि चार जुलाई को भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर कांग्रेस नेता राहुल का पुतला दहन किया था, जो कि लोकतांत्रिक तरीका था, लेकिन पुतला दहन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ता गांधी परिवार पर अशोभनीय अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गांधी परिवार को गोली मारने की धमकी दे रहे थे। सोशल मीडिया पर भी वीडियो को प्रसारित किया गया है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं की इस हरकत से कांग्रेसियों में आक्रोश है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कोतवाल से मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस अवसर पर जिला महामंत्री फैजल खान, मोनू कश्यप, फरमान सिद्दीकी, निजाम खान आदि मौजूद रहे।

महाभारत कालीन प्राचीन मंदिर का नया स्वरूप श्रद्धालुओं को भा रहा, बड़ी संख्या में पहुंचते हैं लोग

जीर्णोद्धार के बाद मां हिडम्बा देवी मंदिर का आकर्षण बढ़ा

सुशील चौहान, जसपुर

अमृत विचार : मां हिडम्बा देवी का महाभारत कालीन प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर जीर्णोद्धार के बाद आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालुओं को मंदिर का नया स्वरूप खूब भा रहा है।

मां हिडम्बा देवी का प्राचीन मंदिर जसपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर गांव गोरा फॉर्म व दादू वाला के पास स्थित है। इस मंदिर का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा है। इस मंदिर में जसपुर तथा क्षेत्र के आसपास के गांवों गोरा फॉर्म हल्दुवा शाहू, दादू वाला, सूरजपुर, नारायणपुर, गोविंदपुर, सन्यासियों वाला, भवानीपुर, शिवराजपुर, जगतपुर पट्टी के साथ उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

यह मंदिर काफी पुराना होने के कारण जीर्ण- क्षीर्ण हो चला था। इसके जीर्णोद्धार की आवश्यकता थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर उत्तराखंड सरकार द्वारा इस प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया। जीर्णोद्धार के साथ-साथ मंदिर का विस्तार भी किया गया है। मंदिर का मुख्य द्वार भी आवश्यकता व सुविधानुसार हटाकर दूसरे स्थान पर बनाया गया है। साथ ही मंदिर को कलात्मक ढंग से बनाया गया है। मंदिर परिसर में पहले से कई मंदिर बने हुए हैं। जो खुले आसमान के नीचे बने हुए थे। अब इन सभी मंदिरों और दो नए बने दो मंदिरों को एक बड़े हाल के नीचे ले लिया गया है। अब गर्मी में मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने व माथा टेकने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। जीर्णोद्धार के बाद अब इस प्राचीन मंदिर ने नया रूप ले लिया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।मां हिडम्बा देवी के मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा 82 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। मंदिर का जीर्णोद्धार पुरातत्व विभाग की देखरेख में किया गया। मंदिर के जीर्णोद्धार में गांव गोरा फॉर्म निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मनोज त्यागी, सर्वजीत सिंह छब्बा, मोहित त्यागी व गांव सन्यासियों वाला निवासी राधे सिंह का विशेष सहयोग रहा।

जीर्णोद्धार के बाद मां हिडम्बा देवी के मंदिर का नया स्वरूप। ● अमृत विचार

खाटू श्याम बाबा का नवनिर्मित मंदिर।



नीब करौरी बाबा का नवनिर्मित मंदिर।

मंदिर का मुख्य द्वार। ● अमृत विचार

परिसर में दो और नए मंदिर बनाए गए

जसपुर : जीर्णोद्धार से पूर्व मां हिडम्बा देवी के मंदिर परिसर में मां हिडम्बा देवी के मंदिर के अलावा शिव मंदिर, मां गौरा देवी मंदिर व हनुमान मंदिर शामिल थे। अब मंदिर परिसर में दो नए मंदिर खाटूश्याम बाबा व नीब करौरी बाबा के मंदिर भी बनाए गए हैं। इन दोनों मंदिरों में प्रतिमाएं स्थापित हो गई हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है। ये दोनों प्रतिमाएं मंदिर का जीर्णोद्धार करने वाले ठेकेदार हल्द्वानी निवासी सुशील दोहन ने अपने खर्चे पर दान स्वरूप स्थापित कराई हैं।

मंदिर के मुख्य मार्ग की भी हो रही मरम्मत

जसपुर : उत्तराखंड सरकार द्वारा हिडम्बा देवी के मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने के साथ-साथ गांव दादू वाला बड़ी नहर से मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग की मरम्मत भी कराई जा रही है। मंदिर का यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

विकास की कुमांउनी गजल आज होगी रिलीज

काशीपुर : आईजीएल कंपनी में सहायक मैनेजर व काशीपुर निवासी विकास उपाध्याय की एक कुमांउनी गजल जल्द ही रिलीज होने वाली है। जिसको लेकर उनके प्रशंसकों ने उनको बधाई दी है।

चामुंडा विहार निवासी विकास उपाध्याय बाजपुर रोड स्थित आईजीएल के अनुसंधान एवं विकास डिपार्टमेंट में सहयोगी मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। बचपन से गाने का शौक रखने वाले विकास उपाध्याय ने बताया कि उनकी एक नई कुमांउनी गजल शनिवार यानी 6 जुलाई को रिलीज को रही है। इसकी शूटिंग उत्तराखंड के चकराता की हसीन वादियों में की गई है। शूटिंग को पूरा होने के एक सप्ताह का समय लगा। बताया कि उनकी यह गजल ए प्लस स्टूडियो देहरादून के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगी। इस ग़ज़ल को विकास उपाध्याय के साथ उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायिका प्रतीक्षा बमरारा ने भी अपनी आवाज दी है। प्रतीक्षा बमरारा का अभी हाल ही में एक गीत भाभर नि जौला लोगों को बहुत पसंद आया। इसके साथ-साथ इस गजल में विकास उपाध्याय की धर्मपत्नी दीपा उपाध्याय, उनकी पुत्री वैष्णवी उपाध्याय एवं पुत्र अथर्व उपाध्याय ने भी अभिनय किया है। इस गजल के लेखक उत्तराखंड राज्य गीत के रचयिता हेमंत बिष्ट हैं और इस गजल की धुन प्रसिद्ध संगीतकार आलोक मलासी ने बनाई है। वर्ष 2015 में उनका पहला ग़ज़ल एल्बम वो बात करने लगे रिलीज हुअ था। विकास उपाध्याय को वर्ष 2022 में ल्यूमिनस सुपर सिंगर 3 के फाइनल में प्रसिद्ध पार्श्वगायक हरिहरन जी द्वारा सम्मानित भी किया गया है।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल चुनाव को लेकर गरमाई राजनीति

आरोप-प्रत्यारोप के बीच चुनाव की प्रक्रिया जारी, सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद अब मतदाता सूची को दिया जा रहा अंतिम रूप

राजेंद्र सहगल राजू, किच्छा

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव को लेकर क्षेत्र का माहौल पूरी तरह से गरमाया हुआ है। आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जहां एक तरफ कुछ व्यापारियों द्वारा तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव की प्रक्रिया को स्थगित किए जाने तथा नए सिरे से सदस्यता अभियान शुरू किए जाने की मांग की जा रही है। वहीं दूसरी तरफ चुनाव संचालन समिति द्वारा सदस्यता अभियान की प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही जल्द चुनाव कराने की योजना बनाई जा रही है।

व्यापारियों की मांग के बाद चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों द्वारा नगर के पुरानी गल्ला मंडी स्थित मारवाड़ी मंदिर धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय सदस्यता कैंप पूरा होने के बाद अब दो दिनों के भीतर मतदाता सूची जारी होने की उम्मीद है। पहली मतदाता सूची जारी होने के बाद प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और फाइनल सूची जारी होने के पश्चात चुनाव संचालन समिति एवं जिला कमेटी द्वारा चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की सरगर्मियां शुरू होने के बाद से व्यापारियों में खलबली मची हुई है। चुनाव में दावेदारों द्वारा अपने-अपने स्तर पर व्यापारी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है। जिला अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी के दिशा निर्देशन में चुनाव संचालन समिति द्वारा तीन एवं 4 जुलाई को मारवाड़ी धर्मशाला में कैंप लगाकर व्यापारियों के आवेदन फार्म जमा किए गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विगत कई दिनों से चल रहे सदस्यता अभियान एवं दो दिवसीय कैंप के माध्यम से करीब 2700 व्यापारियों ने मतदाता बनने के लिए आवेदन किया है।

तमाम आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव संचालन समिति के सदस्य सतपाल गाबा, विनोद फुटेला, राजेंद्र अरोड़ा, प्रकाश गोयल, लियाकत अंसारी, रामबाबू प्रधान की टीम पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। नगर क्षेत्र के अधिकांश व्यापारी समिति द्वारा अपनी जा रही चुनाव प्रक्रिया को लेकर संतुष्ट हैं जबकि कुछ व्यापारियों द्वारा लगातार चुनाव प्रक्रिया का विरोध किया जा रहा है। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर गुलशन सिंधी, विजय अरोड़ा, दानिश इकबाल अहमद एवं प्रमोद ठुकराल, महामंत्री पद पर नितिन फुटेला, पंकज चिटकारा, जगरूप सिंह गोल्डी, शिवकुमार मित्तल तथा कोषाध्यक्ष पद पर नीरज बजाज एवं सुमित तनेजा का नाम को लेकर चर्चा चल रही है।

सूत्रों के अनुसार शनिवार को मतदाताओं की पहली सूची जारी हो सकती है एवं सूची जारी होने के बाद रविवार एवं सोमवार को आपत्तियां दर्ज तथा आपत्तियों का निस्तारण किए जाने के पश्चात 11 - 12 जुलाई को व्यापार मंडल की जिला कमेटी एवं चुनाव संचालन समिति द्वारा चुनाव की घोषणा करने की संभावना है।

दानिश इकबाल

गुलशन सिंधी

जगरूप गोल्डी

शिवकुमार मित्तल

सुमित तनेजा।

व्यापार मंडल चुनाव में भाजपा-कांग्रेस की एंट्री के बाद राजनीति हुई शुरू

किच्छा। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में किच्छा के पूर्व भाजपा विधायक राजेश शुक्ला द्वारा कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ का नाम लिए जाने के बाद से जमकर राजनीति हो रही है। व्यापार मंडल के चुनाव में भाजपा के पूर्व विधायक एवं वर्तमान कांग्रेस विधायक की एंट्री के बाद व्यापारी दो गुटों में बंट गए हैं। पूर्व विधायक तथा वर्तमान विधायक के बीच चली जुबानी जंग से व्यापारियों का चुनाव भाजपा और कांग्रेस के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

पारदर्शिता के साथ कराए जाएंगे चुनाव : गाबा



किच्छा : चुनाव संचालन समिति संयोजक सतपाल गाबा ने बताया कि समिति द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ नियमानुसार चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। आगामी चार दिनों के भीतर पहली सूची जारी करने के बाद आपत्तियों का निस्तारण कर फाइनल सूची जारी करने के साथ ही जल्द चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी।

निवर्तमान महामंत्री ने किया चुनाव का बहिष्कार

किच्छा : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के निवर्तमान महामंत्री एवं अध्यक्ष पद के दावेदार रहे विजय अरोड़ा ने चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने तथा उनके तमाम समर्थकों द्वारा चुनाव की सदस्यता नहीं ली गई है। जल्द ही चुनाव प्रक्रिया के विरोध में न्यायालय की शरण ली जाएगी और चुनाव को निरस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोट बनाने की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की जा रही है तथा एक दावेदार द्वारा स्वयं सदस्यता फॉर्म प्रकाशित कराकर फर्जी वोट बनवाए जा रहे हैं।

फुटेला ने की सदस्यता अभियान बढ़ाने की मांग

किच्छा : व्यापार मंडल के निवर्तमान कोषाध्यक्ष एवं महामंत्री पद के संभावित प्रत्याशी नितिन फुटेला ने कहा कि अभी कई व्यापारी सदस्य बनने से वंचित रह गए हैं। उन्होंने जिला कमेटी एवं चुनाव संचालन समिति से कहा कि बचे हुए व्यापारियों को सदस्य बनाने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय देकर उनके आवेदन फॉर्म जमा करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल का संगठन व्यापारियों के हितों की रक्षा तथा व्यापारियों को एकजुट करने के उद्देश्य से ही बनाया गया है।

रोडवेज कार्यशाला का भवन हुआ जर्जर

रोडवेज के जर्जर भवन में कार्य करता कर्मी। ● अमृत विचार

काशीपुर। रोडवेज डिपो कार्यशाला भवन काफी जर्जर अवस्था में है। तेज बरसात या हवाओं में इसके गिरने का डर कर्मचारियों को सताने लगा है। रोडवेज डिपो की सौगात तत्कालीन सीएम एनडी तिवारी ने जनता को दी थी। वर्ष 1972 में डिपो से बसों का संचालन शुरू हुआ था। डिपो से करीब 45 बसों का संचालन विभिन्न मार्गों पर होता है। संचालन के 52 साल बाद भी रोडवेज डिपो की कार्यशाला भवन की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। पूरा भवन जगह-जगह से क्षतिग्रस्त है। दीवारों से प्लास्टर और छत से भी सरिया दिखने लगा है। वहीं कमरों की खिड़कियों के कांच भी टूटे हैं और एंगल भी जंग खा चुके हैं। यहां कक्षों में कंप्यूटर और बसों के स्पेयर पार्ट्स रखे हुए हैं, जिनके चोरी होने का खतरा भी बना रहता है।

समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ेंगे : पांडे

आयोजन

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का आयोजन, महिला समूहों को 25 हजार के चेक बांटे गए

संवाददाता, गदरपुर

स्टॉलों का निरीक्षण करते विधायक अरविंद पांडे एवं अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड सभागार में संपूर्णता अभियान का आयोजन हुआ। इस दौरान विधायक अरविंद पांडे ने पांच महिला समूहों को 25- 25 हजार रुपये के रिवाल्विंग फंड के चेक सौंपे।

शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडेय एवं नीति आयोग के सलाहकार चंद्रमणि पालीवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक पांडेय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उन्होंने पुरुष एवं महिलाओं को संपूर्णता अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बीडीओ शेखर जोशी और आकाशी विकासखंड फेलो प्रेरणा रावत ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संपूर्णता अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पांच महिला समूहों को 25- 25 हजार रुपये के रिवाल्विंग फंड का चेक सौंपा गया। रीप परियोजना के अंतर्गत व्यक्तिगत उद्यम के लाभार्थियों को एक लाख 84 हजार 5सौ रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए गए। पांच कृषकों को मृदा कार्ड, राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम के पांच छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें दी गईं। बाल विकास विभाग ने आठ कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार का वितरण किया। इस दौरान विधायक अरविंद पांडेय और नीति आयोग के सलाहकार चंद्रमणि पालीवाल ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में मेधावी छात्रा तेजस्विनी अधिकारी, बृजेश दास, चंद्रा और इंटरमीडिएट परीक्षा में मेधावी रही प्रियंका, सर्वजीत कौर, संगीता घोष को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए।

स्वास्थ्य विभाग ने निशुल्क जांच शिविर लगाया जिसमें ब्लड प्रेशर, मधुमेह आदि रोगों की जांच की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीति आयोग के सलाहकार चंद्रमणि पालीवाल ने कहा भारत सरकार आकाशी ब्लॉक के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। जिला ग्राम विकास की सहायक परियोजना निदेशक संगीता आर्य ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन अमित मेहरा ने किया। इस दौरान जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी नफील जमील, सीडीपीओ बीना भंडारी, डा. संजीव सरना, राधा बटला, रमा देवी, पूनम गुप्ता अमरजीत बजाज आदि मौजूद थे।

अनदेखी जनरेटर खराब होने से प्रभावित हो रहे रोडवेज डिपो के कार्य

पांच माह से खराब पड़ा रोडवेज का जनरेटर, कर्मचारी परेशान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर के रोडवेज डिपो के कार्यालय में बिजली जाने पर सारा काम ठप हो रहा है। बीते पांच माह से जनरेटर खराब होने से रोडवेज कर्मियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रोडवेज अधिकारी जनरेटर को ठीक कराने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को पत्र भेज चुके हैं। बावजूद इसके जनरेटर ठीक कराने की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

काशीपुर रोडवेज डिपो में जनरेटर पिछले पांच माह से खराब पड़ा है। वहीं डिपो में बिजली जाने से जनरेटर नहीं चलने पर कार्यालय पर सभी काम बाधित हो जाते हैं। जनरेटर सही नहीं होने से रोडवेज कर्मियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जनरेटर के खराब होने से डिपो के सभी काम प्रभावित हो जाते हैं और लाइट जाने पर कंप्यूटर बंद होने से कार्य ठप हो जाता है।

रोडवेज में खराब पड़ा जनरेटर।

पांच माह में पांच पत्र भेज चुके अधिकारी

काशीपुर : रोडवेज डिपो का जनरेटर बीते पांच माह से खराब पड़ा है। जनरेटर को ठीक करने को लेकर स्थानीय अधिकारी हर माह उच्चाधिकारियों को पत्र भेज रहे हैं। वहीं बीते पांच माह में अब तक स्थानीय अधिकारी पांच पत्र उच्चाधिकारियों को भेज चुके हैं।

रोडवेज का जनरेटर लंबे समय से खराब पड़ा है। जनरेटर खराब होने से कार्यालय के सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उच्चाधिकारियों को हर माह पत्र भेजा जा रहा है। लेकिन अभी जनरेटर सही नहीं हो पाया है।

-अनिल कुमार सैनी, एआरएम, काशीपुर।

किच्छा में उत्तराखंड कुश्ती एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का किया आगाज

अंडर 17 फ्री स्टाइल महिला एवं ग्रीको रोमन कुश्ती का आयोजन, 28 राज्यों से 700 से अधिक पहलवान पहुंचे

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: उत्तराखंड कुश्ती एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर 17 फ्री स्टाइल महिला एवं ग्रीको रोमन राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आगाज भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। चैंपियनशिप प्रतियोगिता का उद्घाटन भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं सांसद करण भूषण सिंह एवं उत्तराखंड कुश्ती संघ अध्यक्ष एसपी सिंह देसवाल, महासचिव शिववर्धन सिंह ने किया। इस मौके पर देश के 28 राज्यों से आए करीब 700 से अधिक महिला पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

ग्राम लालपुर स्थित भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम बार आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डिजिटल माध्यम से करते हुए कहा कि यह उत्तराखंड बल्कि समस्त देश के लिए अविस्मरणीय अवसर है, क्योंकि इस चैंपियनशिप के माध्यम से न केवल उत्तराखंड के समस्त खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं वरन देश-विदेश के समस्त प्रतिभागियों को उत्तराखंड को जानने और समझने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कहा कि आज खेल जगत में भारत देश के विभिन्न खेलों के खिलाड़ी विश्व के कोने कोने में भारत देश की विजय पताका लहरा रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अरविंद पांडे, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद करणभूषण सिंह ने युवाओं को प्रेरित करते हुए प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेल भावना के तहत प्रतियोगिता में शिरकत करने का आह्वान किया। उत्तराखंड कुश्ती संघ के अध्यक्ष एसपी सिंह देसवाल ने कहा कि देश की बेटियां लगातार विश्व पटल पर देश का नाम रोशन कर रही है और हम सभी को अपने पारंपरिक खेल को बढ़ावा देते हुए युवाओं को कुश्ती के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश के 28 प्रांतों के लगभग 700 से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिला एवं पुरुष पहलवान प्रतिभाग कर रहे हैं तथा 100 से अधिक द्रोणचार्य पुरस्कार से सम्मानित श्रेष्ठ प्रशिक्षक भी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम में भारतीय कुश्ती संघ के महासचिव शिव वर्धन सिंह, कोषाध्यक्ष सी एस प्रसूद, तकनीकी निदेशक भारतीय कुश्ती संघ श्रीवर्धन सिंह, उत्तराखंड कुश्ती संघ के सचिव अंकित त्यागी, उपाध्यक्ष एन फोनी, भारतीय कुश्ती संघ के जॉइंट सेक्रेटरी आर के पुरुषोत्तम ने प्रतिभागी युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। भारतीयम विद्यालय के संस्थापक भरत गोयल ने प्रतिभागी पहलवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह खेल ना केवल आने वाली पीढ़ी में जोश एवं उत्साह का संवर्धन करते हैं, बल्कि उनमें दृढ़ता, लग्न, अनुशासन, समर्पण और एक दूसरे के साथ सहयोग करने की प्रवृत्ति का भी संरक्षण करते हैं। इस दौरान पहलवान खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में प्रतिभा करते हुए अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार की शाम कार्यक्रम में पहुंचकर विजई खिलाड़ी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड कुश्ती संघ के महासचिव एवं आयोजक शिव वर्धन सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी खिलाड़ियों का सहयोग करने पर आभार जताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के संस्थापक गुरजीत सिंह कामरा, प्राचार्य श्रीमती रश्मि आनंद, उप प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी, संजीव कुमार सिंह, लवी सहगल, विवेक दीप सिंह, अक्षय अरोड़ा, विपिन जलहोत्रा, हरीश खानवानी आदि मौजूद रहे।

चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

रपटा पुल का किया निरीक्षण

जायजा

▸▸ ग्रामीणों की सलाह पर शेष बचा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करेगी कार्यदायी संस्था

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: लघु सिंचाई व राजस्व विभाग की टीम ने सुंदरपुर से कुंदननगर नंबर-पांच के मध्य भाखड़ा नदी पर निर्माणाधीन रपटा पुल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि 80 प्रतिशत मानक के अनुरुप निर्माण कार्य हो गया है। 20 प्रतिशत शेष निर्माण कार्य में रपटा पुल के दोनों तरफ सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाना है।

शुक्रवार को कार्यदायी संस्था लघु सिंचाई के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को लगा कि निर्माणाधीन रपटा पुल बहाव में बह गया है। इसकी खबर मिलने पर वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे हैं। अधिशासी अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि रपटा पुल निर्माण मानक के अनुरुप हो चुका है। पुल के दोनों तरफ भराव कर सीसी मार्ग का निर्माण होना है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि 16 लाख की लागत से बन रहा रपटा पुल का ठेकेदार को कोई भुगतान नहीं दिया गया है। कार्य पूर्ण होने के छह माह बाद भुगतान किया जाएगा। भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने ग्रामीणों से किसी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले लोगों के बहकावे में न आने की अपील की। नारंग ने ग्रामीणों से शेष बचे निर्माण कार्य के लिए दोनों गांवों के पांच ग्रामीणों को देखभाल के लिए नियुक्त किया। उन्होंने अधिकारियों से गुणवत्ता पूर्ण शीघ्र रपटा पुल निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। इस मौके पर सहायक अभियंता मदन मोहन शर्मा, अवर अभियंता टिंकू सिंह, राजस्व निरीक्षक मंजू बिष्ट, प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सैनी,सुभाष शर्मा, रवि बजाज, सूरज हालदार,अरुण खुराना, विजय बाछाड़, अशोक चावला, सुवल मंडल, सुरजीत सिंह, विजय छाबड़ा, महानंद मंडल, बहुतोष बाछाड़, ध्रुव मंडल, अनूप ढाली, नारायण मंडल आदि मौजूद थे।

पुल निर्माण में बंद करें राजनीति : नारंग

दिनेशपुर : भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने ग्रामीणों से 70 वर्षों बाद बन रहे रपटा पुल निर्माण में अपनी भागीदारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के अथक प्रयासों से रपटा पुल की मंजूरी शासन से मिली है। इसका कार्य शीघ्र पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी कई विधायक रहे लेकिन उनके द्वारा अपने कार्यकाल में ग्रामीणों की मुख्य समस्या रपटा पुल निर्माण का प्रस्ताव तक शासन को नहीं भेजा।

भाखड़ा नदी पर निर्माणाधीन रपटा पुल का निरीक्षण करते लघु सिंचाई के अधिकारी व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

दामाद ने लगाया ससुरालियों पर 50 लाख मांगने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : कोतवाली इलाके के रहने वाले एक युवक ने ससुराल पक्ष पर पत्नी को छोड़ने और उसकी एवज में लाखों रुपये मांगने का आरोप लगाया है। युवक का आरोप था कि पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर कैंसर पीड़ित मां से मारपीट की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आदर्श कॉलोनी निवासी विशाल गुंबर ने बताया कि उसकी शादी 28 नंबर 2022 को श्रद्धा कथूरिया निवासी मॉडल टाउन थाना-बारादरी जिला-बरेली उत्तर प्रदेश के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पत्नी, सास मधु कथूरिया, ससुर राजीव कथूरिया एवं मामा दीपक कटारिया, ब्रज कटारिया निवासी भूरारानी रुद्रपुर वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करने लगे। जिसकी वजह से पत्नी गृह कलेश करने लगी। बात-बात पर कैंसर पीड़िता मां से दुर्वव्हार किया जाने लगा। 9 जून 2023 को पत्नी झगड़ा कर मायके के रिश्तेदार के यहां चली गई। बताया कि उसके पिता मां को लेकर मुंबई इलाज के लिए गए थे कि पत्नी मायके वालों के साथ आई और मारपीट की। आरोप था कि उसके ससुराल वालों ने बेटी से वैवाहिक संबंध तोड़ने और उसकी एवज में 50 लाख रुपये की मांग की। रकम नहीं देने पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शेयर में निवेश के झांसे में लगा 9.41 लाख का चूना

खटीमा: शेयर मार्केट में पैसा लगाकर मोटी रकम कमाने के चक्कर में एक युवक को साइबर ठगों ने नौ लाख से अधिक का चूना लगा दिया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई कर पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है।चकरपुर बिलहरी निवासी नवल किशोर पांडे ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 28 फरवरी को शाम पांच बजे उसे मोबाइल नंबर से व्हाट्सअप पर एक व्यक्ति की कॉल आई और उसने बताया कि वह महाराष्ट्र का निवासी है। दिल्ली के एम 74 तृतीय तल, राजापुरी, उत्तम नगर नई दिल्ली में आदित्य ट्रेडिंग कंपनी के नाम से ट्रेनिंग कंपनी चलाता है। इसमें वह शेयर मार्केट में खरीद फरोख्त कर अपने ग्राहकों का पैसा निवेश कराते हैं और उन्हें अच्छा प्रॉफिट दिलवाते हैं। जिस पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने दिए गए नंबरों पर 28 फरवरी से एक मई तक 9,41,814 रुपए ट्रांसफर कर दिए। उस व्यक्ति ने बताया था कि उसे मय लाभ के कुल 18 लाख रूपये प्राप्त होंगे। तहरीर में बताया है कि बाद में वह प्रॉफिट और पैसे की मांग करने लगा तो उस व्यक्ति ने टालमटोल करनी शुरू कर दी।

रुद्रपुर में पीसीबी का नया कार्यालय बनेगा

तैयारी

▸▸ जिला उद्योग की बैठक में रखा गया था प्रस्ताव

▸▸ कार्यालय शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी के लिए शासन को भेजा पत्र

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) रुद्रपुर में भी नया कार्यालय शुरू करने जा रहा है। इसके लिए पीसीबी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीसीबी ने शासन से नया कार्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव भेजा है। शासन से अनुमति मिलते ही पीसीबी का नया कार्यालय कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

ऊधम सिंह नगर जिले में उद्योग की दृष्टि से काशीपुर और रुद्रपुर बड़े क्षेत्र हैं। ऐसे में दोनों की क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्य का दबाव अधिक रहता है। वहीं काशीपुर पीसीबी कार्यालय पर कार्य अधिक होने के चलते पीसीबी ने रुद्रपुर में एक नया कार्यालय खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

जिला उद्योग की बैठक में रखा गया था प्रस्ताव

काशीपुर : पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी ने बताया कि रुद्रपुर में प्रदूषण बोर्ड का नया कार्यालय खोलने के लिए बीते दिनों जिला उद्योग की बैठक में निर्णय लिया गया था। जिसके बाद पीसीबी अधिकारियों ने शासन से रुद्रपुर में नया कार्यालय खोलने को लेकर प्रस्ताव भेजा है।

> काशीपुर पीसीबी पर कार्य का अधिक दबाव है। इसे देखते हुए जिला मुख्यालय में नया कार्यालय खोलने का एक प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के लिए बैठक में निर्णय लिया गया था। प्रस्ताव संबंधित माध्यम से शासन को भेज दिया गया है। शासन से अनुमति मिलते ही कार्यालय शुरू होने की उम्मीद है।
>
> **-अशोक बंसल,** अध्यक्ष, केजीसीसीआई

पूरे दिन होती रही रिमझिम बारिश, बाजारों में रहा सन्नाटा

खटीमा : नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में आज सुबह से ही दोपहर बाद तक रिमझिम बारिश चलती रही। इसके चलते बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। विकासखंड में कहीं से भी जलभराव जैसी कोई शिकायत नहीं आई। यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। बृहस्पतिवार को हुई 78 मिमी वर्षा से एक बार जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। जबकि शुक्रवार को मात्र तीन मिमी वर्षा होने से जलभराव की समस्या नहीं रही। मौसम केंद्र प्रभारी एनएस रौतेला ने बताया कि शनिवार को 25 मिमी वर्षा रूकर की गई। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में अबतक 200 मिमी वर्षा हो चुकी है। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने कहा की विकासखंड में स्थिति सामान्य है ।

वर्ग पहेली-122

बाएं से दाएं

2.1. वेग से एक चीज़ को किसी दूसरी चीज़ में गिराना
4. एक प्रकार का विवाह या सगाई, विधवा स्त्री से किया जाने वाला विवाह।
6.1. क्षय, नाश 2. क्षीणता।
8.1. जो रोका न गया हो, अनिवारित 2. जिसके प्रति सावधानी न बरती गई हो, जिसकी देखभाल न की गई हो।

ऊपर से नीचे

1. सींची हुई ज़मीन।
3.1. किसी चीज़ को दो भागों में बांटने या काटने की क्रिया
4.1. कमीना, नीच 2. दोगला।
5.1. घबरा जाना, व्याकुल या विकल हो जाना 2. आतुर हो जाना।
7.1. जड़ 2. असावधान 3. जिसमें चेतना न हो 4. प्राणहीन 5. बेहोश।



वर्ग पहेली -121 का हल

1 हं	2 स	दी	प	क	
	जा				3 ए
	ती		4 अ		य
5 ज	य	ज	य	का	र
लं					टा
6 ध	जी	ला			इ
र			7 घूँ	घ	ट

सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3		9			7	
		8		2			1	5
2		4	1			3		9
		9			2			
5	6						9	3
			5			8		
3		5			4	1		6
7	4			8		9		
	8			1		5		

सुडोकू -34 का हल

9	2	4	1	8	6	7	3	5
5	1	7	2	3	9	6	4	8
6	8	3	5	4	7	9	2	1
2	5	6	4	7	1	8	9	3
7	4	8	6	9	3	1	5	2
1	3	9	8	2	5	4	7	6
4	9	1	3	6	2	5	8	7
8	6	2	7	5	4	3	1	9
3	7	5	9	1	8	2	6	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 7 जुलाई 04 .25 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 7 जुलाई 4 .48 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज का दिन सरकारी अधिकारियों के लिए आपाधापी से भरा हो सकता है तथा काम के बोझ के कारण उन्हें तनाव भी होगा। आपके अंदर दया का भाव जागृत होगा,जो समाज सेवा की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकता हैं।

वृष — आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा,लेकिन यदि आप 11 वीं या 12 वीं कक्षा में हैं तो आप अपने भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। ऐसे में आप ऐसे विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे,जो भविष्य में आपके काम आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

मिथुन — आज के दिन अपने लिए नए क्षेत्र चुनने होंगे,जिससे उनके अनुभव में वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का मन भी नई चीजों के प्रति आकर्षित होगा,जिससे उनका मन अपने काम में नहीं लगेगा। आप अपने काम के प्रति चिढ़चिढ़ा रवैया भी अपना सकते हैं।

कर्क — आज के दिन लाभ कमाने के लिए आपको ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता है। भाई या बहन का भी साथ मिल सकता है,जिससे आपको सहायता मिलेगी। इस दौरान आप थकान का भी अनुभव कर सकते हैं,जिससे मानसिक तनाव भी हो सकता है।

सिंह — आज का दिन उत्तम रहेगा व उन पर अपने माता-पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में उन्हें असफलता हाथ लग सकती है,लेकिन आत्मविश्वास पहले की तुलना में मजबूत होगा। ऐसे समय में किसी भी समस्या का डटकर सामना करें।

कन्या — आज यदि आप शेयर बाजार में पैसों को निवेश करते रहते हैं तो संभल कर पैसा लगाएं ,क्योंकि कहीं से बड़ा नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। आप अपने परिजनों को काफी समय देंगे।

तुला — आज के दिन आपका अपनी माता के साथ वैचारिक रूप से मतभेद हो सकता है,जिससे घर में तनाव का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है,जिससे मन विचलित रहेगा।

वृश्चिक — आज यदि आपको पहले से कोई समस्या है तो उससे आराम मिलेगा तथा स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। बीपी और शुगर के रोगी बाहर का खाना खाने से बचें और घर पर पौष्टिक आहार का ही सेवन करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

धनु — आज यदि आप अपने साथी से दूर हैं तो उन्हें आपकी चिंता रहेगी। ऐसे में स्वयं के स्वभाव को सरल रखें तथा अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित कर पाएंगे।

मकर — आज आप अपनी कार्यशैली में व्यापक बदलाव कर सकते हैं। साथ ही शारीरिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। कानूनी मामलों को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। भाई-बहन को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

कुंभ — आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपने लिए नए मार्गदर्शक की खोज में रहेंगे,जिससे वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकें। आपको कहीं से काम करने का अवसर प्राप्त होगा जिसे हाथ से न जाने दें,क्योंकि भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा।

मीन — आज आप अपने प्रेम जीवन के प्रति नीरस भाव रखेंगे तथा साथी के प्रति रुचि कम होगी। किंतु आपका पार्टनर आपको भलीभांति समझेगा,जिससे उनका साथ आपको मिलेगा। आय की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। इच्छित कार्य समय से पूरे हो जाएंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दीवाना मस्ताना — सुबह : 11 .45
- यमला पगला दीवाना — शाम : 06 .17
- द कराटे किड — सुबह :10 .39
- द कश्मीर फाइल्स — रात : 08 .00

&pictures
- गॉडजिला — सुबह : 10 .57
- वेनम — शाम : 06 .51

SONY PIX
- तारे जमीन पर — सुबह : 10 .26
- समय 2 — रात : 08 .30

ZEE CINEMA
- तो बात पक्की — सुबह : 09 .55
- पद्मावत — रात : 09 .47

colors CINEPLEX

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई।
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिए पर गिर गई थी।
और आंख लग गई थी।

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर-अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।

सत्यं रुपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं य च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक्पटुता – ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात् समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

संपादकीय

एक और उपलब्धि

भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता देश ने रक्षा क्षेत्र में हासिल की है। रक्षा उत्पादन में भारत ने नया रिकार्ड बनाया है। देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा उद्योग क्षेत्र भारत में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण सामरिक और आर्थिक दोनों ही कारणों से महत्वपूर्ण है इसलिए यह सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए और अधिक अनुकूल व्यवस्था सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा सकता है आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान देते हुए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों/पहलों और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदमों के कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाया गया है। बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान (2019-20 से), रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ता रहा है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये का था। सरकार का मानना है कि इस क्षेत्र में औद्योगिक और तकनीकी विकास ने अकादमिक और शोध संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय उद्योग की क्षमता का दोहन करके इस उद्देश्य को प्राप्त करना संभव बनाया है। इस तरह मेक इन इंडिया कार्यक्रम वर्ष-दर-वर्ष नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पादन दोनों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे स्वदेशीकरण में वृद्धि होगी। सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी ही और यह देश को आत्मनिर्भर भी बनाएगा।

लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो,जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन,समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए।

बुद्धिजीवी तो लोकजीवन से दूर रहता है। साहित्यकार लोकजीवन के लिए नहीं, सत्ता के लिए लिखता है,भले ही वह जनता-जनता का कीर्तन करता हो। उसका शिल्प और भाषा ही लोक की नहीं है,उसका ध्येय भी पुरस्कार है। किसी जमाने में महात्मा गांधी और विनोबा या जेपी जैसे लोग जनता के बीच ही रहते थे,लोक शिक्षण करते थे। आज लोक जीवन में उतरने वाले लोग कौन-कौन से हैं? या तो राजनैतिक कार्यकर्ता हैं या बाबा लोगों के एजेंट हैं अथवा अपराधी गिरोह हैं। अत्याचार, बलात्कार, मंहगाई, भ्रष्टाचार, आतंकवाद आदि रोग के बाहरी लक्षण हैं,कारण नहीं। इसका कारण लोक से जनतंत्र की दूरी और अपरिचय है। लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं।

लोकचेतना विभक्त चेतना नहीं होती। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है,मजहबी चेतना है,पंथ चेतना है,वर्ग चेतना है,क्षेत्र चेतना है,संकीर्ण भाषा चेतना है,लोकचेतना नहीं है। लोकचेतना सर्वचेतना होती है,अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। स्वतंत्रता के संग्राम में लोकचेतना जागृत थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी,वे भिन्नताएं और वे रेखाएं जो आज इतनी गहरी हो गई हैं,उस समय भी थीं,अवश्य थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गईं थीं,जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रह नक्षत्रों का अस्तित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था,सामान्य जन का सरोकार था,समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था।

सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति,पंथ,भाषागत संकीर्णता,संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे। इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था,समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्य जन पर प्रहार था, सामान्य जन, जो बिना सुरक्षा तंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे।

तत्कालीन सत्ता का यह षड्यंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति-पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति- पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था,समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन, जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो,जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन,समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता,समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोकचेतना की ही प्रतिष्ठा है। सच तो यह है कि लोकचेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें,सच यह है कि आस्था के बिना लोकचेतना जगती भी नहीं,सर्व के प्रति आस्था,समष्टि के प्रति आस्था,सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म के माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है,जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोकचेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी,सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते, सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

स्वतंत्रता संघर्ष की चेतना में मानवीय संवेदना है। सच्चाई तो यह है कि लोकचेतना मूलतः मानवीय चेतना होती है, वह जाति चेतना, वर्ग चेतना, मजहबी चेतना, भाषायी और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर की बात है। यह मानवीय संवेदना ही थी, जिसने मनुष्य के प्रति करुणा का रूप ग्रहण करके देश की सीमा का अतिक्रमण किया था। नहीं तो, रोमा रोलां जैसे अनेक विदेशी नर और नारी भारत की स्वतंत्रता के समर्थक कैसे बन जाते? खुदीराम बोस की फांसी की सजा की गूंज रूस के लेनिन तक पहुंची थी। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोककल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन मूल्य हैं। गीता स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा है। गीता लोक आस्था का केन्द्र है और स्वतंत्रता के आंदोलन को गीता गति दे रही है। खुदीराम बोस को फांसी होती है,उनके कंठ में गीता है। लोकमान्य तिलक कर्मयोग शास्त्र नाम से गीता का भाष्य लिखते हैं और सूत्र देते हैं, स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

महात्मा गांधी अनासक्ति योग के नाम से गीता का भाष्य करते हैं। महर्षि अरविंद गीता का भाष्य कर रहे हैं। पूरी संत परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा शक्ति बनी है-मीरा है,नरसी है। प्रार्थना सभाओं में संतवाणी गूंज रही थी। वैष्णवजन तो तैणें कहिये जे पीर परायी जाणें रे।/ पर दुःखे उपकार करे तो हे मन अभिमान न आणे रे। सकल लोक मां सहुने बन्दे निन्दा न करे केणी रे।/ बाछ काछ मन निरमल राखे सकल तीरथ तेणा मन मां रे।/ भणे नरसंइयों तेणु दरसन करतां धन-धन जननी तेणी रे। यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा है-सत्य। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया,सत्य का अहिंसात्मक आग्रह,सविनय अवज्ञा। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था-सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। भारतीय संविधान आस्थाहीन राष्ट्र का संविधान नहीं है, सत्यमेव जयते हमारे लिए सजावट की चीज नहीं है,वह हमारी आस्था है।

प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही तो आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्म निरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म भी नहीं हो सकता। सत्य हमारे देश की विचार प्रणाली में है, सत्य हमारी आचार संहिता में सबसे बड़ा जीवन मूल्य है, सत्य हमारी आस्था और विश्वास का मूलतत्व है। सत्य के अभाव में कोई संस्कृति,कोई साहित्य हमें स्वीकार नहीं। यदि मन , वाणी और आचरण में सत्य की प्रतिष्ठा न हो तो भारत का लोक मानस बड़े से बड़े राजनेता को धिक्कार सकता है और धिक्कारता भी है।

प्रसंगवश

जैसा मैंने बाबा को देखा

बात 15-20 वर्ष पुरानी है। उस समय पटियाली (एटा) निवासी, पुलिस सेवा से ऐच्छिक निवृत्ति प्राप्त सूरज पाल भोले बाबा के नाम से प्रसिद्धि पा चुका था। भोले बाबा का पूरनपुर में मेरे मकान के पास ही 'मजमा-स्थल' कहूं, 'चमत्कार क्षेत्र' कहूं, या 'आध्यात्मिक शिविर' कहूं, लगाया गया था। मेरे लिए तो यह संयोग ऐसा था कि भोलेबाबा का कार्यक्रम हम लोग अपनी छत पर बैठकर आराम और आसानी से देख सकते थे।

मंच का मुख हमारी ओर अर्थात दक्षिण दिशा की ओर होता,पर कार्यक्रम उत्तरोन्मुख होने के कारण हमारी ओर वाली दक्षिणी दिशा को पूर्णतः कनातों से कवर कर दिया गया था और पूरे पांडाल के ऊपर तो टेंट की छत थी ही। अस्तु, मुझे अपनी पत्नी के साथ भोले बाबा को देखने-सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही जाना पड़ा। मैंने सुन रखा था कि उनकी तर्जनी पर हमेशा सुदर्शन चक्र गतिमान रहता है और कोई भी उनसे नजर नहीं मिला सकता है। हम पति-पत्नी अपने मकान से जाने के कारण कार्यक्रम के गेट,जो उत्तर में काफी दूर पड़ता था, से न जाकर दक्षिण की ओर से ही कनात उठाकर सीधे भीतर घुस गए। (हालांकि हमें ऐसे अशिष्ट ढंग से प्रविष्ट नहीं होना चाहिए था,पर इस अशिष्टता पर न किसी ने आपत्ति की और न बाहर खड़े किसी सेवादार ने अंदर जाने से रोका-टोका।) इधर से जाने में सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि पहली पंक्ति में बाबा के बिल्कुल पास और सामने ही स्थापित होने को मिल गया। उत्तर की ओर से आता,तो भीड़ में पता नहीं कहां पर बैठने को मिलता। अंधे को दो आंखें चाहिए और वे मुझे मिल चुकी थीं।

ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

मैं बाबा को बराबर टकटकी लगाए देखता रहा,पर मुझे चक्र-कुचक्र के कहीं दर्शन न हुए। अलबत्ता उनके चेहरे पर नजर अवश्य नहीं ठहर रही थी। ऐसा लगता था,जैसे उनके चेहरे के सामने, 'हवाइयां उड़ रहीं',तो नहीं कह सकता,धीरे-धीरे हवा चल रही हो, जिस कारण ही उनके चेहरे पर नजर नहीं जम पाती थी। बाबा के बाईं ओर बैठी महिला,संपूर्ण समय ऐसी सिकुड़ी बैठी रही,मानो बाबा से बहुत डर रही हो। उनके कार्यक्रम में भूत,चुड़ैल और प्रेत बाधाओं से ग्रस्त महिलाएं भी आतीं थीं और वहीं अपनी जगह पर खड़ी होकर नाचने-झूमने लगतीं थीं। बाबा जी का यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला।

वे रोज कार्यक्रम से लगभग एक-डेढ़ घंटा पहले नगर के बाहर गेस्ट हाउस से विशेष सुरक्षा में विशेष गाड़ी से आकर उद्बोधन समाप्त होते ही उसी गाड़ी से चले जाते थे,जबकि उनके शिष्य मंचीय व्यवस्थाओं के कारण कई घंटे पहले आकर अपनी ड्यूटी को अंजाम देने में जुट जाते थे। पंडाल से मंच तक बाबा के आने के लिए जो पथ बनाया जाता था,उस पर बाबा के चलने के लिए फूल बिछाए जाते थे,जिन्हें अपनी सहचरी के साथ बाबाजी अपने काले बूटों से कुचलते हुए ही सिंहासन तक आया करते थे। बाबा की आरती हो जाने पर जब कार्यक्रम संपन्न होता था,तब बाबा जी तो चले ही जाते थे,पर उनके शिष्यों में उनकी चरणधूलि को बटोरने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती थी। उस दिन बाबा ने अपने भाषण के बीच वीडियो बनाने वाले लड़के को डांटते हुए गाली भी दी थी। मैंने अगले दिन बाबा के सर्वाधिक निकट और बाबा के बाद, आयोजक संस्था के सर्वे सर्वा को बाबा के इस व्यवहार की फोन से शिकायत की,तो वे बोले, "अरे! वह हमारा ही लड़का था। बाबा का वीडियो ढंग से नहीं बना रहा था, इसलिए उसे फटकार दिया। ऐसा होता रहता है"।

हर संगठन या संस्था के कुछ अपने, नियम, निष्कर्ष या सिद्धांत होते हैं, ताकि वह अन्यों से विशिष्ट लगे, पर भोले बाबा की संस्था में ऐसा कुछ नहीं था। वे रोज ही वही, शराब न पीने, मांस न खाने, जुआं न खेलने का उपदेश ही दिया करते थे। वे कर्मफल की बात विशेष रूप से कहा करते थे। ऊपर मैंने जिन सर्वेसर्वा का जिक्र किया है, एक दिन उन्होंने मुझसे आग्रह किया कि मैं बाबा से व्यक्तिगत रूप से वार्तालाप करूं। मैं बाबा के साक्षात्कार के लिए गेस्ट हाउस गया। उनने कहा था, बाबा जी की दो जीभें हैं, ऐसा है, वैसा है,पर वो कुछ न था । बाहर आकर यहीं मैंने उनसे भी कहा और आगे फोन संपर्क भी बंद कर दिया।

मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल

तनवीर जाफरी
स्तंभकार

जल संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ्रीका से आई इस खबर ने पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही केपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गई थी। अब डे-जीरो के तहत केपटाउन में 75 फीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गई है। यानी 10 लाख से ज्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाम मात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

यदि कुछ दिन पहले जारी की गई संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों-गरीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिए सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लंबी कतार लगाए देखा गया। यहां तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी,परंतु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वीवासी हम आमजनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जल संरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा,यह सही साबित होने में अब ज्यादा वक्त लगता नजर नहीं आता।

जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आंखों से पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। पहाड़ों की हरियाली खत्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिए कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ कह दिया कि 'पानी की कमी है। सुबह को केवल फ्रेश होने के लिए टंकी से पानी थोड़ी देर के लिए चलेगा, परंतु नहाने के लिए पानी नहीं है। पीने के लिए बोतल का पानी उपलब्ध है'। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोई तात्कालिक जादुई समाधान तो नजर नहीं आता,परंतु प्रत्येक व्यक्ति व सरकारों को इस दिशा में कुछ न कुछ कोशिश तो करनी ही चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दर्शाते हुए प्राकृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख्त कानून बनाकर कड़े कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल जमीन चाहता है, जबकि प्रकृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है।

वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिए। हर इंसान को शादी, पार्टी,मरना, सालगिरह, विवाह वर्षगांठ, बरसी आदि हर गम,खुशी व त्योहार के अवसर पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिक्री में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है,जबकि प्रकृति प्रदूषण मुक्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल को संचित करने के लिए सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नए-नए तालाब खोदने की जरूरत है। इससे जल संग्रहण भी होगा और आसपास का भूगर्भीय जलस्तर भी सुधरेगा। नवनिर्मित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिए एक पाइप जमीन में डालने की प्रक्रिया (लैंड रिचार्जिंग सिस्टम) को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किए तो यकीन मानिए वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जल संकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि जल संकट के बादल भारत सहित पूरे विश्व में मंडराने लगे हैं।

सोशल फोरम

बहकावों में आ जाते हैं भोले लोग

बात किसी धार्मिक सत्संग की हो या फिर किसी राजनीतिक सम्मेलन की,जहां भीड़ रहेगी वहां भगदड़ की संभावना हमेशा बनी रहेगी। एक छोटी सी घटना भी जिंदा इंसानों को मृतकों में बदल सकती है। ऐसी घटनाओं के मृतकों के प्रति पूरी संवेदना रखते हुए ये सवाल पूछना तो बनता है कि आखिर इन यात्राओं, सत्संग से हासिल क्या होता है? आखिर लोग यहां जाते ही क्यों हैं? और अगर जाते हैं तो वहां से क्या लेकर वापस लौटते हैं?

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हजार सालों से धार्मिक यात्राएं और सत्संग हो रहे हैं,लेकिन इनका हासिल सिवाय एक मानसिक संतुष्टि के और कुछ भी नहीं। अगर इनसे कुछ हासिल हुआ रहता तो दुनिया अब तक बदल चुकी होती और शायद लोग इससे लाभान्वित हो इतने बदल चुके होते कि अब इनकी कोई जरूरत ही न रहती, लेकिन फैशन और भेड़ चाल से कोई बदलाव नहीं होता। अगर इनकी जरूरत आज भी बनी हुई है,इसका मतलब इन यात्राओं, सत्संगों का नतीजा सिफर आ रहा है। बिना किसी भीतरी बदलाव के अपने दैनंदिनी कार्यों की तरह हम इसे भी अंजाम देते हैं। इससे अधिक दिमाग हम इस पर लगाते ही नहीं। धर्म कर्म से ज्यादा ये एक सामाजिक जरूरत है। इस एक तीर से हम बहुत से शिकार करते हैं। आजकल तो लोगों ने धार्मिक यात्राओं को भी पर्यटन बना डाला है। धार्मिक यात्राओं में बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि धर्म-कर्म गौण और मौज मस्ती प्रमुख हो गई है।

वैसे सही कहा जाए तो ये भोले लोग हैं,जो दिमाग न लगाने के कारण बहकावों में आ जाते हैं, जिसका फायदा चंद बाबा टाइप लोग जमा कर उठाते हैं। बिना किसी आंतरिक परिवर्तन के जब ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हमारा लक्ष्य बताई जाएंगी। जब मृत लोक से ज्यादा स्वर्ग लोक की चिंता करने को कहा जाएगा,तो लोग इसे भेड़चाल बना ही डालेंगे। ऐसे में दिन प्रति दिन बढ़ती भीड़ के दबाव में ऐसी घटनाओं को टाला नहीं जा सकता। तकलीफ इस बात की ज्यादा है कि ऐसी घटनाओं पर दुखी हो मृतकों के प्रति संवेदना रखने वाले कल खुद इसका शिकार नही होंगे। इसकी कोई गारंटी नहीं। क्योंकि भेड़ों की यही गति होती है।

-फेसबुक वॉल से

शीघ्र निर्णय हों जनहित के मामलों में

आखिर वे क्या कारण हो सकते हैं कि हाथरस हादसे के मुख्य गुनाहगार साकार विश्व हरि का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है? एक साधारण व्यक्ति के भी दिमाग में यह बात कौंध रही है कि मुख्य दोषी तो वही है। उच्च स्तरों पर,जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों के मन में क्या चल रहा है,यह तो वही जानें,किंतु आम लोगों के मन में जो चल रहा है वह यही है कि बाबा को बचाया जा रहा है? मगर आखिर क्यों? आम बतकही में तो यही बात आ रही है कि भाजपा एक विशाल वोट बैंक के खिसकने का जोखिम नहीं उठाना चाहती और ऐसे ही 'परसेप्शन' भाजपा के विरुद्ध जाते हैं।

अब जैसे नीट का ही मामला है -व्यापक परसेप्शन यही है कि बिना देरी किए,मामले को लटकाए पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाना चाहिए था,मगर हठधर्मिता की हद तक मामले को खींचा जा रहा है। आखिर क्यों? जनमत यह बन रहा है कि चूंकि बड़े-बड़े नेतागण इसमें होंगे,अपने बच्चों को बचाने की खातिर पूरी परीक्षा रद्द नहीं हो रही है। अगर अन्यथा कोई दीगर सच है तो वह प्रभावी तरीके से सामने लाने में सरकार असमर्थ दिख रही है। आज के डिजिटल जमाने में कोई भी अनियमितता पेपर लीक 'लोकेलाइज्ड' हो ही नहीं सकती। जाहिर है इन मामलों में निर्णय की अनिश्चितता और विलंब संशय उत्पन्न करता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। आश्चर्य है कि पूरे देश की संवेदना और विवेक को झकझोर देने वाली घटनाओं से देश में कैसी सोच बन रही है इससे रुलिंग पार्टी अनभिज्ञ सी दिखती है। सच मानिए जनता में ऐसे ही अनिर्णयों से असंतोष और अविश्वास उपजता है,जो अंततः चुनावों में मतदान का बायस बनता है। मतलब जनता की नब्ज पकड़ने में असफलता। ऐसे व्यापक जनहित के मामलों में अनिर्णय एक तरह से रुलिंग पार्टी के लिए 'काउंटर प्रोडक्टिव' होता है। आखिर उच्च स्तरों पर निर्णय क्यों नहीं तत्काल और जनभावनाओं के अनुकूल हो पा रहे हैं? विलंबित निर्णय हुए भी तो क्या? डैमेज तो तब तक हो चुका होगा। का वर्षा जब कृषि सुखाने? और जिन भी कारणों से निर्णयों को लटकाने का मंतव्य रखा जाता है वे अपेक्षानुसार शायद ही कभी फलीभूत होते हों। क्या बाबा के फॉलोवर भाजपा को वोट ही देंगे? इसकी कोई गारंटी है?

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मेरी अल्प समझ में मतदान ऐसे मामलों से नहीं,अपितु अन्य कारकों से प्रभावित होते हैं। अभी संपन्न सामान्य निर्वाचन में जहां से ज्यादा अपेक्षा थी धोखा भी वहीं से मिला। वैसे भी न्याय का विलंबन अन्याय तुल्य ही माना जाता है-जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड, बहुश्रुत कथन है। अनिर्णय की स्थिति अपवाद तौर पर किसी पक्ष के लिए फायदेमंद हो भी सकती है,जिसका एक बड़ा और ऐतिहासिक उदाहरण है भूतपूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव के बाबरी मस्जिद के मामले में सारगर्भित चुप्पी साध लेना। इसका परिणाम एक पार्टी के लिए कितना लाभकारी हो गया, इसका इतिहास साक्षी है। भले ही यह छोटी मुंह बड़ी बात लगे,मगर मैं यह बल देकर कहना चाहता हूं कि वर्तमान सरकारें चाहें केंद्र में हों या प्रदेशों में उन्हें जनहित के मामलों में शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लेना चाहिए,जिनमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनकल्याण का भाव निहित हो। ऐसा न होने पर जनमानस में अविश्वास उपजता है,जो व्यवस्था के प्रतिकूल ही परिणाम देता है। अब ये सभी बातें इतना भी पांडित्यपूर्ण नहीं है कि आकाओं की समझ में न आती हों। समझ-समझ कर भी न समझने सरीखा परिदृश्य यदि स्थायी भाव ले लेता है तो वह कितनी हानि पहुंचा सकता है सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मुझे लगता है यह परिदृश्य बदलना चाहिए। पलायित बाबा का यथाशीघ्र एफआईआर में नामदर्ज करते हुए पाताललोक में भी हो तो पकड़ कर जेल भेजना चाहिए। आम जनता यही चाहती है और नीट की परीक्षा बिना और छीछालेदर कराए रद कर देना चाहिए। अंततः सर्वोच्च अदालत ही अगर रद कर देगी तब?

छुटभैये बंद, बड़के स्वच्छंद

हाथरस के कथित सत्संग में हुई शताधिक मौतों पर अब तक सत्ता के घड़ियाली आंसुओं और विपक्ष की आलोचनात्मक बौछारों के अलावा कुछ खास हाथ नहीं लगा। चंद छुटभैये सेवादार ही गिरफ्तार हुए हैं।

प्रशासन के कलेक्टर, एसपी तथा बड़े आयोजक व कथित भगवान के अवतार बाबा स्वच्छंद हैं,शायद उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बन रही हैं। कुछ दिन में खबर ठंडी पड़ जाएगी और नए हादसे व घोटाले अखबारों की सुर्खियां बन जाएंगे। जनता की याददाश्त कमजोर होती है और मामला टायं-टायं फिस्स हो जाएगा। उम्मीद के मुताबिक न तो कहीं बुलडोजर गरजा, न गाड़ी पलटी। दरअसल इन बाबाओं के तमाम अनुसरक होते हैं और एक अच्छा खासा वोट बैंक इनके कब्जे में होता है। ऐसे में इन पर हाथ डालने में सत्ता संकोच करती है और विपक्ष आलोचना भी संभल कर करता है। अब देखिए शासन बाबा को पकड़ नहीं रहा और अखिलेश यादव बाबा के खिलाफ न बोलकर सिर्फ सरकार को कोस रहे हैं। ऐसे में संभावना बड़ी मछलियों के गिरफ्त से बाहर रहने की बनती दिख रही है। अदनों पर ही कार्यवाही होनी संभाव्य है। ये वोट बैंक धारक धर्माचार्य यदि विवशता में बंद भी किए जाते हैं तो चुनाव के समय पे रोल पर छोड़ दिए जाते हैं,ताकि सत्तादल को फायदा पहुंचा सकें।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत चुनावों के समय एक हरियाणवी महंत ऐसे ही छोड़े गए थे। आज भाजपा जिस कांग्रेस को पानी पी-पी कर कोसती है और अपनी किसी वर्तमान असफलता के लिए जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा देती है,उनकी सरकार के रेल मंत्री लालबहादुर शास्त्री ने 1956 में अरियालूर (तामिलनाडु) की रेल दुर्घटना पर इस्तीफा दे दिया था।अब वे दिन कहां हैं? इतने बड़े हादसे पर कोई बड़ा इस्तीफा नहीं देगा।

मौत की भगदड़

हाथरस हादसे के पीड़ितों से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी। हादसे के बारे में बताते हुए रोती युवती।

पीड़ितों के परिवारों से मिले राहुल गांधी

हापुड़/नयी दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में विपक्ष की नेता तथा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के हाथरस पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और राज्य सरकार से खुले दिल से पीड़ितों को अनुग्रह राशि देने की मांग की। राहुल ने पीड़ित परिवारों के लोगों से मिलकर बात की और भगदड़ के कारण तथा परिवारों की स्थिति के बारे में उनसे जानकारी ली। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा हाथरस हादसे के पीड़ित परिवारों से मिला। उन्हें ढांढस बंधाया और हिम्मत दी। कांग्रेस दुख की इस घड़ी में हाथरस के पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा पीड़ित परिवारों को सही मुआवजा मिलना चाहिए। ये लोग गरीब हैं। इनके मुश्किल वक्त में हम इनके साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुले हृदय से इन लोगों की पूरी तरह से आर्थिक मदद करनी चाहिए। कहा कि यह राजनीतिक करने का वक्त नहीं है लेकिन यह तय है कि प्रशासन ने जिम्मेदारी से काम नहीं किया इसलिए गरीबों पर यह कहर बरपा है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को जल्द आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए और यदि इसमें देरी होती है तो इसका फायदा किसी को नहीं होगा।

बाबा भागा नहीं है अपने आश्रम में है

एटा, अमृत विचार: हाथरस में मची भगदड़ में 123 मौतों के बाद से भोले बाबा सामने नहीं आया है। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा इंडिया में ही अपने आश्रम पर हैं और पुलिस की जांच में सहयोग कर रहे हैं। कहीं भागे नहीं हैं। वह बहुत जल्दी सामने आएंगे।

● एटा मेडिकल कॉलेज में घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने बाबा के बचाव में दी दलीलें

शुक्रवार को एटा के मेडिकल कॉलेज में हाथरस हादसे के घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने कहा, पुलिस जब बाबा को बुलाएगी आ जाएंगे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पुलिस जैसा कह रही है, बाबा वैसा ही कर रहे हैं। बाबा कभी कहीं भागेंगे नहीं। उत्तर प्रदेश में ही हैं। एसआईटी की जांच पर बाबा को पूरा भरोसा है। वकील एपी सिंह ने कहा कि सत्संग की अनुमति में गुमराह नहीं किया था, किसी से चंदा नहीं लेना था। मानवता का कार्यक्रम था। अनुयायियों की संख्या इसलिए अधिक हो गई कि काफी समय से आयोजन नहीं हुआ था।

कुछ को बाबा आज भी सही लग रहा तो कुछ को गलत

हाथरस हादसे में 121 मौतों के बाद बाबा को लेकर उसके अनुयायियों की बात

आगरा, अमृत विचार : हाथरस के सिकंदराराऊ में साकार विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले ने भले ही प्रदेश सरकार में खलबली पैदा कर दी हो लेकिन आज भी बाबा के अनुयायी उसके बारे में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। केदार नगर में बाबा के बंद मकान में शुक्रवार को भी महिलाएं पहुंचीं और घर के बाहरी हिस्से की अपनी साड़ी से सफाई की। कई लोग आज भी बाबा की गलती नहीं मान रहे तो कुछ अनुयायियों का कहना है कि हादसे में इतने लोगों को जान चली गई, बाबा को सामने आना चाहिए। बाबा तो परमात्मा हैं, परमात्मा अपने बच्चों को ऐसे हाल में नहीं छोड़ता।

बाबा के बारे में नहीं सुन सकते

एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती मलपुरा निवासी रजनी कहती हैं कि सत्संग का वो दिन आंखों के सामने से नहीं हट रहा, लेकिन अपने परमात्मा से गुस्सा होकर हम कहां जाएंगे। जो मंजूर था, वह हो गया। कहीं न कहीं हमारी गलती होगी, लेकिन बाबा के भागने के मामले में जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बाबा तो बाबा हैं, वह कहीं भागेंगे नहीं। वहीं उनके रिश्तेदार अनिल कुमार का कहना है कि भोले बाबा के अनुयायी उनके बारे में कुछ नहीं सुन सकते हैं। जो उन्हें मानता है, वह मानता ही रहेगा। चाहे कुछ भी हो जाए।

विष्णु का अवतार हैं भोले बाबा

इरादतनगर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि बाबा को लोग विष्णु भगवान का अवतार मानते हैं। इस मामले में बाबा की गलती केवल इतनी है कि हादसे के बाद उनके आयोजकों और सेवकों को भागना नहीं चाहिए। वहीं बाबा को तो अब सामने आना चाहिए। बाबा ने वकील के माध्यम से अपने विचार रखे। ऐसा तो अपराध करने वाले रखते हैं। बाबा को क्यों लगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, जब उनकी कोई गलती नहीं तो ऐसा क्यों किया गया।

पैर टूटा लेकिन आस्था नहीं

खासपुर, दयालबाग निवासी सुनीता देवी अपने गांव की कुछ महिलाओं के साथ सत्संग के लिए गई थीं। हादसे में उसका पैर टूट गया, लेकिन बाबा में उनकी आस्था नहीं टूटी। उनसे पूछा कि इतने बड़े हादसे में बाबा की गलती है। यह सुनते ही वह यकायक बोलीं, जामें बाबा की क्या गलती है। यह बाबा ने तो थोड़ी करा दिया। हादसा हो गया, नहीं होना चाहिए। काफी लोग मर गए। बाबा सब अच्छा करेंगे। वह ठीक होने के बाद दोबारा सत्संग में जाएंगी। उनका पैर टूट गया, शायद परमात्मा को यही मंजूर हो।

बाबा को सामने आना चाहिए

एत्मादपुर में रहने वाले मोहर सिंह का कहना है कि हादसे में उसकी पत्नी निहाल देवी की मौत हो गई है। उसने पत्नी से सत्संग में जाने को मना किया था, लेकिन गांव की कई महिलाएं साथ थीं तो उसने भेज दिया। आसपास के गांव की छह महिलाओं ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में गलती तो है। इतने लोगों की मौत के बाद तो भोले बाबा को सामने आना चाहिए। हादसा हुआ या साजिश वह जांच का विषय है। वह तो लोगों के बीच भगवान बने हुए थे। लोगों का हमेशा भला सोचते थे तो आज मुसीबत में साथ क्यों छोड़कर चले गए। लोगों ने उनसे कहा था कि बाबा कोई परमात्मा नहीं है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुनी। बाबा की बात को सुनकर लगता था कि वह ही भगवान हैं लेकिन आज इस समय को देखकर उनसे भरोसा उठ रहा है।

कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं

भोले बाबा को कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं। इस बात की जानकारी भी इस बार सत्संग में गए दयालबाग निवासी राकेश कुमार ने दी। राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बाबा के बारे में काफी सुना था। उन्होंने अपने परिवार की कुछ समस्या को लेकर बाबा के पास जाना शुरू किया। बाबा के सत्संग में उनके उपदेश सुने। किसी तरीके से बाबा से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनके सेवादारों ने मिलने नहीं दिया। वह उनके कासंगज के आश्रम तक गए, लेकिन तब भी नहीं मिल पाए। इस बार सत्संग में फिर उम्मीद की, लेकिन इस बार तो जिंदगी और मौत के बीच जंग देख ली। उनका बाबा से भरोसा उठ गया। बाबा ढोंग करते हैं और वह कोई चमत्कार नहीं कर पाते।'

कुमाऊं

सार-संक्षेप

रानीखेत में प्रीति गोस्वामी को सम्मानित करते पूर्व संगठन के लोग। ● अमृत विचार

पूर्व सैनिक संगठन ने प्रीति गोस्वामी को किया सम्मानित

रानीखेत : पूर्व सैनिक सभागार जैनोली में पूर्व सैनिक संगठन फल्दाकोट द्वारा हाल ही में उत्तराखंड व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम की कप्तान चुनी गई ग्राम पाखुड़ा निवासी दिव्यांग खिलाड़ी प्रीति गोस्वामी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष पनीराम ने कहा कि प्रीति गोस्वामी का उत्तराखंड व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम में कप्तान बनना हमारे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। प्रीति गोस्वामी हमारे सैनिक परिवार से आती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त सैनिक परिवारों में खुशी का माहौल है। इस मौके पर पूर्व सैनिक अध्यक्ष कर्नल जीजी गोस्वामी, ध्यान सिंह, पनीराम, रमेश खनायत, राजेंद्र नेगी, अध्यक्ष रानीखेत पूर्व सैनिक संगठन महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रेम फर्त्याल, दीवान सिंह रहे।

अल्मोड़ा रानीधारा में शुक्रवार को धरने पर बैठे लोग। ● अमृत विचार

बारिश में भी धरने पर डटे रहे रानीधारा के लोग

अल्मोड़ा : रानीधारा सीवर लाइन की एसआईटी जांच की मांग को स्थानीय लोगों का धरना प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को 14 वें दिन भी लोग भारी बारिश के बीच धरने में डटे रहे। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। जल्द दो सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि सीवर लाइन बनने से कई क्षेत्रों में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे पानी रिसकर लोगों के घरों में घुस रहा है।

जाखनदेवी से जीवनपुर तक सड़क जर्जर, रोष

अल्मोड़ा : जाखनदेवी से जीवनपुर तक बदहाल मार्ग को लेकर लोग मुखर हो गए है। शुक्रवार को लक्ष्मेश्वर वार्डवासियों ने नगर पालिका ईओ को ज्ञापन सौंप मार्ग के सुधारीकरण की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि जाखनदेवी सेवानिधि से जीवनपुर को जाने वाला मार्ग लंबे समय से बदहाल बना हुआ है। पूर्व में सिंचाई विभाग की ओर से जगह-जगह रास्ते को खोद लाइन बिछाने का कार्य किया गया था, लेकिन बीते एक साल से मार्ग का सुधारीकरण नहीं किया गया है।

अल्मोड़ा में शुक्रवार को ईओ नगर पालिका को ज्ञापन सौंपते लोग।

अल्मोड़ा में बारिश से चार सड़कें बंद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में बारिश से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी दिन भर झमाझम बारिश का दौर रहा। इस दौरान बारिश के चार ग्रामीण सड़कों में मलबा आने से यातायात प्रभावित रहा। हालांकि आपदा विभाग की ओर से पूर्व में बंद चार ग्रामीण मोटर मार्गों को खोल यातायात सुचारू कर दिया है।

जिले में बारिश के चार ग्रामीण सड़कों डुंगरा-सिंगोली-तोली, फुवासिमल-बिनौला-कुंज, चमकना-अधे-थात, ध्याड़ी-भनोली सड़कों पर यातायात बाधित हो गया है। इधर बागेश्वर में भी गुरुवार को दिन में तेज धूप के बाद सायंकाल से बरसात जारी है। तेज बरसात से 11 मोटर मार्ग बंद हैं। सरयू व गोमती नदी का जल स्तर बढ़ गया है। आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हरसीला- पुड़कुनी, ज्ञानधुरा- डांगटी, कपकोट- पिंडारी, भैरूउखलधार, कांडा पढ़ाव- पंगचौड़ा, हरसीला- पोलिंग, सूपी - हरकोट, काफलीकमेड़ा, धरमघर- माजखेत, कपकोट- पिंडारी, मुनार से गांसी मोटर मार्ग बंद हैं जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी लगी है। कई पैदल रास्ते ध्वस्त हो गए हैं।

अल्मोड़ा में शुक्रवार को बारिश से बचने के लिए छाता ओढ़कर जाती युवतियां।

पूर्णागिरि मंदिर के पास चट्टान खिसकी, मार्ग बंद

टनकपुर : चम्पावत जिले के मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा में शुक्रवार की सुबह से हो रही लगातार वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। वहीं मां पूर्णागिरि धाम के मुख्य मंदिर से पहले शांति विश्राम गृह के पास भारी भरकम चट्टान खिसकने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। करीब 20 श्रद्धालु मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए गए थे जो वहीं फंस गए। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन, मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी और स्थानीय दुकानदारों ने सभी श्रद्धालुओं को सकुशल निकाल लिया। मुख्य मंदिर का मार्ग बंद होने के कारण मां के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं को काली मंदिर के पास ही रोकना पड़ा।

खत्याड़ी में शराब बार का विरोध

अल्मोड़ा, अमृत विचार: नगर से सटे ग्राम पंचायत खत्याड़ी में शराब बार खुलने की आशंका को लेकर ग्रामीण मुखर हो गए हैं। शुक्रवार को ग्रामीणों ने मामले में डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ग्राम पंचायत खत्याड़ी और बेस अस्पताल के पास बार खुलने की आशंका जताई जा रही है। कहा कि पूर्व में भी यहां शराब बार खोलने के लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया था। लेकिन अब तक मामले में कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। कहा कि ग्रामीण शनिवार यानी आज धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान राधा देवी, जिपं सदस्य नंदन आर्या, बीडीसी सदस्य दीपा आर्या, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह कनवाल आदि रहे।

कर्मचारियों के अधिकारी बनने के सपने को तोड़ रही है सरकार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: राज्य कर अधिकारियों के पदों में कटौती के विरोध में मिनिस्ट्रीय कर्मचारियों का धरना जारी है। शुक्रवार को कार्मिकों ने राज्य कर विभाग कार्यालय के बाहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के अधिकारी बनने के सपनों को तोड़ने का काम कर रहा है। कहा कि हर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी का सपना प्रमोशन से अधिकारी बनने का होता है, लेकिन शासन राज्य कर अधिकारियों के पदों में कटौती करने की तैयारी में लगा है। चेतावनी दी कि जल्द पदों की कटौती को सरकार ने वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन को बांध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। यहां प्रदर्शन में करने वालों में शाखा अध्यक्ष भुवन चंद्र बिनवाल, शाखा महामंत्री त्रिलोचन आर्या, मोनिका भाकुनी, वीरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, पपींद्र सिंह, मीनू खोलिया आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में शुक्रवार को राज्य कर मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

धरातल पर होंगे पेड़ तो नहीं होगी पर्यावरण की चिंता

अल्मोड़ा, अमृत विचार : वन विभाग की ओर से शुक्रवार को वन महोत्सव के तहत कफड़खान में गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधें लगाने को लेकर आगे आने की अपील की गई। गोष्ठी में मौजूद वन दरोगा मनोज बिष्ट ने कहा कि पेड़ों के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाना जरूरी है। हंस फाउंडेशन के अशोक भोज ने बताया कि अधिक पेड़ लगाकर हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने अपना अहम योगदान दे सकते हैं। यहां गोष्ठी में वन बीट अधिकारी कंचन कुमार, वन आरक्षी गौरव पांडे, ग्राम प्रधान हर्ष पिल्खवाल, आंनद सिंह, सुरेश राम, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

घर से लापता महिला का क्षत-विक्षत शव मिला

टनकपुर, अमृत विचार : जनपद चम्पावत के दूरस्थ नेपाल सीमा से लगे लोहाघाट के विकासखंड गुमदेश क्षेत्र के धौनी सिलिंग गांव की लापता महिला का क्षत विक्षत शव-बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। पेड़ में अटके मंगलसूत्र और बालों से माना जा रहा है कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। स्वजनों ने पुलिस में किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं की है। 52 वर्षीय भूमि देवी पत्नी धर्म सिंह 20 जून की रात को अचानक लापता हो गई थी।

सार-संक्षेप

गोष्ठी के दौरान बोलतीं भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी।

धामी सरकार के तीन साल पूरे होने पर जताई खुशी

बनबसा : प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के तीन वर्ष पूरे होने को कार्यकर्ताओं ने बताया ऐतिहासिक। मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट की अगुवाई मे चन्दनी शक्ति केन्द्र के बूथ मे भाजपा कार्यकर्ताओ ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस गोष्ठी मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा जनहित में लिए गए निर्णयों को ऐतिहासिक बताया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, सुनीता मुरारी, मनोज कालाकोटी, सरोज चन्द, बलबीर सिंह प्रजापति, भूपेन्द्र बोरा, रुकमणी उनियाल, सावन चन्द,जतिन देऊपा शिव चन्द रहे।

बाइक दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

लोहाघाट : लगभग चार माह पूर्व लोहाघाट-चम्पावत मोटर मार्ग में अक्कल धारे के पास हुई बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्राम पंचायत सुंई पऊ निवासी 24 वर्षीय लवलेश ओली का निधन हो गया है। शुक्रवार को युवक ने दम तोड़ दिया। अंतिम संस्कार रामेश्वर घाट में किया गय। युवक का इलाज दिल्ली के एक अस्पताल में किया गया, लेकिन रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट होने के कारण डाक्टरों ने उसे घर भेज दिया। युवक के पिता मोहन चंद्र ओली होम गार्ड में कार्यरत हैं। उसके निधन पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, आरोपी फरार

बागेश्वर : कोतवाली पुलिस अंतर्गत एक युवती ने युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवक पर बलात्कार व एससी एक्ट का आरोप पंजीकृत किया है। घटना जून माह की होने के कारण मामला पूर्व की धाराओं में ही पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक युवती ने कोतवाली में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि दफौट निवासी उमेश तिवारी ने उसके साथ विगत सप्ताह बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया। युवक द्वारा उसे अब तक शादी का झांसा दिया जाता रहा तथा अब शादी से इंकार कर दिया है। उसने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

श्रीकृष्ण की लीलाओं को सुन भावविभार हुए भक्त

रानीखेत : स्थानीय पंचेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भागवत कथा में कथा व्यास राजेंद्र महाराज ने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान किया। उन्होंने पूतना, गोवर्धन पर्वत, कंस वध को उंगली पर उठाने की लीलाओं का वर्णन किया। साइंस समय 56 भोग का आयोजन भी यहां पर किया गया। जिसमें भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष कैलाश पांडे, जगदीश अग्रवाल, कैलाश सती, पूर्ण नेगी, अनुपम अग्रवाल, रमेश अधिकारी, बालम राणा, रमेश बिष्ट, दीपक खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते व्यास।

मैंथा भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 950 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
रामपुर : शिवालिक-965 फ्लैग- 1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5300 मसूरी- 5100 बासमती- 9000 परमल- 3500 दाल दलहन : काला चना- 7500-8000 साबुत चना दाल- 6500-7500 मूंग साबुत- 10400-10500 राजमा- 13500-16000 दाल उड़द- 10000 साबुत मसूर दाल- 7500- 7600 मसूर दाल- 8400-8500 उड़द साबुत- 11300 काबुली चना- 12400 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/करमानी- 8700 सोयाबीन- 4400 मूंगफली- 11800 मटर (सूखी)- 5200-5300 मक्का- 2800 ।

रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर: मंत्रालय

भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्रतिबद्धता : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ था।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन पर, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

● वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य था 1,08,684 करोड़ रुपये

गत वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो गत वित्त वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से 79.2% योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8% का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है।

प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 10% हुई महंगी

मुंबई, एजेंसी

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट रोटी राइस रेट के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है। शाकाहारी थाली की कीमत में वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30%, आलू में 59% और प्याज में 46% की वृद्धि को बताया गया है। प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश से आलू की पैदावार कम हुई। कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में उच्च तापमान से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35% कम हुई। वहीं चावल की कीमतों में 13% और दालों में 22% की वृद्धि हुई।

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि गत वर्ष जून में 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में 14% की कमी आई है।

टमाटर की कीमत 80 रुपये प्रति किलो

नई दिल्ली। भीषण गर्मी से आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 70-80 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा केंद्र सफल पर 75 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलो टमाटरों की बिक्री कर रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने से फसल प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और कीमतों में उछाल आया है। ऑनलाइन मंच ओटिपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर की जा रही है।

स्टील, एल्युमिनियम के बर्तनों पर आईएसआई का ठप्पा अनिवार्य

नई दिल्ली। सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमिनियम के बर्तनों की सुरक्षा, गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाने के लिए विनिर्माताओं पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के गुणवत्ता संबंधी निर्देशों को अनिवार्य बनाया है। बर्तनों पर आईएसआई की मुहर अनिवार्य है और इसका उल्लंघन करना दंडनीय बना दिया गया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 14 मार्च, 2024 को जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसार ऐसे बर्तनों पर आईएसआई चिह्न अनिवार्य कर दिया गया। इसका अनुपालन न करना दंडनीय है। बीआईएस ने मानकों की सूची बनाई है। इसका उद्देश्य प्रदर्शन और उपभोक्ता सुरक्षा को बढ़ावा देते हुये व्यंजनों की सांस्कृतिक विविधता को बनाये रखना है।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	93350
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	74575
गिन्नी (प्रति नग)	55550-55750
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,850
चांदी आभूषण	91,300
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71700
सिल्वर (पक्की)	905 (अनुमानित)
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,900
सोना रवा	72,750
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	91,100
चांदी (999)	91,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह ये 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

नायडू ने वित्त मंत्री से कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की मदद करने का आह्वान किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता मांगी। तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य सरकार के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02% से बढ़कर 2023-24 में 33.32% हो गया है। यह राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। सीतारमण ने नायडू की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह व्यापक वित्तीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांगों पर विचार करेंगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू।

रिजर्व बैंक ने विनिर्माण कंपनियों का तिमाही सर्वेक्षण किया शुरू

मुंबई, एजेंसी

● मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण की भूमिका अहम

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विनिर्माण क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के ऑर्डर बुक, भंडार और क्षमता उपयोग का तिमाही सर्वेक्षण शुरू करने की घोषणा शुक्रवार को की। मौद्रिक नीति तैयार करने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका काफी अहम होती है।

रिजर्व बैंक 2008 से ही तिमाही आधार पर विनिर्माण क्षेत्र के ऑर्डर बुक, भंडार में मौजूद माल और क्षमता के इस्तेमाल संबंधी (ओबिकस) सर्वेक्षण संचालित करता रहा है। इस सर्वेक्षण में एकत्र की गई जानकारी में संदर्भ तिमाही (अप्रैल-जून 2024) के दौरान कंपनियों को मिले नए ऑर्डर, तिमाही की शुरुआत में ऑर्डर की स्थिति, तिमाही के अंत में लंबित ऑर्डर, तिमाही के अंत में तैयार माल, कार्य-प्रगति और कच्चे माल के स्टॉक समेत कुल भंडार शामिल हैं। तिमाही के दौरान मात्रा और मूल्य के संदर्भ में मदवार उत्पादन, लक्षित समूह से स्थापित क्षमता और तिमाही के दौरान उत्पादन/स्थापित क्षमता में परिवर्तन के कारणों को भी एकत्र किया जाता है। प्रतिक्रियाओं से क्षमता उपयोग के स्तर का अनुमान लगाया जाता है।

राष्ट्रीय

एक नजर

सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

रांची। न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना दवेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

पश्चिम बंगाल में मिला द्वितीय विश्व युद्ध का बम

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि झाड़ग्राम जिले में एक खुले मैदान में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिला जो फटा नहीं था और उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। एक्स पर अभियान की तस्वीर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

राव का इस्तीफा, रास में एक और सीट खाली

नई दिल्ली। राज्यसभा में शुक्रवार को एक नई रिक्ति पैदा हो गई जब सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने के केशव राव का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राव ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी सदस्यता छोड़ दी थी। राव 2020 से तेलंगाना से बीआरएस के राज्यसभा सदस्य थे। वह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए थे। उन्होंने बृहस्पतिवार को संसद के ऊपरी सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

केरल के त्रिशूर में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैला

त्रिशूर (केरल)। त्रिशूर जिले के गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अफ्रीकी स्वाइन फीवर जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर सूअरों में फैल सकता है। त्रिशूर डीएम ने जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। डीएम ने पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है।

मोदी ने दूरसंचार कंपनियों को 34,824 करोड़ रुपये वसूलने की दी छूट : कांग्रेस

मोबाइल शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दूरसंचार क्षेत्र की तीन प्रमुख कंपनियों द्वारा शुल्क दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी? हाल ही में तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने ढाई साल के अंतराल के बाद मूल्य वृद्धि की घोषणा की। सबसे पहले सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने यह कदम उठाया। सुरजेवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में सिर्फ तीन सेल फोन ऑपरेटर हैं। रिलांयस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ व वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख उपभोक्ता हैं।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। उन्होंने कहा कि 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 से 27% बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 से 21% बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी अपने रेट 10 से 24% बढ़ा दिए। सुरजेवाला का कहना था कि साफ है कि तीनों कंपनियों ने सलाह कर सिर्फ 72 घंटे में सेलफोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की। अगर हम सेल फोन कंपनियों का औसत देखें तो पता चलेगा कि रिलायंस जियो के हर यूजर पर 30.51 रुपये की बढ़त हुई है। यानी सालाना 17,568 करोड़ रुपये अतिरिक्त वूसल किए जाएंगे।

● मोदी के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है : रणदीप सुरजेवाला

कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

समलैंगिक विवाह

● पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले की करेगी समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई के अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। साथ ही न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

बंगाल के विस अध्यक्ष ने टीएमसी के दो विधायकों को दिलाई शपथ उपाध्यक्ष ने किया इनकार

कोलकाता। प. बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के बदले अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा के उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। राजभवन और विधानसभा के बीच चले गतिरोध के बाद, दोनों विधायक रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई गई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं जबकि सयंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बारानगर से विधायक हैं।

गुरुवार शाम को राज्यपाल बोस ने उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया। उनका रुख था कि विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसन पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना नियमों के खिलाफ है। उपाध्यक्ष की अपील के बाद बिमान बनर्जी ने दोनों विधायकों को सदन में बुलाया और शपथ दिलाई।

भाजपा काम रोको अभियान के तहत स्कूली शिक्षा बर्बाद कर रही : आप

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पांच हजार शिक्षकों के तबादले के आदेश पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर केजरीवाल सरकार द्वारा विकसित शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राय ने कहा कि आप सरकार के काम में बाधा उत्पन्न करने के लिए भाजपा का काम रोको अभियान जारी है। शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक से जारी परिपत्र के तहत जिन शिक्षकों ने एक ही स्कूल में 10 वर्ष से अधिक सेवा दी है उन्हें आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें स्थानांतरित किया जाएगा।

रथयात्रा की तैयारी

कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ के पहिये को पेंट करता इस्कॉन का सदस्य। ● एजेंसी

असम में बाढ़ का सीएम ने लिया जायजा

गुवाहाटी, एजेंसी

● राज्य की नदियां खतरे के ऊपर, 22 लाख लोग प्रभावित, डिब्रूगढ़ आठ दिनों से जलमग्न बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप

असम में शुक्रवार को बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई तथा राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। असम में 22 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने डिब्रूगढ़ शहर की समीक्षा की। यह जिला आठ दिनों से जलमग्न है और यहां बिजली व्यवस्था ठप है। मुख्यमंत्री ने कहा, समस्या के समाधान को विशेषज्ञों की मदद लेंगे।

अधिकारियों ने बताया कि नालियों के जाम होने से डिब्रूगढ़ में जलभराव हो गया है तथा ब्रह्मपुत्र नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जिससे पानी की निकासी में दिक्कतें आ रही हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा से बिजली आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने कहा कि बिजली बंद की गई है ताकि करंट से अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को बिजली आपूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया ताकि लोग सतर्क रहें।

प्रज्वल की जमानत पर एसआईटी दर्ज कराए आपत्ति

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर (जद-एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।

रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

महिला आयोग ने मोइत्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष पर टिप्पणी के बाद टीएमसी सांसद कार्रवाई को आयोग ने पुलिस से कहा

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है। एक्स पर जारी वीडियो पर टीएमसी सांसद के टिप्पणी के एक दिन बाद आयोग ने यह रुख अख्तियार किया।

वीडियो में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ के स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने लिखा, वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं।

एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर कहा, टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के महिला के अधिकार का उल्लंघन है। आयोग ने पाया कि यह टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है। वह टिप्पणियों की निंदा करता है और मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई चाहता है। एनसीडब्ल्यू ने लिखा, मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए और तीन दिनों में आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट से अवगत कराया जाना चाहिए।

जंगलों, नदियों-नालों के रखरखाव को लेकर हाईकोर्ट नाराज

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने समय रहते राष्ट्रीय राजमार्गों सहित जंगलों, नदियों और नालों का उचित रखरखाव न करने पर चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि 12 जून, 2024 को अदालत के आदेश के बावजूद ब्यास नदी के तल के बीच से चट्टानों और पत्थरों को नहीं हटाया गया है। इन पत्थरों से पानी के टकराने से बहाव नदी तट तक आ जाता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। जंगलों में फेंके गए मलबे से भूमि कटाव होता है और नदियों-नालों का बहाव रुक जाता है। यह सामान्य ज्ञान की बात है, इसलिए हर बार एनएचएआई द्वारा स्थिति को स्टडी करने के बाद एक्शन में आने की बात समझ से परे है।

● एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयकी ने दी चेतावनी

कोर्ट ने 12 जून को राज्य सरकार को दिया था आदेश

मामले में न्यायालय ने गत 12 जून को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की स्थिति अच्छी बनी रहे, ताकि नागरिकों को भोजन, ईंधन इत्यादि की आपूर्ति बनाई रखी जा सके। एनएचएआई को भी आदेश दिए थे कि वह भी बरसात से पहले ब्यास नदी के बीच से पथरों और चट्टानों को हटाए, ताकि नदी के बहाव तट से टकराकर राष्ट्रीय राजमार्ग को कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रदेश में पिछले वर्ष हुई भारी बरसात से सैकड़ों सडक़ें तबाह हो गई थीं। न्यायालय ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग का आपदा से पहले जागना जरूरी है। आपदा के बाद जागने से धन का दुरुपयोग होता है।

अदालत ने स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि उन्हें एनएचएआई का नदी की स्थिति की स्टडी करने के बाद यह कहना स्वीकार्य नहीं है कि मानसून के दौरान नदी से पत्थरों और चट्टानों को नहीं हटाया जा सकता है, क्योंकि एनएचएआई के पास जून का पूरा महीना था। जब मानसून ने हिमाचल प्रदेश को नहीं छुआ था लेकिन एनएचएआई ने कुछ भी नहीं किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि एनएचएआई की इस निष्क्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ उचित निर्देश जारी किया जाएगा। मामले पर अगली सुनवाई पहली अगस्त को निर्धारित की गई है।

2036 का दावा मजबूत करेंगे पेरिस ओलंपिक के आपके अनुभव : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद

वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

नीरज से बोले प्रधानमंत्री, तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं। ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी।

खेल डायरी

प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि और वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

एशियाई बिलियर्डस के फाइनल में आडवाणी

रियाद। भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्डस में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

नई दिल्ली। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरूष युगल में 2-0 से हराया।

राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

कैलगरी (कनाडा)। भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

भारतीय रेफरी उवेना ने की संन्यास की घोषणा

नई दिल्ली। फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय हैं। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने एआईएफएफ से कहा मैं लगभग 20 वर्षों तक रेफरी रही हूं और मुझे लगता है कि मैंने पहले ही अपने काम के साथ न्याय किया है और इस प्रक्रिया में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारतीय वायु सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी उवेना ने कहा मैंने पहले ही अपना काम कर दिया है, इसलिए मैंने सोचा कि युवाओं को भी मौका मिलना चाहिए।

विराट-रोहित के बिना नई शुरुआत करेगी युवा टीम

जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पहला टी-20 मुकाबला आज, शुभमन की अगुवाई में अभिषेक और रियान करेंगे पदार्पण

हरारे, एजेंसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का अपना सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है ।

अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। गेंदबाजी में आवेश खान और खलील अहमद का खेलना तय है जबकि डैथ ओवरों के खतरनाक गेंदबाज मुकेश कुमार तीसरे तेज गेंदबाज होंगे । दुबे के आने तक वॉशिंगटन सुंदर को मौका मिल सकता है।

मैच : शाम 04:30 बजे

भारत: (पहले दो मैचों के लिए): शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

जिम्बाब्वे : सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।



विश्वविजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री ने टीम के लिए 11 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे, लेकिन जब भी हम टी-20 मैच देखेंगे, हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा।

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

ट्रॉफी क्या मायने रखती है यह कल देखा

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी-20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है। उन्होंने कहा 2007 अलग था। मैं उसे भूल नहीं सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था। यह खास है क्योंकि मैं इस बार कप्तान था। मेरे लिए यह बहुत गर्व का पल है।

प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए चुने गए बुमराह, रोहित

दुबई। आईसीसी ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुए टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए।

फर्नले को हराकर नोवाक तीसरे दौर में

लंदन। सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

द. अफ्रीका ने भारत को दिया 189 का लक्ष्य

चेन्नई, एजेंसी

● भारत के खिलाफ पहले टी-20 में दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स और मारिजने काप ने लगाए अर्धशतक, राधा और पूजा ने चटकाए दो-दो विकेट

दक्षिण अफ्रीका ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ब्रिट्स ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ब्रिट्स और कप्तान लौरा वोलवार्ट (33 रन) ने सतर्क शुरूआत करते हुए 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर अग्रसर हुई। इस पारी में बने 189 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर भी है। लौरा चौथे ओवर में भाग्यशाली रहीं जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (दो विकेट) की गेंद पर श्रेयंका पाटिल (टखना मुड़ने के कारण मैदान से बाहर गयीं डी हेमलता की जगह उतरीं) ने उनका कैच छोड़ दिया, तब वह 24 रन पर थीं। राधा यादव (दो विकेट) ने लौरा को आउट कर पहले विकेट की भागीदारी का अंत किया। इस दौरान स्मृति मंधाना ने काप और विकेटकीपर ऋचा घोष ने ब्रिट्स के कैच छोड़े। ऋचा कैच लेने के प्रयास में चेहरे पर चोट लगने से मैदान से चली गयीं। ब्रिट्स और काप ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। बायें हाथ की स्पिनर राधा ने काप को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनुभवी क्लो ट्रायोन (12) और काप ने फिर तेजी से 38 रन जोड़े। ट्रायोन अंतिम ओवर में पूजा का शिकार हुईं।

ड्रिंक्स ब्रेक में द. अफ्रीका के खिलाफ योजना बनातीं भारतीय महिला टीम की खिलाड़ी। ● एजेंसी

96 रन की साझेदारी दूसरे विकेट के लिए ब्रिट्स और काप ने निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : 189/4, 20 ओवर। तजमिन ब्रिट्स 81, मारिजने काप 57, लौरा वोलवार्ट 33, क्लो ट्रायोन 12। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 2, राधा यादव 2।

पाकिस्तान करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी शामिल हैं।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, ये श्रृंखलाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पीसीबी ने कहा कि बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में होंगे।

आदित्य बोले- मुंबई से कभी विश्व कप फाइनल मत छीनना

मुंबई, एजेंसी

शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी बीसीसीआई की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था।

भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है।

बीसीसीआई एक ही शहर को नहीं दे सकता प्राथमिकता : राजीव

मुंबई। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता। शुक्ला ने कहा कोलकाता में भी 1987 विश्व कप का फाइनल हो चुका है और कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। शुक्ला ने कहा कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टॉर्मर का स्वागत करते नागरिक। ● एजेंसी

डाउनटाउन आवास में पत्नी के साथ नवनियुक्त प्रधानमंत्री खुशी जाहिर करते हुए। ● एजेंसी

आ अब लौट चलें....डाउनटाउन छोड़ने के बाद पत्नी अक्षिता के साथ ऋषि सुनक।

कंजर्वेटिव पर भारी लेबर पार्टी, 14 साल बाद सत्ता परिवर्तन

200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ लेबर पार्टी को मिली जीत

नवनियुक्त प्रधानमंत्री स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा

सुनक ने महाराजा से मिलकर दिया इस्तीफा, ब्रिटेन के लोगों से माफी मांगी

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री के रूप में कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को अपने पहले भाषण में आम चुनाव में लेबर पार्टी की भारी जीत के बाद देश के हृदय में निराशा को ठीक करने और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का वादा किया। आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री बनने के बाद स्टार्मर ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा हमारा काम अत्यावश्यक है और हम इसे आज से ही शुरू कर रहे हैं। देश के पहले एशियाई प्रधानमंत्री बनने के लिए पूर्ववर्ती ऋषि सुनक द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रयास को स्टार्मर (61) ने मान्यता दी।

ब्रिटेन के आम चुनाव के तहत गुरुवार को मतदान हुआ था। लेबर पार्टी को 200 से अधिक सीट की बढ़त के साथ भारी जीत दिलाने के बाद स्टार्मर ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बने और उन्होंने ऋषि सुनक की जगह ली। स्टार्मर ने सरकार बनाने के लिए एक समारोह में महाराजा चार्ल्स तृतीय की अनुमति प्राप्त की। इससे पहले, 44 वर्षीय ऋषि सुनक ने महाराजा से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। स्टार्मर ने कहा कि देश ने परिवर्तन के लिए और सार्वजनिक सेवा में राजनीति की वापसी के लिए निर्णायक रूप से मतदान किया। उन्होंने कहा, जब लोगों के हृदय में निराशा उत्पन्न हो जाता है, आशा, भावना, बेहतर भविष्य में विश्वास खत्म हो जाता है। हमें एक साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। स्टार्मर ने कहा कि यह घाव केवल कार्रवाई से ठीक किया जा सकता है, शब्दों से नहीं। उन्होंने कहा कि वह इस साधारण स्वीकारोक्ति के साथ तुरंत काम शुरू करने का इरादा रखते हैं कि सार्वजनिक सेवा विशेषाधिकार है व इस सरकार को इस देश में हर एक व्यक्ति के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करना चाहिए। स्टार्मर ने देश के बनुयादी ढांचे का पुनर्निर्माण करने का वादा किया। आपने हमें स्पष्ट जनादेश दिया है।

महाराजा चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के बाद आधिकारिक रूप से ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री।

डाउनटाउन को छोड़ते समय भावुक हुए सुनक

लंदन। ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शुक्रवार को कहा कि आम चुनाव में अपनी पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए वह कंजर्वेटिव पार्टी के नेता का पद छोड़ देंगे। इसके साथ ही सुनक ने उन दिवाली उत्सवों को याद किया जो उन्होंने भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आवास) पर अपने परिवार के साथ मनाए थे। सुनक (44) का कार्यकाल करीब 20 महीना रहा और प्रधानमंत्री के रूप में अपने विदाई भाषण में वह भावुक हो गए। उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी लेकिन जोर दिया कि उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री पूरे समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने अपनी पार्टी के सहयोगियों से भी माफी मांगी जो चुनाव में हार गए। सुनक ने कहा सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे खेद है। मैंने इस पद पर पूरी ईमानदारी से काम किया, लेकिन आपने स्पष्ट संकेत दे दिया कि ब्रिटेन की सरकार को बदलना होगा। इस दौरान सुनक की पत्नी अक्षता मूर्ति भी मौजूद थीं।

सत्ता परिवर्तन से एफटीए में कुछ संशोधन संभव

नई दिल्ली। सत्ता परिवर्तन से ब्रिटेन और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी मिलने की उम्मीद है, इसमें मामूली बदलाव हो सकते हैं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव ने कहा कि लेबर पार्टी एफटीए के फायदों को पहचानेगी, क्योंकि इससे उच्च टैरिफ बाधाओं को दूर करते हुए तेजी से बढ़ते और बड़े भारतीय बाजार तक पहुंच मिलती है।

निगेल फराज आठवें प्रयास में बने सांसद

लंदन। निगेल फराज अपने आठवें प्रयास में ब्रिटेन की किसी संसदीय सीट से निर्वाचित होने में कामयाब हो गए। वह क्लैक्टन से जीत हासिल करके पहली बार सांसद बने हैं।

फराज की कट्टर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके पार्टी ने ब्रिटेन के आम चुनाव में चार सीट पर जीत हासिल की है। द गार्जियन अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक फराज (60) ने कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार जाइल्स वाटलिंग को हराया। वाटलिंग 2017 से एसेक्स के इस तटीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। फराज को 21,225 वोट मिले जबकि वाटलिंग को 12,820 वोट मिले और उन्होंने फराज को 8,405 वोट के अंतर से हराया। क्लैक्टन निर्वाचन क्षेत्र को रिफॉर्म यूके पार्टी की सबसे अच्छी उम्मीद माना जाता था। वर्ष 2015 के आम चुनाव में इस निर्वाचन क्षेत्र से डगलस कार्सवेल ने जीत हासिल की थी। कार्सवेल ने पिछले साल कंजर्वेटिव पार्टी से अलग होने के बाद उपचुनाव के दौरान इस सीट को सफलतापूर्वक बरकरार रखा था।

दुनिया भर के नेताओं ने दी बधाई

लंदन। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टॉर्मर को बधाई देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के साथ ही पारस्परिक विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक तथा रचनात्मक सहयोग की उम्मीद जताई। साथ ही सुनक के नेतृत्व की सराहना की और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के संबंधों को प्रगाढ़ करने में उनके सक्रिय योगदान के प्रति आभार जताया।

आस्ट्रेलिया : प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि वह लेबर पार्टी की सरकार के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं।

इटली : प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा इटली व ब्रिटेन के बीच मजबूत संबंध है और मुझे विश्वास है कि हम अपने नागरिकों के हित में प्रगाढ़ संबंध विकसित करना जारी रखेंगे।

नार्वे : नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे ने स्टॉर्मर और लेबर पार्टी को चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी।

बड़ी संख्या में चुने गए भारतीय मूल के सांसद

लंदन। ब्रिटेन के आम चुनाव में भारतीय मूल के लगभग 26 सांसद वहां की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए हैं। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र में निर्णायक जीत के साथ ब्रिटिश भारतीयों की जीत का नेतृत्व किया है। सुनक ने एक संदेश में कहा इस मुश्किल समय में मैं रिचमंड और नॉर्थलेर्टन निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे लगातार

- **26 सांसद संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए**
- **सुनक ने यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन क्षेत्र में भारतीयों की जीत का किया नेतृत्व**

समर्थन दिया है। एक दशक पहले जब मैं यहां आया था तब से आपने मुझे और मेरे परिवार को घर जैसा महसूस कराया है और मैं आने वाले वर्षों में आपकी सेवा करने के लिए उत्सुक हूं। अपनी सीट फिर से जीतने वाले अन्य प्रमुख ब्रिटिश भारतीय टोरी नेताओं में पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन और प्रीति पटेल शामिल हैं। गगन महिंद्रा ने कंजर्वेटिव पार्टी के लिए अपनी साउथ वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट पर जीत हासिल की। वहीं शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में विजय प्राप्त की। वह यहां से भारतीय मूल के लेबर उम्मीदवार राजेश अग्रवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में थीं। चुनाव परिणामों से पता चलता है कि लेबर पार्टी में सबसे अधिक संख्या में भारतीय प्रवासी उम्मीदवार विजयी हुए हैं।

प्रंचड 12 जुलाई को करेंगे बहुमत परीक्षण का सामना

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड 12 जुलाई को प्रतिनिधि सभा में बहुमत परीक्षण का सामना करेंगे। गुरुवार को इसकी घोषणा की गई। इस सप्ताह की शुरुआत में प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से दो प्रमुख राजनीतिक दलों ने समर्थन वापस ले लिया था। प्रधानमंत्री ने संसद सचिव को एक पत्र लिखकर बहुमत परीक्षण के लिए मतदान की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है।

काठमांडू पोस्ट की खबर में कहा गया है दाहाल ने संविधान के अनुच्छेद 100 (2) के तहत बहुमत परीक्षण कराने का अनुरोध किया है, जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री जिस दल का नेतृत्व कर रहे हैं, अगर वह विभाजित हो जाता है या कोई राजनीतिक दल गठबंधन सरकार से समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन में प्रतिनिधि सभा में बहुमत साबित करने के लिए प्रस्ताव पेश करना होगा।

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओलि ने गठबंधन सरकार बनाने के लिए सोमवार को समझौता किया था। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के 89 जबकि सीपीएन-यूएमएल के 78 सदस्य हैं। प्रचंड की सीपीएन-एमसी के 32 सांसद हैं।

तुर्की में 45 आईएस संदिग्ध हिरासत में

अंकारा। तुर्की पुलिस ने आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े होने के संदेह में 45 लोगों को हिरासत में लिया है। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा आईएस के खिलाफ अभियान के परिणामस्वरूप कुल 81 में से 16 प्रांतों में 45 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। यह अभियान इस्तांबुल, अंताल्या और अंकारा और अन्य स्थानों पर चलाया गया। येरलिकाया ने बताया कि छापे के दौरान बड़ी संख्या में मुद्रा और डिजिटल डेटा जब्त किया गया।

एक नजर

पाक में पर्यावरण के नमूनों में मिला पोलियो वायरस

इस्लामाबाद पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दो नए जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 का पता चला है। मंत्रालय ने कहा कि इस वायरस का पता 10 से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से एकत्र किए गए पर्यावरण नमूनों से लगाया गया था।

वेटिकन ने अपने पूर्व राजदूत को किया बहिष्कृता

रोम। वेटिकन ने अमेरिका में अपने पूर्व राजदूत आर्कबिशप कार्लो मारिया विगानो को विभाजन का दोषी पाते हुए, बहिष्कृत कर दिया है। यह पोप फ्रांसिस के सबसे प्रबल आलोचकों में गिने जाने वाले उग्र रूढ़िवादी (विगानो) के लिए अपरिहार्य अंत है। शुक्रवार को एक प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि वेटिकन के सिद्धांत कार्यालय ने गुरुवार को अपने सदस्यों की बैठक के बाद यह प्रतिबंध लगाया।

इजरायली हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए

रामल्लाह। फिलिस्तीन के उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर में इजरायली हवाई हमले और गोलीबारी में सात फिलिस्तीनी मारे गए। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान के पंजाब में सोशल मीडिया पर छह दिन प्रतिबंध

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने इस्लामी महीने मुहर्रम के दौरान नफरत फैलाने वाली सामग्री को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंच यूट्यूब, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और टिकटॉक पर 13 से 18 जुलाई तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। पंजाब सरकार की ओर से जारी की गई एक अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री मरियम नवाज की कानून एवं व्यवस्था संबंधी कैबिनेट समिति ने 12 करोड़ से अधिक की आबादी वाले प्रांत में प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है।

रूसी क्षेत्र में 50 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट

मॉस्को। रूस की हवाई सुरक्षा ने रात भर में तीन रूसी क्षेत्रों में 50 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा पिछली रात के दौरान जब कीव शासन ने रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास किया,।

ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने क्रास्नोडार क्षेत्र में 14 यूएवी, ज़ापोरोज़े के ऊपर 26 यूएवी को नष्ट कर दिया और रोस्तोव क्षेत्र में 10 यूएवी को भी नष्ट कर दिया। रूस 24 फरवरी 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है। पुतिन ने कहा है कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य आठ वर्षों तक कीव शासन द्वारा नरसंहार के शिकार लोगों की रक्षा करना है। राष्ट्रपति के अनुसार, ऑपरेशन का अंतिम लक्ष्य डोनबास को आज़ाद कराना है और अपने देश की सुरक्षा के लिए शान्ति बनाये रखना है। इधर रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र के बंदरगाह शहर प्रिमोर्सको-अख्तरस्क पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के ड्रोन हमले के बाद एक बच्ची की मौत हो गयी।

रूसी सेना में भारतीयों का मुद्दा उठाएंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस एवं ऑस्ट्रिया की यात्रा पर जाएंगे और वह रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ बातचीत में भारतीय नौजवानों के रूसी सेना में भर्ती होकर यूक्रेन के मोर्चे पर भेजे जाने का मुद्दा उठायेंगे और ऐसे सभी भारतीय युवाओं को मुक्त कर स्वदेश भेजने का भी अनुरोध करेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

इस मौके पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर, अतिरिक्त सचिव (यूरेशिया) चरणजीत सिंह और अतिरिक्त सचिव (मध्य यूरोप) अरुण कुमार भी मौजूद थे। क्वात्रा ने प्रधानमंत्री की यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 8-9 जुलाई को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री का सोमवार को दोपहर में मॉस्को पहुंचने का कार्यक्रम है। मोदी के सम्मान में सोमवार 8 जुलाई को राष्ट्रपति एक निजी रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री क्रेमलिन में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे और उसके बाद मोदी मॉस्को में प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। इन कार्यक्रमों के बाद दोनों नेताओं के बीच एक एकांत में बातचीत होगी, जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी नौ जुलाई को दोपहर बाद मास्को से विएना जाएंगे। ऑस्ट्रिया के चांसलर के निमंत्रण पर मोदी 9-10 जुलाई को ऑस्ट्रिया में रहेंगे।

पुतिन से बातचीत के लिए हंगरी के प्रधानमंत्री पहुंचे मॉस्को

बुडापेस्ट (हंगरी)। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के लिए मॉस्को पहुंचे। ओरबान के प्रेस प्रमुख ने शुक्रवार को बताया कि दो वर्ष से अधिक समय पहले यूक्रेन पर आक्रमण के बाद किसी यूरोपीय नेता की यह रूस की दुर्लभ यात्रा है। ओरबान की यह यात्रा यूक्रेन की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की थी और प्रस्ताव रखा था कि यूक्रेन रूस के साथ तत्काल युद्ध विराम पर विचार करे। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने तथा युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसका देश की क्षेत्रीय अखंडता या भविष्य की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

मीटू अभियान में फ्रांसीसी निर्देशक पर आरोप तय

पेरिस। एक प्रमुख फ्रांसीसी फिल्म निर्देशक पर महिला कलाकारों से जुड़े एक मामले की जांच कर रहे फ्रांसीसी न्यायाधीश ने दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और हिंसा के प्रारंभिक आरोप तय किए हैं। पेरिस में अभियोजक कार्यालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बेनोइट जैक्वॉट को 50 से ज्यादा फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्देशन का श्रेय दिया जाता है।

फ्रांसीसी फिल्म उद्योग और उसके इतर यौन शोषण और शारीरिक दुर्व्यवहार के मामले में उनका नाम एक बार फिर प्रमुखता से उभरा है। फ्रांसीसी अभिनेत्री जूडिथ गॉडरेच ने आरोप लगाया है कि जैक्वॉट ने उनके साथ छह साल तक बलात्कार किया और शारीरिक शोषण किया। यह सिलसिला तब शुरू हुआ, जब वह 14 साल की थीं। गॉडरेच ने 'मीटू' लहर शुरू करने में अग्रणी भूमिका निभायी थी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने कहा कि अभिनेत्री इसिल्ड ले बेस्को और एक अन्य अभिनेत्री द्वारा जैक्वॉट के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे न्यायाधीश कर रहे हैं।

ईरान में राष्ट्रपति चुनाव के लिए पुनः मतदान प्रारंभ

दुबई, एजेंसी

- **राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद देश में हो रहे चुनाव**

ईरान में पिछले महीने एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के मारे जाने के बाद शुक्रवार को देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव हो रहे हैं जिसमें मुकाबला कट्टरपंथी परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और सुधारवादी मसूद पेजेश्कियन के बीच है। इससे पहले 28 जून को मतदान के शुरुआती दौर में किसी भी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं मिले जिसके कारण दोबारा मतदान कराए जा रहे हैं।

जेल में बंद नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित कई लोगों ने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया है। मतदाताओं को कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली और हार्ट सर्जन तथा लंबे समय से संसद सदस्य रहे मसूद पेजेश्कियन के बीच चुनाव करना है जिन्होंने सुधारवादियों और ईरान के शिया धर्मतंत्र में उदारवादियों के साथ खुद को जोड़ा है। देश के गृह मंत्री अहमद वहीद के पास चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने का जिम्मा है और उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र सुबह आठ बजे खुल गए। देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई ने अपने आवास में मतदान किया। उन्होंने कहा मुझे पता चला है कि लोगों में पहले से अधिक उत्साह है।

लोग मतदान करें और सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार चुनें। हालांकि, खामेनेई ने बुधवार को कहा कि जिन लोगों ने पिछले सप्ताह मतदान नहीं किया था, वे देश के शिया धर्मतंत्र के खिलाफ नहीं थे। चुनाव स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे समाप्त होगा लेकिन भागीदारी बढ़ाने के लिए पारंपरिक रूप से इसे मध्यरात्रि तक बढ़ा दिया जाता है। पेजेश्कियन के समर्थक चेतावनी दे रहे हैं कि जलीली जीतने पर तेहरान में तालिबान जैसी सरकार लाएंगे। वहीं जलीली ने पेजेश्कियन पर भय फैलाने का आरोप लगाया है।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज

मुंबई। गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी मेहता का भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया रिलीज हो गया है। लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में दिखाया गया है कि एक युवा पत्नी जोकि बहुत सुंदर है, वह अपने पति से बहुत प्यार करती है और वह अपने पति की तारीफों के पुल बांध रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत राजा जी के पातर कमरिया के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को करिश्मा कक्कड़ ने गाया है। वीडियो में चांदनी मेहता नजर आ रही हैं। इस गाने को आशुतोष तिवारी ने लिखा है।

फिल्म अल्फा में नजर आएंगी आलिया भट्ट-शरवरी वाघ

मुंबई। बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और शरवरी बाघ स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा में काम करती नजर आएंगी। यशराज फिल्म्स की पहली फीमेल लीड स्पाई मूवी का टाइटल अल्फा रखा गया है। फिल्म के टाइटल के साथ पहला वीडियो यशराज फिल्म्स ने सोशल मीडिया मेकर्स ने रिवील कर दिया है, जिसमें आलिया की आवाज में बैकग्राउंड में सुनाई दे रही हैं। आलिया कहती हैं, ग्रीक एल्फाबेट का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का मोटो। सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर, ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और हर जंगल में राज करेगा एक अल्फा। अल्फा के टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में आखिरी में फिल्मिंग नाऊ भी लिखा गया है।आलिया भट्ट ने अल्फा के टाइटल वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये अल्फा का टाइम है...गर्ल्स!

बदलाव मानसूनी बारिश में आई तीन गुना से अधिक कमी

जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून पर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जलवायु परिवर्तन का गहरा असर नैनीताल के मानसून में नजर आता है। जिसमें तीन गुना तक कमी दर्ज की गई है। विश्व विख्यात इस हिल स्टेशन के मानसूनी बारिश में भारी अनिरन्तरता देखने को मिली है। इस नगर में मानसून के दौरान तीन हजार मिमी से अधिक वर्षा हुआ करती थी, जो गिरकर हजार मिमी से भी नीचे जा पहुची है।

अतीत गवाह है , 25 वर्ष पहले तक नैनीताल का मानसून झूमकर बरसा करता था। बरसा की तीव्रता को ध्यान में रखते हुए मानसून में शायद ही कार्यक्रम निर्धारित किए जाते थे। मगर वर्ष 2000 के बाद मौसम में तब्दीली आनी शुरु हो गई। दरअसल यह वह वही नगर है, जिसके अपने क्षेत्रीय बारिश का भी एक चक्र हुआ करता था। जिसे लोकल बारिश कहा जाता था। जून के शुरुआत में यह बारिश हुआ करती थी। इसकी वजह अत्यधिक नमी हुआ करती थी, जिसमें अब भारी कमी आ जाने के कारण लोकल बारिश का दौर लगभग समाप्त हो चुका है। जानकार बताते हैं कि लोकल बारिश 200 मिमी तक होती थी। मानसूनी बारिश को लेकर एक और बदलाव खंड वृष्टि के रूप में देखने को मिली है।

2015 से 23 के बीच 10 वर्ष में हुई मानसून का आंकड़ा

जलवायु परिवर्तन है कारण

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पर्यावरण वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन ने नैनीताल की बारिश को प्रभावित किया है। जिस कारण मानसून ही नही, बल्कि पश्चिमी विक्षोभ की बारिश में बदलाव आया है। मगर इस बार ला नीना प्रभाव के चलते उम्मीद है कि मानसून की बारिश में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी होगीं।